जबलपुर
सोमवार, 5 अक्टूबर 2026
आश्विन मास कृष्ण पक्ष-9
वर्ष : 21, अंक : 153
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 34
न्यून. 22

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

13 चमकदार रोशनी और संगीतमय शो से...



विचार पेज
8 क्यों है चुनाव आयोग संदेह के...

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखे
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

हरिभूमि सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
05 अक्टूबर 2026
कूपन नं. 7

राज्य शासन ने किसी भी टैक्स में नहीं की असामान्य बढ़ोतरी

केंद्र की तय लिमिट में ही 'मार्च 2027' तक परियोजनाओं के लिए कर्ज लेगी राज्य सरकार

- विकास कार्यों के लिए राज्य सरकार आरबीआई के माध्यम से प्रतिस्पर्धी दरों पर प्राप्त कर रही है कर्ज
- सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) बढ़ने के साथ बढ़ी प्रदेश की ऋण क्षमता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र सरकार का कहना है कि सरकार सुदृढ़ राजकोषीय प्रबंधन के साथ सड़क, एक्सप्रेस-वे, सिंचाई, बांध, नहर, विद्युत, मेडिकल कॉलेज, स्कूल-कॉलेज और अन्य बड़ी अधोसंरचना परियोजनाओं पर तेज गति से कार्य कर रही है। इन परियोजनाओं के लिए आवश्यक राशि की व्यवस्था के लिए राज्य सरकार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम तथा केंद्र सरकार की ओर से निर्धारित ऋण सीमा के अधीन भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के माध्यम से ऋण लेती है।

आरबीआई प्रत्येक मंगलवार को नीलामी करता है, जिसमें राज्य सरकारें अपनी जरूरत के अनुसार माह में दो बार भाग लेती हैं। मप्र के लिए मंगलवार का दिन तय



फाइल फोटो

मप्र की ऋण सीमा लगभग 87 हजार करोड़ रुपए तय

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भारत सरकार ने मप्र की ऋण सीमा लगभग 87 हजार करोड़ रुपए तय की है। राज्य सरकार ने सितंबर तक आरबीआई के माध्यम से 37 हजार 400 करोड़ रुपए का ऋण प्राप्त किया है। आरबीआई के ई-कुबेर प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्टेट डेवलपमेंट लोन (एसडीएल) के लिए प्रतिस्पर्धी बोलियां प्राप्त की जाती हैं। इसके तहत आरबीआई के माध्यम से बाजार से न्यूनतम और अनुकूल ब्याज दरों पर ऋण प्राप्त किया जाता है। पूर्व वर्षों में लिए गए ऋणों का शत-प्रतिशत पुनर्भुगतान समय पर हो रहा है।

वेतन तथा लाड़ली बहना के लिए कोई कर्ज नहीं लिया

मप्र में आरबीआई के माध्यम से प्राप्त होने वाला ऋण हमेशा पूंजीगत व्यय, अर्थात सड़क, बिजली, सिंचाई जैसे विकास कार्यों के लिए लिया जाता है। वेतन तथा लाड़ली बहना जैसी सामाजिक दायित्व की योजनाओं जैसे दैनंदिन राजस्व व्यय के लिए सरकार द्वारा पृथक से कोई ऋण नहीं लिया जाता। विकास कार्यों के लिए संसाधन जुटाने राज्य शासन ने किसी भी टैक्स में असामान्य बढ़ोतरी नहीं की है।

जीएसडीपी का 3 प्रतिशत कर्ज

संविधान के अनुच्छेद 293(3) के तहत राज्य सरकारें केंद्र सरकार की सहमति से ऋण लेती हैं, जिसकी वार्षिक सीमा सामान्यतः सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का अधिकतम 3 प्रतिशत होती है। जीएसडीपी में बढ़ोतरी होने से राज्य सरकारों की ऋण लेने की क्षमता भी बढ़ जाती है।

खबर संक्षेप

अस्पताल में प्रसूता की मौत परिजनों लगाए आरोप

राजगढ़। जिला अस्पताल के एमसीएच विंग में डिलीवरी के कुछ घंटों बाद 19 वर्षीय अमरीबाई



तंवर निवासी अमेरपुरा की अत्यधिक रक्तस्राव से मौत हो गई। महिला ने देर रात सामान्य प्रसव से स्वस्थ शिशु को जन्म दिया था। परिजनों ने ड्यूटी स्टाफ पर रिश्वत मांगने और ब्लीडिंग की शिकायत को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। पूर्व विधायकों ने अस्पताल परिसर में धरना दिया।

भाजपा नेता से जुड़े मकान से 59 लीटर अवैध शराब जब्त

दतिया। सिविल लाइन पुलिस ने उनाव रोड स्थित बस बाड़ी के पास एक मकान से 58 लीटर 950



मिलीलीटर देशी और अंग्रेजी शराब बरामद की है। जब्त शराब की कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के मुताबिक, मकान भाजपा के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष बद्री साहू से जुड़ा है। कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने 3 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर छापा मारा था।

नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ जबरन मांग में भरा सिंदूर

बांका। बिहार के बांका जिले में स्कूल से घर लौट रही नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ और



जबरन मांग में सिंदूर डालने का मामला सामने आया है। घटना रविवार की है। छात्रा की मां ने छह नाबालिगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि स्कूल से साइकिल से लौट रही छात्रा को गांव के पास रास्ते में रोक लिया गया। उसके साथ छेड़छाड़ की गई और एक आरोपी ने जबरन मांग में सिंदूर भर दिया।

मुख्यमंत्री ने 9.04 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को अंतरित की 36.17 करोड़ की बोनस राशि, कहा

मंडला में टाइगर सफारी जू बनेगा यहां पान की खेती फिर शुरु होगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन, रानी दुर्गावती, एवं राजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ शाह के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मंडला में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को वन्य जीवों के देखने की स्थानीय सुविधा के लिए मंडला में टाइगर सफारी जू बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले इस जिले में पान की खेती हुआ करती थी, यह स्थानीय लोगों की आमदनी का बड़ा जरिया थी। इसीलिए अब मंडला में पान की खेती पुनः प्रांरभ की जाएगी। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि मंडला जिले के मोहगांव और घुघरी में शासकीय महाविद्यालय खोला जाएगा। मंडला में लघु वनोपज का बहुतायत में संग्रहण होता है। इसीलिए मंडला में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के अधीन लघु वनोपज की प्रोसेसिंग यूनिट खोली जाएगी। मुख्यमंत्री रविवार को मंडला जिले में प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के सदस्यों के प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम व तेंदूपत्ता बोनस वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए।

- मोहगांव और घुघरी में खुलेगा महाविद्यालय
- लघु वनोपज की प्रोसेसिंग यूनिट खोली जाएगी



मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरित करते सीएम डॉ. यादव

मंडला में 8 वनमंडलों के तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिली वर्ष 2024 की बोनस राशि

84 वन समितियों के 40 हजार सदस्यों को दिया 26.56 लाख का काष्ठ लाभांश

21 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिलेगा 139 करोड़ बोनस

मुख्यमंत्री ने मंडला में प्रदेश के 8 वन मंडलों के 9 लाख 4 हजार 126 तेंदूपत्ता संग्राहकों को वर्ष 2024 के बोनस के रूप में 36 करोड़ 17 लाख 37 हजार 518 रुपए की बोनस राशि का अंतरण किया। जिले के पूर्व और पश्चिम वन मंडल, सिवनी जिले के उत्तर एवं दक्षिण वन मंडल, बालाघाट जिले के उत्तर और दक्षिण वन मंडल सहित डिंडोरी एवं जबलपुर वन मंडल के तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस राशि का लाभ मिला।

460 करोड़ के 74 विकास कार्यों की सौगात दी

डॉ. यादव ने मंडला जिले को लगभग 460 करोड़ रुपए की लागत वाले 74 विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी। इसमें 263 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 47 विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं 197 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 27 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने यहां 75.28 करोड़ रुपए से बनने वाले 19 शासकीय हाईस्कूल शाला भवनों, 33.92 करोड़ रुपए से मंडला में बनने वाले नवीन एकीकृत कलेक्टर कार्यालय भवन, 14.80 करोड़ रुपए से मंडला में बनने वाले नर्सिंग कॉलेज भवन तथा एक करोड़ रुपए से मंडला में स्थापित होने वाले ट्राइबल मल्टीपर्पज मार्केटिंग सेंटर (टीएमएमसी) के भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया।

4 सांदीपनि विद्यालय भवनों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने 137.11 करोड़ रुपए की लागत से निवास, बिछिया, घुटास और सागर कस्बे में नवनिर्मित चार सांदीपनि विद्यालय भवनों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत जिले के मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण भी किया। उन्होंने इन होनहार विद्यार्थियों को स्कूटी की चाबी देकर अपने हाथों से हेलमेट पहनाया और इन्हें खूब पढ़-लिखकर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।



थाने के बाहर एसीपी के खिलाफ एफआईआर की मांग करते आंदोलनकारी

3 महिला पत्रकारों से बदसलूकी

पार्लियामेंट स्ट्रीट 'थाने के बाहर' प्रदर्शन, क्राइम ब्रांच करेगी जांच

जंतर-मंतर पर कवरेज के दौरान एसीपी पर छेड़छाड़ और धक्का देने का आरोप

प्रियंका ने पीएम - गृह मंत्री से पूछे सवाल, राहुल ने अमित शाह से मांगा जवाब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के जंतर-मंतर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन की कवरेज के दौरान 3 महिला पत्रकारों ने पुलिस अधिकारियों पर बदसलूकी और यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। एक महिला पत्रकार ने एसीपी विवेक भगत पर सीने पर हाथ मारने और धक्का देने का आरोप लगाया है। नेहा बोरा ने आरोप लगाया कि उनका अंतरवस्त्र खींचा गया। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के कार्यकर्ताओं ने रविवार को पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने के बाहर प्रदर्शन किया। सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने एसीपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की।



सीजेपी प्रवक्ता थाने में पहुंचे

प्रियंका और राहुल ने उठाए सवाल

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मामले पर नाराजगी जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से सवाल किया कि वे इस घटना पर ध्यान क्यों नहीं दे रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि दिल्ली की महिलाएं और छात्राएं सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और सत्याग्रह कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस गृह मंत्रालय के अधीन है, इसलिए गृह मंत्री अमित शाह को इस मामले में जवाब देना चाहिए।

समस्याओं पर प्रशासन से नाराज

सावित्री ठाकुर के 'निवास' पर धरना देंगे विधायक कालू सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ धार

धरमपुरी से भाजपा विधायक कालू सिंह ठाकुर ने धामनोद नगर की जनसमस्याओं का समाधान नहीं होने पर केंद्रीय



सावित्री ठाकुर



कालू सिंह

राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर के निवास के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करने का ऐलान किया है। वे 9 अक्टूबर से धरने पर बैठेंगे। विधायक का आरोप है कि धामनोद की समस्याओं को लेकर उन्होंने पूर्व और वर्तमान कलेक्टर, एसपी, एसडीएम तथा तहसीलदार सहित कई अधिकारियों को बार-बार अवगत कराया।

श्रद्धालुओं से सतर्क रहने की अपील

पं. शास्त्री बोले: धाम में आने वाली महिलाएं अकेले न आएं



सेवादार पर आंख मूंदकर भरोसा न करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ छतरपुर

बागेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने विशेष अपील की है। शनिवार रात दिव्य दरबार के दौरान उन्होंने माताओं-बहनों से कहा कि वे धाम में अकेले आने से बचें। यदि अकेले आना पड़े तो किसी अनजान व्यक्ति या सेवादार पर आंख मूंदकर भरोसा न करें।

नीरू ढांडा रहीं भारत की ध्वजवाहक

85 पदकों के साथ चौथे स्थान पर रहा भारत

एशियन गेम्स 2026 का समापन, दोहा में होंगे अगले खेल समारोह में 'वन एशिया' यानी एक एशिया का संदेश दिया गया



नीरू ढांडा ध्वजा के साथ

नागोया। जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से शुरू हुए एशियन गेम्स 2026 का रविवार को भव्य समापन समारोह के साथ समापन हो गया। मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में आयोजित समारोह में ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) का झंडा कतर की राजधानी दोहा को सौंपा गया। वर्ष 2030 में अगले एशियाई खेलमें आयोजित होंगे।

साधक अब सामान्य कपड़ों में आएंगे नजर

शिष्य की आत्महत्या के बाद हुए कई बदलाव

संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम में दर्शन और दीक्षा पर लगी रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मथुरा

वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज के केली कुंज आश्रम में दर्शन और दीक्षा पर रोक लगाए जाने की जानकारी सामने आई है। इसके साथ ही आश्रम से जुड़े साधक-साधिकाओं के ड्रेस कोड में भी बदलाव किया गया है।

अब अधिकांश साधक सफेद वस्त्र और पीला अचला पहनने के बजाए सामान्य कपड़ों या कुर्ता-पायजामा में नजर आएंगे। माना जा रहा है कि आश्रम से जुड़े जबलपुर



केली कुंज आश्रम

निवासी साधक रसिक दुलारी शरण उर्फ दीपक लोधी की आत्महत्या के बाद ये कदम उठाए गए हैं। दर्शन और दीक्षा पर रोक कब तक रहेगी, यह स्पष्ट नहीं है।

आश्रम से लापता किशोर बरामद

हाथरस। प्रेमानंद महाराज के आश्रम से लापता बताए जा रहे हाथरस के सादाबाद निवासी 16 वर्षीय अनुज चौधरी को पुलिस ने बरसाना के एक आश्रम से सकुशल बरामद कर लिया है। अनुज के लापता होने पर परिजनों ने वृंदावन में प्रेमानंद महाराज के आश्रम के बाहर धरना दिया था।

तत्कालीन पीडब्ल्यूडी सचिव पर अनियमितताओं के आरोप

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ केरलम में विजिलेंस जांच के आदेश

2006 में मलेशियाई इंजीनियर का सुसाइड मामला खुला, बढ़ सकती हैं ज्ञानेश कुमार की मुश्किलें

एजेंसी ⏭ तिरुवनंतपुरम

केरलम के गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के केरल में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के सचिव रहने के दौरान कथित अनियमितताओं से जुड़े मामले में विजिलेंस जांच के आदेश दिए हैं। यह मामला वर्ष 2006 में मलेशियाई सिविल इंजीनियर ली सी बीन की आत्महत्या से भी जुड़ा है। गृह मंत्री के अनुसार शिकायत



ज्ञानेश कुमार

में आरोप लगाया गया है कि उस समय हुई जांच बाहरी प्रभाव के कारण प्रभावित हुई थी। ली सी बीन इंडो-मलेशियाई संयुक्त उद्यम पीएटीआई-बेल कंसोर्टियम से जुड़े थे। यह कंसोर्टियम केरल स्टेट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट (केएसटीपी) के तहत तिरुवनंतपुरम और अंगमाली को जोड़ने वाले एमसी रोड के उन्नयन का काम कर रहा था। शिकायत के मुताबिक सड़क परियोजना के भुगतान जारी करने के बदले तत्कालीन पीडब्ल्यूडी सचिव ज्ञानेश कुमार पर रिश्वत मांगने के आरोप लगाए गए थे। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। जांच का आदेश कांग्रेस नेता मलयालमकीझु वेणुगोपाल की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर दिया गया है।

यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब कांग्रेस, अन्य विपक्षी दल और युवा संगठन कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) पूरे भारत में मतदाता सूचियों के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

पुरानी जांच पर भी उठे सवाल

शिकायत में दावा किया गया है कि वर्ष 2006 में शुरू हुई विजिलेंस जांच आगे नहीं बढ़ सकी और बाद में बंद कर दी गई। इंजीनियर के कथित सुसाइड नोट में भी ज्ञानेश कुमार का नाम होने की बात कही गई है। चेन्निथला ने कहा कि जांच राजनीतिक बदले की भावना से नहीं कराई जा रही है। विजिलेंस एंड एंटी-करप्शन ब्यूरो आरोपों और जांच में कथित बाहरी हस्तक्षेप की पड़ताल करेगा।

भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने राज्यसभा उम्मीदवारों का किया ऐलान

उत्तराखंड से दिनेश आर्य और पश्चिम बंगाल से मल्लिक को बनाया प्रत्याशी

इसके पहले अभिनेत्री और राजनेता कोयल टीएमसी से रास में सांसद रह चुकीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने उत्तराखंड में होने वाले राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव और पश्चिम बंगाल में होने वाले राज्यसभा उपचुनाव 2026 के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। भाजपा ने उत्तराखंड से दिनेश आर्य और पश्चिम बंगाल से रुक्मिणी मल्लिक (कोयल मल्लिक) को उम्मीदवार बनाया है। दिनेश आर्य उत्तराखंड में राज्यस्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष (दर्जा राज्यमंत्री), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह



धामी के जनसंपर्क अधिकारी, भाजपा के नैनीताल के पूर्व जिलाध्यक्ष और अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रह चुके हैं। हर दो साल में होने वाले चुनावों में जिन 11 सीटों पर वोटिंग होनी है, उनमें से 10 उत्तर प्रदेश से और एक उत्तराखंड से है।

11 सीटों पर होगा मतदान, इसमें 10 तो केवल उत्तर प्रदेश से संबंधित



दिनेश आर्य



कोयल मल्लिक

बंगाली फिल्मों से जुड़ी कोयल की पहचान

रुक्मिणी मल्लिक अभिनेत्री और राजनेता हैं, जिन्हें पेशेवर तौर पर कोयल मल्लिक या सिर्फ कोयल के नाम से जाना जाता है। उन्हें मुख्य रूप से बंगाली फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है। रुक्मिणी मल्लिक टीएमसी से राज्यसभा सदस्य रह चुकी हैं। बता दें कि उत्तर प्रदेश की 10 और उत्तराखंड की 1 सीट पर द्विवार्षिक चुनाव होंगे जबकि पश्चिम बंगाल की एक सीट पर उपचुनाव होगा। इन सभी सीटों पर 16 अक्टूबर को मतदान होगा।

भाजपा की जीत तय

उत्तराखंड की बात करें तो यहां राज्य विधानसभा में भाजपा के पास मजबूत बहुमत है। इस वजह से उत्तराखंड में भाजपा अपनी सीट बनाए रखने की मजबूत स्थिति में नजर आ रही है। इसी तरह, पश्चिम बंगाल की बात करें तो यहां भी राज्य विधानसभा में अपनी मजबूती के कारण पार्टी राज्यसभा सीट जीतने की स्थिति में है।

महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव

भाजपा ने 3 उम्मीदवारों के नाम किए घोषित

मुंबई। महाराष्ट्र विधान परिषद के स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर भाजपा ने नामों की घोषणा कर दी है। पुणे से डॉ. स्मिता योगेश जाधव,नागपुर से सुधाकर विट्ठलराव कोहले ,पुणे शिक्षक सीट से कौस्तुभ मुरलीधर गावडे चुनाव लड़ेंगे।



इस तरह किया गया महायुति में सीट बंटवारा

महायुति ने इन चुनावों के लिए 3:1:1 का सीट बंटवारा फॉर्मूला तय किया है। महायुति में भाजपा के अलावा शिंदे की शिवसेना और सुनेत्रा पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल है। तय फॉर्मूले के तहत भाजपा 3 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी।

खबर संक्षेप

कन्हैयालाल हत्याकांड में 5 की जमानत खारिज

जयपुर। राजस्थान हाई कोर्ट ने कन्हैया लाल हत्याकांड से जुड़े 5 आरोपियों की जमानत याचिकाएं



खारिज कर दी हैं। सीजे संजय अग्रवाल और न्यायमूर्ति समीर जैन की पीठ ने वसीम अली, मुस्लिम खान, मोहसिन खान, मोहम्मद मोहसिन और आसिफ हुसैन की याचिकाओं पर फैसला सुनाया।साथ ही सख्त टिप्पणी भी की।

फौजी का शव लेकर लौट रहे बेटे समेत 4 की मौत

सुल्तानपुर । यूपी के सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार को सुबह सैनिक का पार्थिव शरीर ले



जा रही एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। हादसा हलियापुर थाना क्षेत्र के जरई कला के पास हुआ। इस हादसे पर सीएम योगी ने दुख जताया है। योगी ने कहा दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दुःखद है।

उदयनिधि स्टालिन पर एफआईआर दर्ज

धारापुरम। तमिलनाडु के धारापुरम विधानसभा उपचुनाव के बीच विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन



की मुश्किल बढ़ गई है। तिरुपुर पुलिस ने उनके खिलाफ चुनाव प्रचार में एक बच्चे को कथित तौर पर शामिल करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। शनिवार को धारापुरम शहर में पेरियार की प्रतिमा के पास एक चुनावी सभा हुई थी।

1 करोड़ की स्मैक लेकर घूम रहा तस्कर अरेस्ट

सहारनपुर। मिर्जापुर थाना पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने गांव आलमपुर में चेकिंग के दौरान



492 ग्राम स्मैक के साथ शातिर नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग एक करोड़ है। आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर ,नशे की तस्करी के मुकदमे दर्ज है।

एसआईआर का जबरदस्त विरोध और सीईसी ज्ञानेश के इस्तीफे की मांग तेज

जंतर-मंतर की ओर बढ़े प्रदर्शनकारी, आइसा अध्यक्ष नेहा समेत आप के कई प्रदर्शनकारियों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया

कई प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर लगाया बदसलूकी का आरोप, ड्रोन से निगरानी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एसआईआर प्रक्रिया के विरोध और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली में नागरिक मार्च किया। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के नेतृत्व में निकाला जा रहा मार्च इंडिया गेट से शुरू होकर जंतर-मंतर की ओर बढ़ा। वहीं प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच नोकझोंक की खबर भी सामने आई है। मार्च में आइसा अध्यक्ष नेहा बोरा समेत सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न छात्र संगठनों के सदस्य शामिल रहीं। वहीं दूसरी तरफ इंडिया गेट की ओर मार्च कर रहे आप कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है। मार्च को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। जनपथ मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-2 के पास जंतर-मंतर की ओर जाने वाले रास्ते पर पुलिस ने बैरिकेड लगाकर आवाजाही रोक दी है। लोगों पर पुलिस की नजर रही। मौके पर धीरे-धीरे पुलिस की संख्या भी बढ़ाई गई।

ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन के नेतृत्व में निकाला था मार्च

इस दौरान पुलिस के बीच नोकझोंक की खबर भी सामने आई



आप कार्यकर्ता सड़क पर उतरे, नारेबाजी की

दिल्ली में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। इंडिया गेट की ओर मार्च कर रहे आप कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया। दिल्ली आप के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि पुलिस उनके साथ बदसलूकी कर रही है। उन्होंने कहा कि वे मुझे उठाकर इधर-उधर ऐसे फेंक रहे हैं, जैसे मैं कोई फुटबॉल हूं। यहां बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद है, फिर भी वे अपने ही एसीपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं कर रहे और न ही एसीपी को गिरफ्तार कर रहे हैं।

महाराष्ट्र के मंत्री शेलार ने ठाकरे बंधुओं की रैली को बताया 'लोमड़ियों का मार्च'

महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा नेता आशीष शेलार ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ रविवार को शिवसेना



(उबाठा) और मनसे की विरोध रैली को विश्व पशु दिवस पर आयोजित 'लोमड़ियों के मार्च' करार दिया। शेलार ने शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे और अन्य विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि वे चुनाव जीतने में असमर्थ रहने के कारण निर्वाचन आयोग और ईवीएम पर सवाल उठा रहे हैं। शेलार ने कहा कि आज विश्व पशु दिवस है। रैली और उसके नाम को देखकर मुझे लगता है कि यह 'गर्जना' मोर्चा नहीं, बल्कि 'कोल्हेकुई' (लोमड़ियों का मार्च) है। लोमड़ियां कह रही हैं कि अंगूर खट्टे हैं। वे असमर्थता के लिए निर्वाचन आयोग को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

गर्जना मार्च में गरजे मनसे प्रमुख राज ठाकरे

महाराष्ट्र में एसआईआर पूरी तरह से रद्द हो, बैलेट पेपर से हों चुनाव

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने महाराष्ट्र में चल रही एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर बड़ा सवाल उठाया है। मुंबई में रविवार को गर्जना मार्च के मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने मांग की है कि महाराष्ट्र में कराई जा रही पूरी एसआईआर प्रक्रिया को रद्द किया जाए। राज ठाकरे का कहना है कि कानून के मुताबिक एसआईआर तभी कराया जाता है, जब किसी तरह की आपात स्थिति पैदा हो।





एसआईआर की जरूरत ही क्या?

महाराष्ट्र में एसआईआर प्रक्रिया को रद्द किया जाना चाहिए। यहां उसकी जरूरत ही नहीं।

पहले लाखों वोटर जोड़े गए अब करोड़ों हटाए जा रहे

राज ने दावा किया 40 -60 लाख वोटर जोड़े गए थे और सत्ता हासिल की। अब 2 करोड़ को बाहर किया जा रहा है।

महाराष्ट्र में छात्रों का शक्ति प्रदर्शन

एमपीएससी आंदोलन में उतरेंगे दीपके, सरकार को दी चेतावनी

महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के आंदोलन को समर्थन देने के लिए छात्र नेता अभिजीत दीपके पुणे पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा है कि राज्य में 20 लाख से अधिक युवा इन परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। दीपके ने सरकार को उनकी आवाज सुनने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ये मतदाता भी हैं। युवाओं की नाराजगी का जवाब मिलेगा।



युवाओं की आवाज को सुने सरकार

दीपके ने अपने संदेश में कहा कि अगर सरकार आज युवाओं की आवाज नहीं सुनती है, तो कल यही युवा अपने वोट के जरिए सरकार को जवाब देंगे। उनका बयान ऐसे समय आया है, जब एमपीएससी अभ्यर्थियों का सत्याग्रह चल रहा है।

रोहित पवार ने दी जानकारी

रोहित पवार ने सोशल मीडिया पर बताया कि छात्र नेता दीपके बुधवार शाम एमपीएससी अभ्यर्थियों के सत्याग्रह में शामिल होने और आंदोलन को समर्थन देने पहुंच रहे हैं।

सीएम सुवेंदु का बड़ा ऐलान

बंगाल में 6 माह में लागू होगा यूसीसी यहां 'लव और लैंड जिहाद' होगा बंद

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने कहा है कि राज्य में



उत्तराखंड और गुजरात की तर्ज पर यूसीसी लागू की जाएगी। सरकार 'लव जिहाद' और 'लैंड जिहाद' के खिलाफ भी कानून बनाएगी। इन कानूनों को अगले छह महीने में लाने की तैयारी है। इसके अलावा कहा कि पूर्व सीएम ममता के खिलाफ जांच की जाएगी।

सरकार संविधान के अनुसार काम करेगी

सुवेंदु ने कोलकाता में आयोजित विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के एक कार्यक्रम में कहा कि उनकी सरकार संविधान के अनुसार काम करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार भारतीय संस्कृति पर किसी भी तरह का हमला नहीं होने देगी और पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक धार्मिक पर्यटन सर्किट भी विकसित किया जाएगा।

शिक्षा मंत्रालय का अहम फैसला

5 शास्त्रीय भाषाओं के लिए बनेंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शास्त्रीय भाषाओं के अध्ययन को बढ़ावा देने शिक्षा मंत्रालय ने



शास्त्रीय भाषाओं के रिसर्च के लिए 5 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' को मंजूरी दी है। केंद्र भारत की समृद्ध भाषाई और साहित्यिक विरासत पर शोध, संरक्षण, डिजिटलीकरण और उसे व्यापक स्तर पर फैलाने का काम करेगी।

असमिया, शास्त्रीय बंगाली, मराठी, पाली और प्राकृत भाषाएं होंगी शामिल

मंत्रालय ने शास्त्रीय असमिया, शास्त्रीय बंगाली, मराठी, पाली और प्राकृत भाषाओं के अध्ययन के लिए 5 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित करने को मंजूरी दी है। इन शास्त्रीय भाषाओं से जुड़े उच्च-स्तरीय एकेडेमिक रिसर्च, भाषाई और साहित्यिक विरासत के संरक्षण व डिजिटाइजेशन और ज्ञान के व्यापक प्रसार के लिए स्पेशल इंस्टीट्यूशनल सहयोग मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री शिवराज और सीएम नायडू ने बुर्रीपालेम से भरी विकास की हुंकार

केंद्र सरकार ने दी आंध्रप्रदेश को 3 लाख पक्के आवासों की 'ऐतिहासिक सौगात'

एजेंसी ▶▶ गुंटूर

आंध्र प्रदेश के समग्र विकास और ग्रामीण उत्थान को नई गति देते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुंटूर जिले के बुर्रीपालेम गांव में राज्य को 3,600 करोड़ की लागत से 3 लाख पक्के आवासों की बड़ी सौगात दी। प्रदेश के सीएम नारा चंद्रबाबू नायडू की गरिमामयी मौजूदगी में चौहान ने देश की पहली 3डी कंक्रीट प्रिंटिंग तकनीक से बनने वाली 177 पायलट आवास परियोजना की नींव रखी। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की 'एक और एक ग्यारह' वाली जोड़ी राज्य को देश का नंबर-1 राज्य बनाने के लिए 360 डिग्री विकास कर रही है।

पायलट आवास परियोजना की नींव रखी



3-डी कंक्रीट प्रिंटिंग हाउसिंग पायलट परियोजना की शुरुआत भी की

तेनाली मंडल में ग्रामीण विकास की दिशा में कीर्तिमान बना। चौहान तथा नायडू ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण 2.0) के तहत 3 लाख पक्के मकानों की सौगात गरीबों को दी। देश की पहली 3 डी कंक्रीट प्रिंटिंग हाउसिंग पायलट की नींव रखी।

कैप्टन मच्छार को लेकर भाजपा ने राहुल पर साधा निशाना

वोट बैंक के डर से वे चुप क्यों? परिवार ने अब तक उन पर एक शब्द नहीं बोला

सुधांशु ने कसा तंज मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने रविवार को प्रेस वार्ता कर कैप्टन स्मित मच्छार पर गांधी परिवार की चुप्पी को लेकर



निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कैप्टन स्मित ने पूरे देश और दुनिया को हैरान कर दिया है। पूरा देश उनकी उपलब्धि पर गर्व करता है। लेकिन कांग्रेस के 'पहले परिवार' की तरफ से उनके बारे में एक भी शब्द नहीं कहा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कैप्टन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बात की है और इस्त्राइल के प्रधानमंत्री, अमेरिका के राष्ट्रपति ने उनकी तारीफ की। कांग्रेस के पहले परिवार की तरफ से कैप्टन स्मित मच्छार के बारे में एक भी शब्द, पोस्ट या प्रेस बयान नहीं आया है।

बाटला एनकाउंटर में सोनिया रोईं, अब हमदर्दी क्यों नहीं?

उन्होंने कहा कि उस परिवार की मुखिया सोनिया गांधी ने कभी बाटला हाउस एनकाउंटर के आरोपियों के लिए आंसू बहाए थे, फिर भी कैप्टन के लिए उनकी आंखों में हमदर्दी की कोई झलक नहीं दिखती। 'बिगड़ैल राजकुमार' राहुल, जो गाजा को लेकर इतने दुखी थे और ट्वीट्स, कांग्रेस वर्किंग कमेटी के प्रस्तावों और अखबारों के लेखों के जरिए दुख जाहिर कर रहे थे, वे अब 'वोट बैंक' से इतने डरे हुए लगते हैं कि इस मामले पर उनके मुंह से एक शब्द भी नहीं निकलता। मेरा मानना है कि पूरे देश को कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के इस व्यवहार को बहुत गंभीरता से लेना चाहिए।

गुजरात पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर लूट पर की ताबड़तोड़ कार्रवाई

कुछ ही घंटे में लुटेरे अरेस्ट, 4 करोड़ का सोना बरामद

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात पुलिस ने ज्वैलर के कर्मचारी से कीमती सामान चोरी होने की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की। घटना के कुछ घंटे में ही पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया और 4 करोड़ कीमत का 2 किलो 900 ग्राम सोना बरामद किया। यह सोना खेड़ा जिले के एक रेलवे स्टेशन से चुराया गया था। पुलिस ने बताया कि शनिवार शाम हुई लूट के कुछ ही घंटों बाद अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस और रेलवे पुलिस (जीआरपी) की संयुक्त टीमों ने संदिग्धों को विरमगाम के पास पकड़ लिया। आरोप है कि लुटेरों के एक गिरोह ने एक ज्वैलर के कर्मचारी से कीमती सामान छीन लिया।

चार लुटेरों से 2 किलो 900 ग्राम सोना जब्त किया



पीड़ित ने पुलिस को दी गाड़ी का जानकारी

यह कर्मचारी कोलकाता से सोना लेकर नडियाद रेलवे स्टेशन पहुंचा था। बताया जा रहा कि चोरी के बाद पीड़ित ने आरोपियों का पीछा किया और उनकी गाड़ी की तस्वीर लेने में कामयाब रहा। इसके बाद उसने पुलिस को इसकी जानकारी दी।

इस तरह पकड़े गए शातिर

अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस ने गाड़ी के रजिस्ट्रेशन की जानकारी और मोबाइल फोन सब्सक्राइबर डिटेल रिकॉर्ड डेटा के आधार पर भागने के संभावित रास्तों का पता लगाया। संदिग्धों के बनासकांठा जाने का संकेत मिला। पुलिस ने अहमदाबाद जिले के विरमगाम के पास संदिग्ध कार का पता लगाया और पाया कि बिना नंबर वाली एक गाड़ी जा रही थी। पुलिस की टीमों ने बिना नंबर वाली गाड़ी को रोकने के लिए ट्रक से नाकाबंदी की और मौके पर ही एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया।

इंस्पेक्टर को 500 मीटर घसीटा

पुलिस को देखते ही संदिग्धों ने कार गढ़वी की पुलिस गाड़ी से टकरा दी और पीछे से भागने की कोशिश की। गढ़वी ने चलती कार का दरवाजा पकड़कर कार के अंदर पहुंचने, हैंडब्रेक खींचने और गाड़ी को रोकने में कामयाब रहे। इस दौरान उन्हें लगभग 500 मीटर तक घसीटा गया। पुलिस के दूसरे कर्मचारियों ने तुरंत कार अपने कब्जे में लिया और उसमें सवार लोगों को गिरफ्तार किया।

यूक्रेन में भारतीय दवा कंपनी कुसुम ग्रुप के फार्मास्युटिकल प्लांट पर रूसी ड्रोन ने मचाई तबाही

रूस ने यूक्रेन पर किया हमला: भारत की दवा कंपनी तबाह, 400 करोड़ का नुकसान, 1 की जान भी गई

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन में भारतीय दवा कंपनी कुसुम ग्रुप के फार्मास्युटिकल प्लांट पर रूसी ड्रोन से भीषण हमला हुआ है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, यह हमला यूक्रेन के सूमी शहर स्थित प्लांट पर हुआ, जिससे इमारत का मुख्य ढांचा लगभग पूरी तरह तबाह हो गया है। हताहतों और घायलों की संख्या में अभी बदलाव हो सकता है।

यूक्रेन के सूमी शहर में भारतीय कारोबारी राजीव गुप्ता की दवा बनाने वाली फैक्ट्री थी


कीव के नॉर्दर्न ब्रिज पर भी हुआ धमाका

बढ़ सकता मौत का आंकड़ा

हमले के तुरंत बाद सामने आए वीडियो और तस्वीरों में ड्रोन टकराने वाली जगह से धुएं का एक बहुत बड़ा गुबार उठता दिखाई दिया। रूस-यूक्रेन युद्ध के पूरे दौर में भी प्लांट लगातार काम करता रहा था, लेकिन इस हमले से इसे भारी नुकसान पहुंचा है। प्रारंभिक अनुमानों के मुताबिक, इस हमले में कंपनी को कम से कम 400 करोड़ रुपये का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। रूस ने यूक्रेन के सूमी शहर में भारतीय कारोबारी राजीव गुप्ता की दवा बनाने वाली फैक्ट्री पर ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। हमले के बाद फैक्ट्री वाले इलाके से धुएं का बड़ा गुबार उठता दिखाई दिया। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों और घायलों की संख्या आगे बदल सकती है। यह फैक्ट्री रूस की सीमा से करीब 23 किलोमीटर दूर है।


यूक्रेन में सूमी शहर की दवा कंपनी में हुआ धमाका

युद्ध के दौरान भी चलता रहा सूमी का प्लांट

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद भी सूमी की यह फैक्ट्री काम करती रही थी। अब रूसी ड्रोन हमले में इसकी मुख्य इमारत को भारी नुकसान पहुंचा है और फैक्ट्री का मुख्य काम रुक गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, गर्मियों से रूस यूक्रेन में रोज बड़ी संख्या में शहीद ड्रोन भेज रहा है। ये ड्रोन जेट इंजन से चलते हैं और अपेक्षाकृत कम कीमत के हैं। यूक्रेन की एयर डिफेंस टीमों को इन्हें रोकने में मुश्किल हो रही है।

यूक्रेन में रूसी हमलों में 6 की मौत

रूस ने 3 अक्टूबर की सुबह यूक्रेन पर किए ताजा हमले में कम से कम 6 लोगों की मौत हुई। इस दौरान राजधानी कीव के नॉर्दर्न ब्रिज को भी नुकसान पहुंचा। हमला ऐसे समय पर हुआ है जब जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज रविवार को स्पेशल ट्रेन से एक दिन के दौरे पर कीव पहुंचे हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि इस ब्रिज का इस्तेमाल यूक्रेनी सेना के सैनिकों और सैन्य सामान की आवाजाही के लिए होता है। पिछले तीन दिनों में रूसी हमलों के कारण डिनप्रो नदी पर बने कीव के 6 में से 3 सड़क पुलों पर पूरी या आंशिक रूप से आवाजाही बंद करनी पड़ी है। रूस ने शुक्रवार और शनिवार रात यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव और आसपास के इलाकों में ड्रोन और गाइडेड बमों से हमला किया था। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनेहुबोव के मुताबिक इन हमलों में 5 लोगों की मौत हुई और 40 से ज्यादा घायल हुए।

खबर संक्षेप

भारत की मदद से कंबोडिया बारूदी सुरंग से मुक्त

नोमपेन्ह। कंबोडिया के कोह कोंग प्रांत में भारत समर्थित परियोजना के तहत करीब 1,98,000 वर्ग मीटर भूमि से बारूदी सुरंगें साफ कर स्थानीय समुदाय को सौंप दी गईं। इससे काओ पाओ गांव के करीब 134 परिवारों को फायदा होगा। भारतीय दूतावास की उप प्रमुख तनु प्रिया और कंबोडियाई अधिकारी मौके पर मौजूद थे। दशकों के संघर्ष के कारण देश के बड़े हिस्से में अब भी बारूदी सुरंगें हैं। इस मौके पर नोम पेन्ह स्थित भारतीय दूतावास की मिशन की उप प्रमुख तनु प्रिया और कंबोडिया के अधिकारी मौजूद थे।



भारत को सलाहः विनिमय दर को बचाव तंत्र बनने दें

वाशिंगटन। आईएमएफ ने कहा है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के दरें बढ़ाने से वैश्विक वित्तीय स्थितियां सख्त होंगी। उसने भारत को सलाह दी कि वह विनिमय दर को बचाव तंत्र के रूप में काम करने दे। फेड ने 17 सितंबर को जुलाई 2023 के बाद पहली बार दरें बढ़ाईं और एक और बढ़ोतरी का संकेत दिया। प्रवक्ता के मुताबिक मजबूत वृद्धि, भरोसेमंद मुद्रास्फीति ढांचे और पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार से भारत मजबूत स्थिति में है। आईएमएफ प्रवक्ता ने कहा, हालांकि, भारत इस दौर में मजबूती की स्थिति के साथ प्रवेश कर रहा है।



अमेरिका प्रत्यर्पण का विरोध कर रहे भारतीय दंपती

लंदन। भारतीय मूल के ब्रिटिश कारोबारी सुखी घुम्मण (48) और उनकी पूर्व पत्नी किरनजीत (48) अमेरिका प्रत्यर्पण का विरोध कर रहे हैं। उन पर अमेरिका में अनुमोदन-रहित कैंसर दवाओं के जरिये मेडिकेयर समेत स्वास्थ्य योजनाओं से लाखों डॉलर की धोखाधड़ी का आरोप है। दोनों ने आरोप नकारे हैं। वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत में सुनवाई हुई। उन पर दवा तस्करी का भी एक आरोप है। कैलिफोर्निया और एरिजोना में उनके नियंत्रण वाले कैंसर उपचार केंद्रों में इन दवाओं का मरीजों पर इस्तेमाल किया गया।



म्यूनिख लीडर्स मीटिंग में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

अमेरिका ने जानबूझकर खुद को अकेली 'शक्ति' बनाया, चीन के उभार से ही यूएस का बदला रुख


एजेंसी ▶▶ म्यूनिख

उभरती और मध्यम शक्तियों के बीच जहां उनके हितों का सीधा टकराव नहीं

अमेरिका-चीन की प्रतिस्पर्धा का दुनिया पर दिख रहा असर

अमेरिका और चीन दोनों देश एक -दूसरे पर रखते हैं नजर

चीन खुद को एक विशिष्ट देश के रूप में देखता है दोनों में स्पर्धा

यह बदलाव उसकी पसंद का है और एक तरह से उसने जानबूझकर खुद को अधिक अकेली शक्ति बनाया है। उन्होंने कहा कि दूसरी प्रमुख विशेषता चीन का उभार है। जयशंकर के अनुसार, चीन खुद को एक विशिष्ट देश के रूप में देखता है और वैश्विक स्तर पर दोनों के बीच काफी तीखी प्रतिस्पर्धा है। विदेश मंत्री ने कहा कि यह प्रतिस्पर्धा केवल अमेरिका और चीन तक सीमित नहीं है। उनके अनुसार, इसने किसी भी देश के पास मौजूद किसी भी प्रभाव या साधन के इस्तेमाल को एक हथियार के रूप में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि यह प्रतिस्पर्धा आपसी निर्भरता की जटिलता के साथ-साथ चल रही है।

यूरोपीय देशों से गहरी साझेदारी कर हो सकता है वैश्विक लाभ

विदेश मंत्री ने कहा, यूरोप दुनिया को बहुत कुछ दे सकता है। गहरी साझेदारी के लिहाज से इससे बड़ा लाभ हो सकता है। कभी-कभी मुझे लगता है कि यूरोप खुद भी शायद इसके बारे में पर्याप्त रूप से जागरूक नहीं है।ह उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में यूरोप समग्र रूप से अधिक एकजुट हुआ है और इसलिए वैश्विक मंच पर बहुध्रुवीय व्यवस्था के एक ध्रुव के रूप में उसकी विश्वसनीयता भी बढ़ी है। जयशंकर ने कहा, आज यूरोप के पास वास्तव में एक बहुत मजबूत पक्ष है और सच कहूं तो भारत जैसे देश के लिए यूरोप से जुड़ने और उसके साथ अपने संबंधों को विकसित करने का यह बेहद मजबूत आकर्षण है।

उभरती और मध्यम शक्तियों के सहयोग पर जोर

जयशंकर ने कहा कि उभरती और मध्यम शक्तियों के बीच जहां उनके हितों का सीधा टकराव नहीं है, वहां वे आपसी सहयोग को मजबूत करने में रुचि रखती हैं। उन्होंने कहा कि इन देशों का अमेरिका और चीन के साथ सहयोग करना भी स्वाभाविक है। उन्होंने इसके उदाहरण के तौर पर क्वाड का जिक्र किया। कनेक्टिविटी के क्षेत्र में उन्होंने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा, अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा और नॉर्दर्न सी रूट का जिक्र किया। जयशंकर ने कहा कि ब्रिक्स भी इसका एक उदाहरण है, जहां विभिन्न पक्षों को लगता है कि उनकी सामूहिक आवाज अलग-अलग आवाजों की तुलना में अधिक प्रभावी है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन का भी उल्लेख किया। जयशंकर ने कहा कि इन दोनों पहलों की शुरुआत भारत ने की और वे सफल रही हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक व्यवस्था में कई देश, जरूरी नहीं कि वे प्रमुख शक्तियां हों, अपने हितों के अनुसार एक साथ आ रहे हैं। उनके अनुसार, ऐसे देश काम करने की व्यवस्थाएं बनाते हैं, एजेंडा तैयार करते हैं, संगठन विकसित करते हैं और सहयोग की आदतें विकसित करते हैं। उन्होंने इसे आज की बदलती वैश्विक व्यवस्था का हिस्सा बताया।

बहुध्रुवीयता के तेज उभार का भी जिक्र

जयशंकर ने वैश्विक स्तर पर बहुध्रुवीयता के तेजी से उभरने का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देशों के लिए ऐसे कई पक्षों के साथ संबंध रखना जरूरी हो गया है, जिनके साथ अपने हितों को हमेशा आसानी से एक जैसा बनाना संभव नहीं होता, लेकिन जिनके साथ संबंध रखना वास्तविकता है। उन्होंने इसे रजोखिमों को संतुलित करते हुए आगे बढ़ने की रणनीति बताया। जयशंकर ने कहा कि इस स्थिति के बहुपक्षवाद पर पड़ने वाले प्रभावों को भी देखना होगा। उन्होंने कहा कि बहुपक्षवाद पहले से ही दबाव में है क्योंकि संयुक्त राष्ट्र जैसी प्रमुख बहुपक्षीय संस्था में गतिरोध स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस बदलती स्थिति का एक परिणाम छोटे-छोटे समूहों के रूप में भी सामने आ सकता है।

आतंकी के फोन से खुला राज

जंगल में घायल पड़ा आतंकी मूसा, जख्मों पर लगाता रहा शहद

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में मारे गए लश्कर-ए-ताइबा के शीर्ष कमांडर मोहम्मद आसिफ उर्फ हाशिम मूसा के बारे में एक अहम जानकारी सामने आई है। जंगल में छिपे रहने के दौरान वह गोली के घावों पर शहद लगाकर अपना इलाज करता था। पाकिस्तान सेना के विशेष सेवा समूह का पूर्व कमांडो रहा मूसा सुरक्षा बलों से बचने के लिए पुंछ और राजोरी के जंगलों में लंबे समय तक छिपा रहा। इसी हफ्ते बडगाम जिले के यूसमर्ग में सुरक्षा बलों के अभियान में उसे मार गिराया गया। अधिकारियों के अनुसार, राजोरी के डोरिमल-गंभीर मुगला इलाके में ऑपरेशन शेरूवाली के दौरान मूसा को गोली लगी थी। इसके बाद सुरक्षा घेरे के कारण उसे चिकित्सकीय उपचार नहीं मिल सका।



पांच साल से एजेंसियों के निशाने पर

मूसा करीब पांच साल से जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियों की तलाश में था। अधिकारियों ने उस पर एक दर्जन से अधिक आतंकी हमलों में शामिल होने का आरोप लगाया है। इनमें अप्रैल 2023 में पुंछ के भाटा धुरियां में हुआ हमला शामिल है, जिसमें पांच जवान शहीद हुए थे। मई 2023 में राजोरी के कांडी जंगल में हुए विस्फोट में पांच कमांडो मारे गए थे। दिसंबर 2023 में पुंछ के डेरा की गली में हुए हमले में चार सैन्यकर्मियों की जान गई थी। मई 2024 में शासितार के पास भारतीय वायुसेना के काफिले पर हुए हमले में एक जवान की मौत हुई थी।

यासिर के फोन में मिलीं तस्वीरें

अधिकारियों ने बताया कि सितंबर के पहले सप्ताह में यूसमर्ग के ऊंचाई वाले इलाके में मारे गए आतंकी यासिर के फोन से मूसा के घावों की तस्वीरें मिली थीं। इन तस्वीरों को सीमा पार मौजूद उसके हैंडलरों तक भेजा गया था ताकि उन्हें मूसा की स्थिति की जानकारी मिल सके। बताया गया है कि हैंडलर शहद के शुद्ध होने पर भी जोर दे रहे थे ताकि घाव जल्द भर सकें।

पहले भारत के साथ कर चुकी समझौता

अमेरिका की कंपनी पावरस पाक को देगी ड्रोन तकनीक


एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी रक्षा कंपनी पावरस ने पाकिस्तानी सेना के साथ ड्रोन तकनीक को लेकर समझौता किया है। कंपनी ने 16 सितंबर को पाकिस्तानी सेना के साथ समझौता ज्ञापन किया, जिसमें मानवरहित हवाई प्रणाली का शुरुआती ऑर्डर भी शामिल है। कंपनी ने ऑर्डर की पुष्टि की है, लेकिन तकनीक और कीमत का खुलासा नहीं किया गया है। पावरस इससे पहले भारतीय कंपनी पारस डिफेंस के साथ गार्डियन-1 प्रणाली पर भी समझौता कर चुकी है, इसलिए यह घटनाक्रम भारत के लिए खास मायने रखता है। पावरस के सह-संस्थापक ब्रेट वेलिकोविच के मुताबिक ऑर्डर की सटीक जानकारी गोपनीय रखी गई है। कंपनी की योजना आगे पाकिस्तान में संयुक्त तकनीकी साझेदारी और निर्माण व्यवस्था बनाने की भी है।

खुफिया जानकारी लीक करने का आरोप

पाकिस्तानी एजेंट के हनीट्रैप में फंसा नेवी का जवान, गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ कोयंबटूर

आंध्र प्रदेश पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) सेल ने इंडियन नेवी के जवान प्रदीप मुखर्जी को कोयंबटूर से गिरफ्तार किया है। उस पर पाकिस्तानी महिला खुफिया एजेंट को डिफेंस की सेंसिटिव जानकारी देने का आरोप है। रिपोर्ट के मुताबिक, एजेंट ने जवान को हनीट्रैप में फंसाया था। प्रदीप कोयंबटूर के रेड फील्ड्स स्थित इंडियन नेवल शिप (आईएनएस) अग्रणी में मैनेजमेंट डेवलपमेंट कोर्स कर रहे थे। कुछ महीने पहले महिला



एजेंट ने सोशल मीडिया के जरिए प्रदीप से संपर्क किया था। उसने धीरे-धीरे उनसे दोस्ती बढ़ाई और विशाखापट्टनम नेवल बेस से जुड़ी जानकारी ली। काउंटर इंटेलिजेंस की स्पेशल टीम शनिवार सुबह आईएनएस अग्रणी पहुंची और प्रदीप को हिरासत में ले लिया।



नेतन्याहू ने कैप्टन स्मित को दिया न्योता कहा

पीएम नरेंद्र मोदी के साथ आइए, मशाल जलाएंगे

विमान को क्रश करना चाहता था आतंकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फ्लाईदुबई एयरलाइन के भारतीय पायलट कैप्टन स्मित माछर से करीब 6 मिनट फोन पर बात की।



उन्होंने कहा- आप भारत और इजराइल के लोगों के सच्चे हीरो हैं। आप पूरी दुनिया के हीरो हैं। नेतन्याहू ने स्मित को इजराइल आने का न्योता भी दिया। उन्होंने कहा- मैं आपको और अपने दोस्त पीएम नरेंद्र मोदी को अगले स्वतंत्रता दिवस पर जश्न की मशाल जलाने का न्योता देना चाहता हूं। नेतन्याहू ने कैप्टन स्मित से पूछा कि फ्लाइट में आखिर हुआ क्या था। स्मित ने बताया कि हमले से पहले को-पायलट ने नमाज करने की बात कही थी। इसके कुछ मिनट बाद उसने अचानक उन पर हमला कर दिया। जिस कुल्हाड़ी से हमला किया था वो भी बेहद खतरनाक है।

11 मई को इजराइल में होगा बड़ा आयोजन

बता दि कि इजराइल का स्वतंत्रता दिवस योम हा अत्जमाउत कहलाता है। यह हिब्रू कैलेंडर के 5 इयार को मनाया जाता है। इसलिए ग्रेगोरियन कैलेंडर में इसकी तारीख हर साल बदलती रहती है। 2027 में स्वतंत्रता दिवस 12 मई को होगा। इसका समारोह 11 मई की शाम से शुरू होगा। इसी दौरान यरुशलम के माउंट हर्जल पर मशाल जलाने का खास समारोह आयोजित किया जाता है।

बाढ़ जैसी विभीषिका से बचाव के चर्चा करेंगे वैज्ञानिक

नई दिल्ली। नेपाल में हिमनद फटने की घटना के बाद आयी हालिया बाढ़ की विभीषिका के मद्देनजर ऐसी घटनाओं की पुनरावृति की रोकथाम के लिए पर्यावरणीय उपायों पर चर्चा के वास्ते पड़ोसी देश में अगले वर्ष की शुरुआत में एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 'नासा' के एक वैज्ञानिक के अलावा भारत के 'पद्मश्री' से सम्मानिक समुद्री विज्ञान के विशेषज्ञ डॉ. अजय कुमार सोनकर को विशिष्ट वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है।

एवरेस्ट पैकेटबंद जीरा पाउडर होगा वापस

नई दिल्ली। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने जांच में असुरक्षित पाए गए एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स के पैकेटबंद जीरा पाउडर को बाजार से तत्काल वापस मंगाने का आदेश दिया है। एफ एस एस एआई ने गंभीर स्वच्छता संबंधी कमियों के कारण क्रिएटिव बेकर्स एंड कन्फेक्शनर्स प्राइवेट लिमिटेड का खाद्य लाइसेंस भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एफ एसएसएआई ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए देशभर में खाद्य सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की कार्रवाई जारी है। प्राधिकरण ने बताया कि गोवा में रिवरसाइड रिजॉर्ट्स एंड हॉलिडे होम्स प्राइवेट लिमिटेड के परिसर से जीरा पाउडर का नमूना लिया गया था। खाद्य विश्लेषक की रिपोर्ट में एजोक्सीस्ट्रोबिन और थायामेथोक्साम नामक कीटनाशकों के अवशेष निर्धारित अधिकतम सीमा से अधिक पाए गए। इसके बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत नमूने को 'असुरक्षित' घोषित किया गया। कंपनी को रिपोर्ट के खिलाफ अपील का अवसर दिया गया। इसके बाद नमूना खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया। वहां भी जांच में दोनों कीटनाशकों के अवशेष निर्धारित सीमा से अधिक पाए गए और नमूने को 'असुरक्षित' घोषित किया गया। इसके बाद एफएसएसएआई ने संबंधित खेप के जीरा पाउडर को बाजार से तत्काल वापस मंगाने का निर्देश दिया। एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स को वापस मंगाए गए उत्पाद का पूरा रिकॉर्ड रखने और इसकी रिपोर्ट प्राधिकरण को सौंपने को कहा गया है।

प्रदेश को शाह की दो सौगातें: एक तरफ दुग्ध उत्पादक किसानों का कल्याण तो दूसरी ओर नवीन न्याय संहिताओं पर प्रदर्शनी



केंद्रीय सहकारिता और गृह मंत्री अमित शाह ने भोपाल के राज्य स्तरीय गोपालक सम्मेलन को संबोधित किया।



नवीन न्याय संहिताओं पर आधारित प्रदर्शनी।



प्रदर्शनी में केंद्रीय जेल का मॉडल प्रस्तुत किया गया।

भारतीय न्याय व्यवस्था में हुए महत्वपूर्ण बदलावों से लेकर 14 अलग-अलग जोन में सजीव मॉडलों का प्रदर्शन

भारतीय न्याय व्यवस्था में हुए महत्वपूर्ण बदलावों से आम आदमी का ज्ञानवर्धन कराती है सजीव प्रदर्शनी



कार्यक्रम में उद्बोधन देते केंद्रीय गृह मंत्री शाह।

- नागरिक, विद्यार्थी, युवाओं और कानून में रुचि रखने वालों के लिए उपयोगी है प्रदर्शनी
- केंद्रीय मंत्री शाह, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवीन न्याय संहिताओं पर आधारित प्रदर्शनी शुरू की
- भेल दशहरा मैदान पर 7 अक्टूबर तक जारी रहेगा यह नवाचार



न्याय संहिता आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन करते केंद्रीय गृह मंत्री शाह और मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवीन न्याय संहिताओं पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। भेल दशहरा मैदान पर आयोजित यह प्रदर्शनी 7 अक्टूबर तक चलेगी। इसमें भारतीय न्याय व्यवस्था में हुए महत्वपूर्ण बदलावों, नवीन न्याय संहिताओं के प्रावधानों तथा अपराध की सूचना प्राप्त होने से लेकर विवेचना, फॉरेंसिक जांच, अभियोजन, न्यायालयीन कार्यवाही और अंतिम न्याय तक की संपूर्ण प्रक्रिया को 14 अलग-अलग जोन में सजीव मॉडल, डिजिटल तकनीक, वीडियो, चार्ट प्रदर्शित किया गया है।

पांच दिवसीय प्रदर्शनी, नवीन न्याय संहिताओं के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से केंद्रीय गृह मंत्रालय के मार्गदर्शन में आयोजित की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह को प्रदेश में नवीन न्याय संहिताओं के क्रियान्वयन की दिशा में संचालित गतिविधियों, सायबर सुरक्षा एवं जागरूकता, मप्र पुलिस के सामाजिक अभियानों और नवाचारों से अवगत कराया। उद्घाटन अवसर पर वरिष्ठ विधायक एवं अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, अपर मुख्य सचिव गृह संजय शुक्ला और पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना मौजूद थे। प्रदर्शनी के उद्घाटन में सचिव गृह शिल्पा गुप्ता, केंद्र सरकार के अधिकारी तथा प्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

आपातकालीन नंबर डायल-112 की कार्यप्रणाली का सजीव प्रदर्शन

प्रदर्शनी का जोन एक नवीन न्याय संहिताओं के परिचय पर केंद्रित है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए), 2023 के प्रमुख प्रावधानों तथा उनके व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी गई है। डायल-112 प्रणाली के एकीकरण तथा आधुनिक स्टेट कमांड सेंटर की तकनीकी क्षमताओं का सजीव प्रदर्शन किया गया है। क्राइम सीन और फॉरेंसिक जाँच से संबंधित जोन-3 में अपराध स्थल के वास्तविक 3डी मॉडल के माध्यम से घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम की भूमिका, वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन तथा साक्ष्यों की अनिवार्य वीडियो रिकॉर्डिंग की प्रक्रिया प्रदर्शित है।



न्याय संहिता आधारित प्रदर्शनी में प्रस्तुत कोर्ट का दृश्य।

चिकित्सा सेवाओं एवं मेडिकल साक्ष्य को समर्पित जोन-5 में पीड़ितों के उपचार की प्रस्तुति

जोन-4 थाना प्रणाली एवं प्रारंभिक जाँच पर केंद्रित है। इसमें पुलिस थाने के मॉडल के माध्यम से विवेचना के प्रारंभिक चरण, ई-एफआईआर, जीरो एफआईआर एवं सीसीटीएनएस से संबंधित सेवाओं और प्रक्रियाओं की जानकारी इस जोन में दी गई है। चिकित्सा सेवाओं एवं मेडिकल साक्ष्य को समर्पित जोन-5 में पीड़ितों के उपचार, मेडिकल परीक्षण, पोस्टमार्टम तथा समयबद्ध मेडिकल रिपोर्ट के माध्यम से आपराधिक न्याय प्रणाली में स्वास्थ्य विभाग की भूमिका को दर्शाया गया है।

चार्जशीट तैयार करने से लेकर न्यायालय में प्रभावी पैरवी तक की जानकारी

न्याय प्रक्रिया में फॉरेंसिक साइंस लैब के महत्व को जोन 6 में प्रदर्शित किया गया है। इस जोन में डीएनए, फिंगरप्रिंट, बैलिस्टिक एवं डिजिटल फॉरेंसिक जैसी वैज्ञानिक जाँच तकनीकों के माध्यम से अपराध के वैज्ञानिक अनुसंधान और साक्ष्यों की विश्वसनीयता बढ़ाने की प्रक्रिया दिखाई गई है। जोन-7 में अभियोजन की भूमिका पर केंद्रित है। जोन-8 में जिला न्यायालय पर केंद्रित है।



न्याय संहिता आधारित प्रदर्शनी।

जेल सुधार, जेल मैनुअल में हुए बदलाव

जोन-9 जेल सुधार एवं ई-प्रिजन व्यवस्था को समर्पित है। यहां जेल सुधार, जेल मैनुअल में हुए बदलाव, पैरोल, बंदियों के पुनर्वास कार्यक्रम तथा ई-प्रिजन प्रणाली की कार्यप्रणाली का लाइव डिस्प्ले किया है। जोन-10 उच्च न्यायालय की गरिमापूर्ण पीठ को दर्शाता है। यहां मप्र उच्च न्यायालय, जबलपुर के मुख्य कोर्ट रूम का स्वरूप प्रदर्शित किया गया है।

ऑनलाइन ई-जीरो एफआईआर की प्रक्रिया की जानकारी

इसी क्रम में जोन-11 में नक्सल उन्मूलन में उपलब्धियाँ प्रदर्शित हैं। यहां प्रदेश में नक्सलवाद के उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा पुलिस की उपलब्धियों को फोटोग्राफिक एवं डिजिटल माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। जोन-12 साइबर सुरक्षा एवं जागरूकता से संबंधित है। जोन-14 में सामाजिक पहल के प्रदर्शन के साथ ही लाइव क्विज रखा गया है।

गोपालक सम्मेलन में शाह ने की शिरकत

उज्जैन में 255 करोड़ के डेयरी प्लांट का लोकार्पण, भोपाल में 16.5 करोड़ की सहकारी प्रयोगशाला शुरू



भोपाल। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को राजधानी में आयोजित गोपालक सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन से पहले उन्होंने तीन नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद पुलिस और न्याय व्यवस्था में आए तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक बदलावों पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। शाह ने दोपहर 12:13 बजे प्रदर्शनी का अवलोकन शुरू किया और विभिन्न काउंटरों पर रुककर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। प्रदर्शनी में नए कानूनों के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली, न्यायिक प्रक्रिया और तकनीक के इस्तेमाल में हुए बदलावों को प्रदर्शित किया गया था। शाह ने जिला एवं सत्र न्यायालय की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व्यवस्था का अवलोकन किया। इसके अलावा जय प्रकाश अस्पताल और जबलपुर हाईकोर्ट की प्रदर्शनी भी देखी। पुलिस विभाग के काउंटर पर करीब दो मिनट रुककर उन्होंने नई कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इसके बाद वे सहकारिता विभाग की प्रदर्शनी में पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी।

255 करोड़ के डेयरी प्लांट का लोकार्पण

प्रदर्शनी के अवलोकन के बाद शाह गोपालक सम्मेलन के मंच पर पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान उज्जैन में 255 करोड़ रुपए की लागत से तैयार तीन लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले डेयरी प्लांट का लोकार्पण किया गया। वहीं भोपाल में 16.5 करोड़ रुपए की लागत से सहकारी क्षेत्र में तैयार पहली प्रयोगशाला का भी शुभारंभ हुआ।

लखपति गोपालक दीदियों और दुग्ध उत्पादकों का सम्मान

कार्यक्रम में लखपति गोपालक दीदी शशिबाई, मनीषा मालवीय, ममताबाई मेवाड़ा, सुषमाबाई और आफरीन को सम्मानित किया गया। सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाले प्रीतिबाई दांगी, संदीप धाकड़ और राजेश धाकड़ को भी सम्मान मिला। डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना के हितग्राही धीरज त्रिपाठी और रितु भार्गव का भी सम्मान किया गया।

50 लाख लीटर दूध कलेक्शन का लक्ष्य

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि सरकार से संगठन और संगठन से उत्पादन की दिशा में काम किया जा रहा है। आने वाले समय में प्रदेश में 50 लाख लीटर दूध के कलेक्शन का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह दूध सांची के माध्यम से उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जा सकेगा।

मंच पर मौजूद रहे कई दिग्गज

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री कृष्णा गौर, एदल सिंह कंसाना, महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

दुर्ग के खुर्सीपार थाना क्षेत्र का मामला

अधेड़ पर छह साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



खुर्सीपार थाना क्षेत्र में 45 वर्षीय मकान मालिक पर छह साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित परिवार की शिकायत मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दिलावर को 3 अक्टूबर को हिरासत में ले लिया है। पुलिस फिलहाल घटना से जुड़े तथ्यों और साक्ष्यों की गहन जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, यौन अपराध की यह घटना 2 अक्टूबर की है। पीड़ित बच्ची अपने परिवार के साथ आरोपी के ही मकान में रहती थी। घटना के बाद जब बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी, तब परिजनों को मामले की जानकारी हुई। अस्पताल में जांच के दौरान चिकित्सकों ने बच्ची के साथ यौन अपराध होने की पुष्टि की। जांच में पुष्टि होने के बाद परिजनों ने खुर्सीपार थाने पहुंचकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

पूर्व में भी आरोपी कर चुका बच्ची के साथ गलत हरकत

परिजनों के अनुसार, दिलावर की लंबे समय से बच्ची पर बुरी नजर थी। आरोपी ने इससे पहले भी बच्ची के साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया था, लेकिन वह अपने प्रयास में सफल नहीं हो पाया था। 2 अक्टूबर को मौका मिलते ही आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है और घटना से जुड़ी जानकारियां एकत्र कर रही है। इसके साथ ही पुलिस बच्ची और परिजनों से भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस मेडिकल जांच तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

चार पुरुष और दो महिलाएं घायल, परिजनों ने घर के एक कमरे में तेंदुए को किया बंद

बीती देर रात एक घर में घुसा तेंदुआ, परिवार के छह सदस्यों पर किया हमला, तीन लोगों की हालत गंभीर, अस्पताल में इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिले के झिटकी गांव में शनिवार और रविवार की दरमियानी रात एक तेंदुआ घर में घुस गया और यादव परिवार के छह सदस्यों पर हमला कर दिया। हमले में चार पुरुष और दो महिलाएं घायल हुए हैं, जिनमें से तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। तेंदुए के हमले के बीच परिजनों ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए उसे घर के ही एक कमरे में बंद कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। इस घटना के बाद से झिटकी गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

यह घटना रात करीब 1:30 बजे की है। 55 वर्षीय उत्तरी बाई बाथरूम जाने के लिए अपने घर से बाहर निकली थीं। उसी समय वहां घात लगाए बैठे तेंदुए ने अचानक उत्तरी बाई पर हमला कर दिया।



चीख- पुकार मचने के बावजूद दिखाया साहस

घर के भीतर चीख-पुकार मचने के बावजूद परिजनों ने सूझबूझ और साहस का परिचय दिया। अपनी जान बचाते हुए परिजनों ने तेंदुए को चालाकी से एक कमरे में कैद कर दिया और दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस और वन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही वन अमला मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को उस घर से दूर रहने की हिदायत दी। वन अमले ने तेंदुए के बंद कमरे के आसपास अपनी निगरानी बढ़ा दी है।

घायलों को 112 से पहुंचाया अस्पताल

तेंदुए के हमले में घायल सभी छह लोगों को आपातकालीन सेवा 112 की मदद से तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को महासमुंद मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में तीन घायलों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें आगे के इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया। वहीं, खबर लिखे जाने तक वन विभाग ने तेंदुए को सुरक्षित बाहर निकालने की तैयारी शुरू कर दी है। तेंदुए को पकड़ने के लिए रायपुर से विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई है। टीम के पहुंचने के बाद तेंदुए के रेस्क्यू की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

रेंगालपाली सर्किल का मामला, वन विभाग अलर्ट

जंगली सुअरों से ग्रामीणों में डर का माहौल जान- माल को पहुंचा रहे नुकसान

रायगढ़। जिले के रेंगालपाली सर्किल में जंगली सुअरों की बढ़ती आवाजाही से ग्रामीणों में भारी डर बना हुआ है। जंगल से बाहर निकलकर जंगली सुअर गांवों के आसपास और खेतों में दाखिल हो रहे हैं। जंगली सुअरों के झुंड रात के समय खेतों में पहुंचकर मूंगफली समेत अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। बीते दिनों कर्राजोर क्षेत्र में एक जंगली सुअर ने एक महिला पर हमला कर दिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बाद ग्रामीणों में डर और चिंता और अधिक बढ़ गई है। ग्रामीणों ने



मामले की जानकारी वन विभाग को दी है। रेंगालपाली सर्किल के अंतर्गत आने वाले झारमुड़ा, सारसमाल, लिंजिर, पुसलदा, जामपाली, सुर्री और कर्राजोर समेत आसपास के गांवों में जंगली सुअरों की आवाजाही लगातार देखी जा रही है। सुअरों के झुंड रात में खेतों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

वन विभाग ने किया इलाके का निरीक्षण

सूचना मिलते ही विभाग की टीम ने प्रभावित गांवों और आसपास के इलाकों का निरीक्षण किया। जंगली सुअरों को पकड़ने के लिए कर्राजोर में दो से तीन पिंजरे लगाए गए हैं। वन रेंजर संजय लकड़ा ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके का जायजा लिया गया था। महिला के घायल होने पर प्रकरण तैयार कर आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पिंजरा लगाकर जंगली सुअर को पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

नवरात्रि से पहले नगर निगम की व्यवस्था पर सवाल

सफाई व्यवस्था ठप, बाजारों में जगह-जगह कचरे के ढेर

जबलपुर। नवरात्रि का पर्व नजदीक है और शहर में बाजारों की रौनक बढ़ने लगी है, लेकिन रविवार को कई प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था बेपटरी नजर आई। गलगला, करमचंद चौक और तुलाराम चौक सहित कई इलाकों में न तो नियमित रूप से झाड़ू लगी और न ही कचरे का उठाव हुआ। सड़क किनारे पड़ा कचरा दिनभर हवा के साथ उड़ता रहा और दुकानदारों की दुकानों तक पहुंचता रहा।स्थानीय लोगों और व्यापारियों का कहना है कि रविवार को सफाई की यह समस्या अब एक दिन की नहीं, बल्कि नियमित होती जा रही है। खासतौर पर बाजारों में रविवार को भी बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में व्यापारिक क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था कमजोर रहने से गंदगी बढ़ती जा रही है।



जनता का सीधा सवाल

शहरवासियों का नगर निगम से सीधा सवाल है कि जब रविवार को बाजार खुले रहते हैं और लोगों की आवाजाही सामान्य दिनों से कम नहीं होती, तो सफाई व्यवस्था को उस दिन कमजोर क्यों छोड़ दिया जाता है? नवरात्रि जैसे बड़े पर्व से पहले नगर निगम को रविवार की सफाई व्यवस्था की समीक्षा कर प्रमुख बाजारों में नियमित सफाई और कचरा उठाव सुनिश्चित करना चाहिए।

नवरात्रि में बढ़ेगी चुनौती

नवरात्रि के दौरान शहर के बाजारों और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर लोगों की आवाजाही और बढ़ेगी। इसके अलावा शनिवार रात से होने वाले भंडारों और अन्य धार्मिक आयोजनों के बाद रविवार को बड़ी मात्रा में कचरा निकलने की संभावना है। ऐसे में यदि रविवार को भी नियमित सफाई और कचरा उठाव नहीं हुआ तो बाजारों में गंदगी की स्थिति और गंभीर हो सकती है। व्यापारियों का कहना है कि सड़क पर पड़ा कचरा वाहनों की आवाजाही और हवा के कारण उड़कर दुकानों के भीतर पहुंचता है। इससे व्यापारिक गतिविधियों के साथ आसपास का वातावरण भी प्रभावित होता है। लोगों का कहना है कि यदि शहर को स्वच्छ रखने और स्वच्छता अभियान को प्रभावी बनाने पर जोर है तो रविवार को भी कम से कम प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में झाड़ू और कचरा उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।

पात्र महिलाओं को तत्काल योजना से जोड़ने की मांग

लाड़ली बहना से वंचित महिलाएं बन सकती हैं चुनावी मुद्दा

जबलपुर। मध्यप्रदेश में अगले साल प्रस्तावित नगरीय निकाय चुनाव और वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव से पहले लाड़ली बहना योजना से पात्रता के बावजूद वंचित महिलाओं का मुद्दा राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बन सकता है। पात्र होने के बावजूद योजना का लाभ नहीं मिलने वाली महिलाओं को तत्काल योजना में शामिल करने की मांग को लेकर मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजा है। संगठन के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार वाधवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में ऐसी महिलाएं हैं, जो योजना की निर्धारित पात्रता पूरी करती हैं, लेकिन तकनीकी कारणों, दस्तावेज संबंधी समस्याओं अथवा सर्वे में नाम दर्ज नहीं होने के कारण उन्हें योजना के तहत मिलने वाली मासिक सहायता राशि का लाभ नहीं मिल पा रहा है। संगठन के पदाधिकारियों भावना निगम, आशीष त्रिपाठी सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि पात्र महिलाओं को योजना का लाभ नहीं मिलना गंभीर विषय है। उन्होंने सरकार से मांग की कि ऐसी महिलाओं की दोबारा जांच कर उन्हें योजना से जोड़ा जाए।

पोर्टल दोबारा खोलने की मांग

संगठन अध्यक्ष डॉ. वाधवानी ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पात्रता के बावजूद योजना से वंचित महिलाओं के लिए पोर्टल दोबारा खोला जाए। इसके साथ ही प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाकर ऐसी महिलाओं को चिन्हित किया जाए और पात्र पाए जाने पर उन्हें योजना में शामिल कर नियमित भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना मध्यप्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली योजनाओं में रही है। ऐसे में यदि पात्र महिलाएं लाभ से वंचित रहती हैं तो इससे उनमें असंतोष पैदा हो सकता है।

चुनाव से पहले बढ़ सकता है मुद्दा

संगठन ने सरकार को आगाह किया है कि आने वाले नगरीय निकाय और विधानसभा चुनाव से पहले योजना से वंचित महिलाओं की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो यह मुद्दा राजनीतिक रूप से बड़ा रूप ले सकता है। संगठन का कहना है कि महिला हित से जुड़ी योजना में पात्र महिलाओं को लाभ से बाहर रखना सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की मंशा के विपरीत है। संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रदेश की प्रत्येक पात्र महिला को लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, लंबित पात्रता मामलों का निराकरण किया जाए और पात्र महिलाओं को नियमित मासिक राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

70 वीं राज्य शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

जबलपुर। 70वीं राज्य शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन आज 5 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया जा रहा है. जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्वे ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में जूडो 14, 17, 19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग एवं गतका 17, 19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग का आयोजन किया जाना है. उद्घाटन कार्यक्रम आज 5 अक्टूबर 2026 को दोपहर 3 बजे एमएलबी स्कूल परिसर जबलपुर में संपन्न होगा. जहां 9 संभागों से चयनित लगभग 700 बालक -बालिका, ऑफिशियल्स सहभागिता करेंगे. उद्घाटन एवं समापन समारोह में विभिन्न शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति भी की जाएगी. उक्त राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं को सफलतापूर्वक करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी गौतम बर्वे,जिला क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाजरा ने सभी संबंधितों से अपील की है।

स्टेंट से ठीक हो गया लकवा

जबलपुर। सेठ मन्नूलाल जगन्नाथ हॉस्पिटल मे एक सत्तर साल के पेशेंट की गर्दन की नस मे स्टेंट लगाकर लकवा ठीक किया गया।



इस संदर्भ में अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर प्रो अमल कांति सेन ने बताया कि अस्पताल लाये गए एक पेशेंट के बाएं तरफ लकवा लगा था जिसके उपचार के लिए दाहिनी गर्दन की नस (लेफ्ट इंटरनल कैरोटिड आर्टरी) मे स्टेंट डालकर खोल दिया. पेशेंट तुरंत दायां भाग हिलाने लगा, दाहिनी आंख बंद करने लगा, जो वह नही कर पा रहा था. तीन दिन बाद पेशेंट पैदल घर गया. गर्दन की नस मे स्टेंटिंग (कैरोटिड आर्टरी स्टेंटिंग) एक मॉडर्न इलाज का तरीका बन गया है आपने बताया कि जब बाएं तरफ लकवा लगता है तो दाहिने तरफ का अंग लकवाग्रस्त हो जाता है और यदि दाहिनी तरफ लकवा का अटैक होता हैं तो उसका असर शरीर के बाएं हिस्से पर होता है गत दिवस क्रिस्प कॉन्फ्रेंस जो मुंबई, के ग्रैंड हयात में आयोजित थी उसमें इस पेशेंट की परेशानी और उसके स्टेंट द्वारा किए गए इलाज का प्रेजेंटेशन दिया।

श्री गोविंदगंज रामलीला : श्रीमुकुटों में की गई प्राणप्रतिष्ठा, जुलूस का जगह-जगह हुआ स्वागत, आज से मंचन

जयश्रीराम के उद्घोष के साथ निकला मुकुट पूजन चल समारोह

जबलपुर। श्री गोविंदगंज रामलीला समिति का 162वां श्रीमुकुट पूजन चल समारोह धूमधाम से निकाला गया। इससे पूर्व रामलीला भवन में व्यास पं. वासुदेव शास्त्री के निर्देशन में विद्वान ब्राम्हणों ने श्री मुकुटों का पूजन विधि विधान से हुआ। भगवान श्रीगणेश, राम-सीता, लक्ष्मण-भरत-शत्रुघ्न, अंजनी किशोर हनुमान और माता गौरी के स्वर्ण जड़ित मुकुटों की प्राणप्रतिष्ठा कराई गई। शाम को पूर्व महापौर प्रभात साहू ने भी श्री मुकुटों का पूजन किया, और भगवा ध्वज दिखा कर चल समारोह को रवाना किया। पूजन के उपरांत श्री साहू ने कहा कि गोविंदगंज रामलीला के श्री मुकुटों का दर्शन करना भाग्य की बात है। यहां के मुकुटों में भगवान का वाश है। इनके दर्शन से अंतरमन में शांति प्रकट होती है। मुकुट पूजन जुलूस रामलीला भवन से प्रारंभ होकर गुड़हाई, कोतवाली, कमानिया, फुहारा, बड़े महावीर, निवाड़गंज, पांडे चोक, बल्देवबाग, चेरीताल, दमोहनाका होते हुए वापस रामलीला प्रांगण में पहुंचा। मुकुट पूजन जुलूस में अध्यक्ष अनिल तिवारी, संरक्षक राकेश पाठक, अरुण दुबे, राजकुमार गुप्ता, मंगू गोयल, मनीष पाठक सहित शहर के गणमान्य नागरिक, सभी पदाधिकारी, पात्र शामिल रहे। रामलीला जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया। जुलूस में साधू मंडली, भजन मंडली, बैंड-धमाल आदि माहौल को धर्ममय बना रहे थे।



आज होगी प्रभु श्रीराम के जन्म की लीला

गोविंदगंज रामलीला के भव्य मंच पर आज सोमवार 5 अक्टूबर को रात्रि 9 बजे से श्री नारद मोह की लीला के साथ रामलीला का मंचन अनुष्ठान शुरू हो जायेगा। नारद मोह, कामदेव चरित्र, मोहिनी स्वयंवर के बाद श्रीराम का जन्म होगा, जिसे उत्सव की तर्ज पर मनाया जायेगा। चारों भाइयों के जन्म पर मंगल गान, प्रसाद वितरण सहित कई आयोजन होंगे। अध्यक्ष श्री तिवारी ने सभी श्रद्धालुओं से भगवान की लीला का दर्शन लाभ लेने की अपील की है।

स्कूलों में पानी को तरसे बच्चे, मानवाधिकार आयोग ने मांगा जवाब

जबलपुर। सरकारी स्कूलों में बच्चों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावों के बीच जबलपुर के कई स्कूलों में पेयजल संकट की तस्वीर सामने आई है। कहीं महीनों से बोरिंग खराब है तो कहीं स्कूल से महज 200 फीट दूर पानी की टंकी होने के बावजूद नल कनेक्शन नहीं दिया गया। पानी के अभाव में बच्चों को पीने के पानी के साथ ही मध्यान्ह भोजन बनाने और बर्तन धोने में भी परेशानी उठानी पड़ रही है। मामले को मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने गंभीरता से लेते हुए संज्ञान लिया है। मीडिया रिपोर्ट के आधार पर जनहित में लिए गए इस मामले की सुनवाई मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकलपीठ ने की। आयोग ने प्रथम दृष्टया इसे मानव अधिकारों के हनन से जुड़ा मामला मानते हुए जबलपुर नगर निगम आयुक्त को संबंधित स्कूलों की स्थिति की जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन दो सप्ताह में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। सुभाष नगर के शासकीय प्राथमिक-माध्यमिक विद्यालय में करीब 200 बच्चे अध्ययनरत हैं। यहां की बोरिंग कई माह से खराब बताई गई है। इसी तरह करमेता के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में करीब 350 बच्चे पढ़ते हैं। स्कूल से लगभग 200 फीट की दूरी पर पानी की टंकी होने के बावजूद अब तक स्कूल में नल कनेक्शन नहीं किया गया है। भरतीपुर स्थित पेशकारी के शासकीय स्कूल में आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित है, जहां करीब 70 बच्चे हैं। यहां भी पेयजल की समस्या बनी हुई है। पानी नहीं मिलने के कारण बच्चों को पीने के लिए पानी उपलब्ध कराने के साथ मध्यान्ह भोजन तैयार करने और बर्तन साफ करने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अपोलो हॉस्पिटल जबलपुर के स्पाइन एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन ने स्पाइन सम्मेलन में अनुभव किए साझा

गंभीर लम्बर स्पाइन स्टेनोसिस के उपचार में डॉ. एडम तेजा ने प्रस्तुत किया 'फोर-क्वाड्रेंट कॉन्सेप्ट'

जबलपुर। डॉ. एडम तेजा ने "द फोर-क्वाड्रेंट कॉन्सेप्ट ऑफ यूबीई डीकंप्रेशन—गंभीर लम्बर कैनाल स्टेनोसिस में पूर्ण न्यूरल डीकंप्रेशन की चरणबद्ध रणनीति" विषय पर अपनी सर्जिकल रणनीति एवं अनुभव साझा किए। गंभीर लम्बर स्पाइनल कैनाल स्टेनोसिस में स्पाइनल कैनाल संकरी होने के कारण स्पाइनल नर्व्स पर दबाव बढ़ सकता है। ऐसे चयनित मामलों में नसों पर बने दबाव को पर्याप्त एवं सुरक्षित रूप से हटाना यानी न्यूरल डीकंप्रेशन, स्पाइन सर्जरी का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य होता है। अपोलो हॉस्पिटल, जबलपुर के स्पाइन एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. एडम तेजा ने इसी गंभीर लम्बर स्पाइन समस्या में यूबीई तकनीक के माध्यम से डीकंप्रेशन को व्यवस्थित एवं चरणबद्ध तरीके से करने के लिए 'फोर-क्वाड्रेंट कॉन्सेप्ट' प्रस्तुत किया। नई दिल्ली में सर गंगा राम हॉस्पिटल एवं शारदा यूनिवर्सिटी के सहयोग से आयोजित प्रतिष्ठित छठे सर गंगा राम स्पाइन ऑपरेटिव कोर्स एवं सातवें ईएसएफआईकॉन-2026 में उन्होंने इस तकनीक और अपने सर्जिकल अनुभवों को देश-विदेश से आए स्पाइन विशेषज्ञों के समक्ष साझा किया। **यूबीई से आधुनिक एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी**- यूबीई यानी यूनिलेटरल बायपोर्टल एंडोस्कोपी आधुनिक न्यूनतम चीरे वाली एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी तकनीक है। इसमें सामान्यतः दो छोटे पोर्ट के माध्यम से एक ओर एंडोस्कोप और दूसरी ओर विशेष सर्जिकल उपकरणों को स्पाइन के संबंधित क्षेत्र तक पहुंचाया जाता है। एंडोस्कोप के माध्यम से सर्जन स्पाइन की संबंधित संरचनाओं को देखते हुए नसों पर बने दबाव को कम करने के लिए आवश्यक डीकंप्रेशन कर सकता है। इस तकनीक का उद्देश्य आवश्यक न्यूरल डीकंप्रेशन करते हुए आसपास के सॉफ्ट टिशू को यथासंभव कम प्रभावित करना होता है।





महाकौशल पत्रकारिता पुरस्कार से परितोष वर्मा सम्मानित

जबलपुर। ज्ञान तीर्थ माधवराव सप्रे संग्रहालय द्वारा भोपाल में आयोजित अलंकरण तथा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओमप्रकाश रावत तथा अध्यक्षता कर रहे अपर मुख्य सचिव एवं बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय के कुलगुरु अनुपम राजन , पूर्व सांसद तथा मध्य प्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के कार्य अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा द्वारा युवा पत्रकार एवं दैनिक जयलोक के संपादक परितोष वर्मा को लक्ष्मीनारायण गुप्त स्मृति महाकौशल पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विशेष रूप से उपस्थित थे इस कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर द्वारा किया गया।

राज्य स्तरीय गौ पालन सम्मेलन में जनेकृविवि का समन्वित कृषि प्रणाली मॉडल बना आकर्षण का केंद्र

जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालयए जबलपुर के कुलपति डॉ प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से विश्वविद्यालय शिक्षाए अनुसंधान एवं विस्तार के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। गौरतलब है कि भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय गौ पालन सम्मेलन अंतर्गत माननीय केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाहए मुख्यमंत्री श्री मोहन यादवए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री विश्वास सारंगए कृषि उत्पादन आयुक्तए श्री केण्सीए गुप्ताए कृषि सचिव श्री निशांत बरबड़े संचालक कृषि श्री उमाकांत भार्गवए उपसचिव कृषि श्री रोहित सिसोनिया एवं अन्य अधिकारियों ने कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर द्वारा प्रदर्शित ष्समन्वित कृषि प्रणाली का अवलोकन किया एवं उसकी सराहना की। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालयए जबलपुर के डॉ एण्केए सक्सेनाए डॉ विकास गुप्ताए डॉ विजय अग्रवाल एवं श्री राकेश मोविया कार्यक्रम में उपस्थित रहें स ज्ञात हो कि समन्वित कृषि प्रणाली के माध्यम से किसान अपनी जमीन और उपयोग में आने वाले विभिन्न अवयवों का और उनके उत्पादों का दक्षता पूर्वक उपयोग करके न सिर्फ अच्छा उत्पादन ले सकते हैंए बल्कि अच्छी.खासी आय भी अर्जित कर सकते हैंए और साथ ही साथ मृदाए फसल और पर्यावरण को भी उचित सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं।



स्कूलों में जल संकट, आयोग ने संज्ञान लेकर मांगा प्रतिवेदन

जबलपुर। सरकारी स्कूलो में बच्चो को जरूरी सुविधाये दिये जाने की घोषणाये कागजी साबित हो रही है और जिम्मेदारो की लापरवाही के कारण शहर के कई स्कूलो में जल संकट बना हुआ है। सुभाष नगर के शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय मे 2 सौ बच्चे पढ़ते है। यहां की बोरिंग कई माह से खराब होने का मामला सामने आया है। करमेता स्थित शासकीय माध्यमिक स्कूल में 350 बच्चे पढ़ते है। स्कूल से 2 सौ फिट दूरी पर पानी की टंकी है, किन्तु आज तक स्कूल में नल का कनेक्शन नही किया गया। भरतीपुर स्थित पेशकारी में शासकीय स्कूल के साथ आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है, जहां 70 बच्चे पढ़ते हैं। यहां भी जल संकट बना हुआ है और बच्चों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है, साथ ही मध्यान्ह भोजन बनाने में और बर्तन धोने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मप्र मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि मीडिया रिपोर्ट के आधार पर जनहित में मामले मां संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई करते हुये, अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह की एकलपीठ ने प्रथम दृष्टया मानव अधिकारो के हनन का मामला मानकर, जबलपुर के नगर निगम आयुक्त से मामले की जांच कराकर, की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में तलब किया है।



काशी एक्सप्रेस से लापता महिला मायके में मिली, पिता को सौंपा

जबलपुर। काशी एक्सप्रेस से लापता हुई 26 वर्षीय महिला को जीआरपी जबलपुर ने सकुशल दस्तयाब कर उसके पिता के सुपुर्द कर दिया। महिला ने पुलिस और न्यायालय के समक्ष दिए बयान में बताया कि वह अपनी इच्छा से मायके गई थी और उसके साथ किसी तरह की जोर-जबरदस्ती या अपराध नहीं हुआ। जीआरपी थाना जबलपुर में अपराध क्रमांक 522/26, धारा 140(3) बीएनएस के तहत महिला शालिनी मिश्रा की गुमशुदगी/अपहरण का प्रकरण दर्ज था। पुलिस के अनुसार महिला 1 अक्टूबर को अपने पिता देवी प्रसाद तिवारी के साथ थाने पहुंची। पूछताछ में उसने बताया कि वह ट्रेन क्रमांक 15018 काशी एक्सप्रेस के एच-1 कोच की बर्थ क्रमांक 4 पर प्रयागराज से मुंबई की यात्रा अपने देवर के साथ कर रही थी। महिला ने बताया कि मुंबई जाने की इच्छा नहीं होने पर वह इटारसी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतर गई और वहां से अपने मायके ग्राम उसरौली, जिला जौनपुर (उत्तर प्रदेश) चली गई। उसने स्पष्ट किया कि वह अपनी इच्छा से मायके में रह रही थी और उसके साथ कोई अपराध नहीं हुआ। पुलिस ने महिला का शासकीय विक्टोरिया अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इसके बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर धारा 183 बीएनएसएस के तहत कथन दर्ज कराए गए। न्यायालय के समक्ष भी महिला ने अपनी इच्छा से मायके में रहने और किसी प्रकार की घटना नहीं होने की पुष्टि की। महिला ने अपने पिता के साथ जाने की इच्छा जताई, जिसके बाद आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी कर उसे पिता के सुपुर्द कर दिया गया।

गोरखपुर और पनागर में रंगदारी की वारदात

जबलपुर। शहर में शराब पीने के लिए रुपए मांगने और रुपए नहीं देने पर मारपीट करने के दो मामले सामने आए हैं। गोरखपुर थाना क्षेत्र में तीन युवकों ने शराब पीने के लिए रुपए मांगे और मना करने पर युवक के साथ मारपीट कर दी। वहीं पनागर में दुकान से सामान लेने के बाद रुपए मांगने पर तीन युवकों ने दुकानदार के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। दोनों मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जय बजरंग व्यायाम शाला एवं पावर जिम के संचालक एस तंडेलू, शैलेंद्र श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में मिली सफलता

पावर लिफ्टिंग बेंच प्रेस प्रतियोगिता में 93 कैटेगरी में मिला गोल्ड मेडल

जबलपुर। जिला स्तरीय क्लासिक बेंच प्रेस चैंपियनशिप का शुभारंभ कम्युनिटी हॉल, ईस्ट लैंड, खमरिया में हुआ। कामगार यूनियन ओएफके स्पोर्ट्स क्लब एवं जबलपुर जिला पावर लिफ्टिंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह स्पर्धा महिला एवं पुरुष वर्ग में 4 अक्टूबर तक आयोजित की गयी। जिसमें प्रथम स्थान - प्रकाश चौकसे को मिला। इस दौरान सहयोगी आशुतोष पांडे विनोद नंदावर सौरभ शर्मा रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि आयुध निर्माणी खमरिया के मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण कुमार पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीपीएमएस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथियों में ओएफके के खेल अधिकारी ऋषि पाल, ओएफके ले स्पोटूस क्लब के सचिव एन.व्ही. 5 आर. श्रीहरि तथा महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डॉ. प्रशांत में मिश्रा मौजूद रहे। चैंपियनशिप में सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर स्तर और मास्टर्स वर्ग के करीब 150 प्रति महिला एवं पुरुष खिलाड़ी हिस्सा लिया। संघ के सचिव एवं विक्रम अवॉर्डी एस. तंडेलू, ललित जॉन, विन्स्टन



लाल, दत्ता भाऊ, कोषाध्यक्ष मान सिंह परस्ते, राजेंद्र चढ़ारिया, रूपेश पाठक, प्रेम लाल सेन, दीपक सैनी, मनोहर कोली, दीपक टिंगरे, भूपेंद्र सोनी सहित संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

आईएमए जबलपुर का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

जबलपुर। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद, जबलपुर आशीष दुबे, आईएमए मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बी. एम. शरणागत, विशिष्ट अतिथि एवं डीन, एलएनएससीबी मेडिकल कॉलेज डॉ. नवनीत सक्सेना, आईएमए स्टेट प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. पुष्पराज भटेले एवं सीएमएचओ जबलपुर डॉ. नवीन कोठारी की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ आईएमए जबलपुर के अध्यक्ष पद की शपथ डॉ. अमिता सक्सेना एवं सचिव पद की शपथ डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव ने ग्रहण की।कोषाध्यक्ष के रूप में डॉ. मोहसिन अंसारी ने शपथ ली। उपाध्यक्ष पद पर डॉ. नीना श्रीवास्तव, डॉ. राखी बाजपेयी एवं डॉ. शमीख रज़ा ने शपथ ग्रहण की। संयुक्त सचिव के रूप में डॉ. ऋचा धीरवानी, डॉ. राजेश पटेल एवं डॉ. राजेश केवट ने शपथ ली। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. कुसुम जैन, डॉ. अलका अग्रवाल, डॉ. संध्या जैन एवं डॉ. अनीता जैन ने शपथ ग्रहण की। मुख्य अतिथि सांसद आशीष दुबे ने चिकित्सकों से समाज के वंचित एवं गरीब वर्गों के बीच सक्रिय भागीदारी निभाने का अनुरोध किया। आईएमए मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बी. एम. शरणागत ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में चिकित्सकों के सक्रिय योगदान पर जोर दिया। सीएमएचओ जबलपुर डॉ. नवीन कोठारी ने चिकित्सकों से अपने क्लीनिक एवं अस्पतालों में सरकारी नियमों का पालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में डॉ. अजय सेठ, डॉ. राकेश पाठक, डॉ. वी. के. भारद्वाज, डॉ. अरविंद जैन, डॉ. सुनील बहल, डॉ. दीपक साहू, डॉ. संगीता श्रीवास्तव, डॉ. मुकेश खरे, डॉ. परिमल स्वामी, डॉ. अनुपम श्रीवास्तव एवं डॉ. तरुण नागपाल . राजेश धीरावानी, डॉ. संजय नागराज, डॉ. मुकेश निगम, डॉ. सुनील बहल, डॉ. अभय श्रीवास्तव सहित अनेक चिकित्सक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा थीरवानी ने किया तथा डॉ. नीना श्रीवास्तव ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आईएमए जबलपुर की नई कार्यकारिणी ने चिकित्सकीय सेवा, नैतिक चिकित्सा एवं समाज के वंचित वर्गों के स्वास्थ्य के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

खबर संक्षेप

शादी के 90 दिन बाद सांप के डसने से नवविवाहिता की मौत, अस्पताल में डॉक्टर नहीं मिलने का आरोप

पन्ना। हाथों की मेहंदी का रंग फीका भी नहीं पड़ा था कि 19 वर्षीय नवविवाहिता सपना बाई वंशकार की सर्पदंश से मौत हो गई। पन्ना जिले के ग्राम मुराछ में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे सोते समय सपना के गाल पर जहरीले सांप ने डस लिया। चीख-पुकार सुनकर जागे परिजनों ने सांप को मार गिराया और अचेत अवस्था में सपना को तत्काल गुनौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि गुनौर अस्पताल पहुंचने के बाद उन्हें वहां डॉक्टर नहीं मिले। परिजनों के मुताबिक ड्यूटी पर मौजूद नर्सों द्वारा भी तत्काल उपचार नहीं किया गया और बिना प्राथमिक उपचार एवं एंटी-वेनम दिए उन्हें पन्ना जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। इसके बाद परिजन सपना को पन्ना जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि यदि गुनौर अस्पताल में समय पर उपचार मिल जाता तो शायद सपना की जान बच सकती थी। महज तीन महीने पहले सोनू वंशकार से विवाह हुआ था। नवविवाहिता की मौत से मुराछ गांव में शोक के साथ ही स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर आक्रोश का माहौल है। वहीं पूरे मामले को लेकर जब गुनौर विधायक डॉ. राजेश कुमार वर्मा से बात की गई तो उन्होंने मामले की जांच के उपरांत नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की बात कही है। विधायक ने घटना को गंभीर बताते हुए मामले की वास्तविकता सामने आने के बाद जिम्मेदारी तय किए जाने की बात कही। इधर पुलिस ने रविवार 4 अक्टूबर को करीब 12 बजे मृतका का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मामले में अब परिजनों द्वारा लगाए गए अस्पताल में लापरवाही के आरोपों की जांच और स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं।

इनका कहना है -

नव विवाहता की मौत हुई है यदि इन्हे ट्रीटमेंट नहीं मिला है जिस भी डॉक्टर की ड्यूटी थी मैं जांच करुंगा और टीम गठित करता हूं और तीन सदस्य तीम इसकी जांच करेगी ट्रीटमेंट नहीं किया या रेफर किया जो भी होगा जो भी रिपोर्ट आएगी उसके अकॉर्डिंग कार्रवाई की जाएगी।
(सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार तिवारी)

बड़े-बड़े गड्ढों के कारण ट्रक नहीं पहुंच पा रहा, डेढ़ माह से 10 हजार केवीए ट्रांसफार्मर का इंतजार

अधूरी बायपास सड़क बनी परेशानी चार माह से आवागमन बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ फुटेराकलां

पथरिया विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 54 की बड़ी ग्राम पंचायत फुटेरा कला में अधूरी बायपास सड़क ग्रामीणों और किसानों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार बरसात के दौरान पिछले करीब चार माह से बायपास मार्ग पर बड़े वाहनों का आवागमन प्रभावित है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण अब हालात यह हैं कि किसानों की रबी सीजन की सिंचाई के लिए स्वीकृत ट्रांसफार्मर भी सब स्टेशन तक नहीं पहुंच पा रहा है। बताया गया कि फुटेरा कला विद्युत सब स्टेशन के लिए करीब डेढ़ माह पहले 10,000 केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर स्वीकृत किया गया था। वर्तमान में सब स्टेशन पर 5,000 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जिसकी क्षमता किसानों की रबी सीजन की सिंचाई की जरूरतों के लिहाज से पर्याप्त नहीं बताई जा रही है। ऐसे में किसानों को नए ट्रांसफार्मर के जल्द स्थापित होने का इंतजार है।

क्रेशर की गिट्टी डलवाकर रास्ता सुधारने का प्रयास

सब स्टेशन के ऑपरेटर अजीम खान ने बताया कि ट्रांसफार्मर को सब स्टेशन तक पहुंचाने के लिए तीन पंचायतों के सरपंचों द्वारा क्रेशर की गिट्टी डलवाई गई थी, ताकि भारी वाहन आसानी से पहुंच सके। लेकिन बारिश के पानी के कारण यह रास्ता भी क्षतिग्रस्त होकर ढह गया। अब करीब 30 टन वजनी ट्रक के सब स्टेशन तक पहुंचने में सड़क के गड्ढे बड़ी बाधा बने हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो रबी सीजन शुरू होने के बाद सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बनी रहेगी।

25 लाख रुपए की स्वीकृति, राशि मिलने का इंतजार

बायपास सड़क निर्माण को लेकर सरपंच प्रतिनिधि गोविंद सिंह ने बताया कि पूर्व में राज्य मंत्री लखन पटेल द्वारा बायपास सड़क निर्माण के लिए 25 लाख रुपए की राशि की घोषणा एवं स्वीकृति की गई थी। पंचायत द्वारा प्रस्ताव तैयार कर प्रक्रिया पूरी की गई और एसडीओ कमलेश चौधरी द्वारा तकनीकी स्वीकृति (टीएस) की प्रक्रिया के बाद फाइल जिला मुख्यालय भेजी गई थी।

पंचायत के पास संबंधित दस्तावेजों की प्रतियां भी मौजूद हैं, लेकिन अब तक निर्माण कार्य के लिए राशि प्राप्त नहीं होने की बात कही गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि स्वीकृत राशि से बायपास सड़क का निर्माण पूरा हो जाता है तो न केवल बड़े वाहनों का आवागमन सुचारु होगा, बल्कि किसानों के लिए विद्युत सब स्टेशन तक भारी वाहन पहुंचाना भी आसान हो जाएगा।

किसानों ने जल्द ट्रांसफार्मर रखने की मांग की

गांव के किसान काशीराम पटेल, नन्हे भाई कुशवाहा, तुलसीराम पटेल, किशोरी पटेल, मनी कुर्मी, जगदीश सिंह, दान सिंह, गणपत सिंह सहित अन्य किसानों ने रबी सीजन को देखते हुए ट्रांसफार्मर जल्द से जल्द सब स्टेशन पर स्थापित कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि सिंचाई के लिए पर्याप्त विद्युत क्षमता जरूरी है। यदि नया ट्रांसफार्मर समय पर नहीं पहुंचा तो रबी फसलों की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

विद्युत विभाग ने कहा—सीजन से पहले व्यवस्था की जाएगी

भोलाराम पटेल, संभागीय अधिकारी, विद्युत मंडल दमोह ने बताया कि सड़क खराब होने के कारण ट्रांसफार्मर अब तक सब स्टेशन तक नहीं पहुंच पाया है। उन्होंने कहा कि रबी सीजन शुरू होने से पहले ट्रांसफार्मर रखवाने की व्यवस्था की जाएगी।

एसडीएम ने आवेदन देने की बात कही

मामले में एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया ने कहा कि उन्हें बायपास सड़क की स्थिति की जानकारी नहीं है। उन्होंने संबंधित ग्रामीणों से आवेदन देने को कहा और बताया कि आवेदन मिलने के बाद सीईओ से चर्चा कर मामले को देखा जाएगा। वहीं, बायपास सड़क निर्माण और स्वीकृत राशि के संबंध में राज्य मंत्री लखन पटेल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं होने के कारण उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

ग्रामीणों की मांग—पहले सड़क, फिर पहुंचे ट्रांसफार्मर

फुटेरा कला के ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत समस्या के स्थायी समाधान के लिए ट्रांसफार्मर को समय पर स्थापित करना जरूरी है, लेकिन इसके साथ ही सब स्टेशन तक पहुंचने वाले मार्ग को भी दुरुस्त करना होगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से बायपास सड़क के निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाने, बड़े गड्ढों को तत्काल भरने और ट्रांसफार्मर को रबी सीजन से पहले सब स्टेशन तक पहुंचाने की मांग की है।

दो दिवसीय अखंड दुर्गा चालीसा अखंड पाठ का आयोजन संपन्न...

हमारे मन के विचार ही जीवन को परिवर्तित करते हैं- बहन पूजा शुक्ला



हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

शिवकाशी हटा नगर स्थित पीतांबरा पीठ देवश्री गौरीशंकर मंदिर परिसर में भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 24 घंटे के अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया जिसका समापन भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा बहन पूजा शुक्ला जी, केंद्रीय महासचिव सिद्धाश्रम रत्न परम आदरणीय श्री अजय अवस्थी जी एवं सिद्धाश्रम चेतना आरुणि जी के मुख्य आतिथ्य में नगर व समूचे जिले से पधारे हजारों की संख्या में संगठन के कार्यकर्ताओं नगर के जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों व गणमान्य जनों की उपस्थिति में शंखनाद की ध्वनि व महाआरती के पश्चात भव्यता से किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत नगर में नशा मुक्ति रैली निकालकर मां जगत जननी का पूजन अर्चन आरती के साथ की गई। इसकी उपरांत संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष बहन पूजा शुक्ला ने कार्यकर्ताओं के विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे मन के विचार ही हमारे जीवन को परिवर्तित करते हैं विचारों का हमारे जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। हमारे जीवन में होने वाली घटनाओं मैं परिवर्तन डालते हैं हमें किसी के प्रति बुरे विचार नहीं लानी चाहिए नाही दूसरों के प्रति गलत करने की सोचना चाहिए क्योंकि दूसरों के प्रति गलत विचारों का प्रभाव अपने ऊपर ही पड़ता है। पूजा बहन ने आगे कहा कि आजकल माता-पिता अच्छी शिक्षा के लिए अपने बच्चों को जिले से बाहर भेज रहे हैं हमें अपनी दमोह जिले में भी अच्छी शिक्षा मिल सकती है अच्छी व्यवस्थाएं हो सकती है लेकिन भ्रष्टाचार के चलते अच्छी शिक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था नहीं है जिसके लिए हमें बाहर भेजना ही पड़ता है।

उन्होंने कहा कि बाहर अपने बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार के लिए ध्यान देना होगा कि वह साधना पूजा पाठ कर रहा कि नहीं यदि वह साधन नहीं कर रहा तो उसके अंदर अच्छी ऊर्जा एनर्जी कहां से आएगी वह साधना से ही प्राप्त होगी इसलिए माता-पिता को इसका ध्यान देना जरूरी है। क्योंकि बच्चे अपने इष्ट और संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं इसलिए वह पढ़ लिखकर भी भटक रहे हैं। अंत में उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव में गुरुवार की अलख जगह का लोगों को नशा मुक्त कर नशा मुक्त समाज बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में समूचे जिले से संगठन के कार्यकर्ताओं नगर के जनप्रतिनिधियों गणमान्यजनों के अलावा नगर से बड़ी तादाद में भक्त जनों की उपस्थिति रही।

डोली गांव में स्वामित्व योजना के तहत आयोजित हुआ शिविर

दमोह। स्वामित्व योजना के तहत राजस्व विभाग द्वारा डोली गांव स्थित CSC सेंटर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने पहुंचकर ग्रामीणों एवं किसानों को स्वामित्व योजना की जानकारी दी तथा योजना के अंतर्गत रजिस्ट्री संबंधी आवेदन प्राप्त किए। शिविर के दौरान किसानों एवं ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। संबंधित योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र हितग्राहियों से आवश्यक आवेदन भी लिए गए। नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने और आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की।

सामुदायिक भवन का भूमि पूजन



तेजगढ़। जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा की ग्राम पंचायत हर्रई स्थित प्रसिद्ध माता बारी देवी मंदिर परिसर में चार लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन जनपद पंचायत अध्यक्ष तुलाराम यादव ने किया। भूमि पूजन कार्यक्रम पंडित विमलेश दुबे द्वारा विधि-विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया गया। सामुदायिक भवन के निर्माण से मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही भजन-कीर्तन, धार्मिक आयोजनों, बैठकों, शादी-विवाह सहित अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। भूमि पूजन के बाद ग्रामवासियों में उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की सराहना करते हुए जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजीव गांधी पंचायती राज कांग्रेस संगठन के प्रदेश सचिव ठाकुर हीरा सिंह, पूर्व सरपंच सेठ राजकुमार जैन, सत्यनारायण शर्मा, डॉ. सुशील जैन, राजेश शर्मा, अनिल विश्वकर्मा, अशोक जैन, रामकुमार शर्मा, संजय कुमार, सेठ देवीदास यादव, जाहर यादव सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2800 विद्यार्थियों ने लिया भाग



तेंदूखेड़ा। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा शांतिकुंज हरिद्वार (उत्तराखंड) द्वारा संस्कृति ज्ञान परीक्षा परीक्षा आयोजित की गई जिसमे गायत्री शक्तिपीठ तेंदूखेड़ा समस्त गायत्री परिजनों के सहयोग से विकासखंड के 57 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में परीक्षा 3 अक्टूबर को आयोजित की गई जिसमे लगभग 2800 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। प्रभारी भाव सिंह लोधी सेवानिवृत्ति शिक्षक, हाकम सिंह पूर्व प्राचार्य, शक्तिपीठ के वरिष्ठ परिजनों द्वारा विभिन्न स्कूलों का परीक्षा के दौरान परीक्षा की व्यवस्था हेतु निरीक्षण किया। ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवस्थापक शोभाराम नामदेव, शक्तिपीठ के समन्वयक संतोष नेमा,सेवानिवृत शिक्षक जेपी खरे, बालकृष्ण नेमा के द्वारा हाई सेकेंडरी स्कूल झलौन, हायर सेकेंडरी स्कूल सर्रा, हायर सेकेंडरी स्कूल तारादेही, हाई स्कूल धनगौर, इसके अलावा नगरी क्षेत्र में सुखबीर सिंह यादव, केपी गुप्ता, रामकुमार राय के द्वारा विद्यालय में जाकर परीक्षाएं संपन्न कराई गई।

श्री शिव साईं बेलाताल मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस बाल लीलाओं का हुआ भावपूर्ण वर्णन

दमोह। प्रतिवर्षानुसार पितृपक्ष के पावन अवसर पर श्री शिव साईं धाम, बेलाताल टापू दमोह में पितरों के निमित्त आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पंचम दिवस भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण रहा। बुंदेलखंड के प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज ने श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रेरणादायक प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, सुदामा चरित्र, गोवर्धन लीला एवं 56 भोग की महिमा का रसपान कराया। कथा के दौरान पंडित श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान की बाल लीलाएं केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि भक्तों को प्रेम, वात्सल्य, सरलता और निष्कपट भक्ति का संदेश देती हैं। माखन चोरी, ग्वाल-बालों के साथ क्रीड़ा तथा माता यशोदा के साथ भगवान के वात्सल्यपूर्ण प्रसंगों का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। भगवान अपने भक्तों के प्रेम और निर्मल भाव से ही प्रसन्न होते हैं। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए पंडित कमलेश्वरानंद जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा की निस्वार्थ मित्रता का भावपूर्ण चित्रण किया। सच्ची मित्रता में धन, पद और प्रतिष्ठा का कोई महत्व नहीं होता, बल्कि प्रेम, विश्वास और समर्पण ही उसका आधार है। निर्धन सुदामा जब भगवान श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे, तब द्वारिकाधीश ने अपने बालसखा का जिस आत्मीयता से स्वागत किया, वह संसार को मित्रता और समानता का अनुपम संदेश देता है। महाराज श्री ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के भाव के भूखे हैं। सुदामा द्वारा प्रेमपूर्वक लाए गए चावलों को भगवान ने जिस श्रद्धा से स्वीकार किया, उससे स्पष्ट होता है कि भक्ति में वस्तु का मूल्य नहीं, बल्कि भक्त के हृदय की पवित्रता सर्वोपरि है। गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए महाराज श्री ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को प्रकृति, गौवंश और गोवर्धन पर्वत के महत्व का बोध कराया। इंद्र के अभिमान को दूर करने तथा ब्रजवासियों की रक्षा के लिए भगवान ने अपनी कनिष्ठ अंगुली पर गोवर्धन पर्वत धारण कर समस्त गोकुलवासियों को आश्रय प्रदान किया। गोवर्धन लीला हमें सिखाती है कि अहंकार का अंत निश्चित है और ईश्वर की शरण में आने वाले भक्तों की रक्षा स्वयं भगवान करते हैं। प्रकृति, पर्वत, जल, वन और गौमाता के प्रति सम्मान भारतीय संस्कृति की मूल भावना है। कथा के इस प्रसंग के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

भगवान श्रीकृष्ण को अर्पित हुआ छप्पन भोग

गोवर्धन पूजा के प्रसंग के साथ भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग अर्पित करने की परंपरा का भी विस्तार से वर्णन किया गया। महाराज श्री ने बताया कि छप्पन भोग भगवान के प्रति भक्तों के प्रेम, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक है। भगवान को विभिन्न प्रकार के पकवान, मिष्ठान, फल एवं व्यंजन अर्पित कर भक्त अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हैं। कथा स्थल पर छप्पन भोग की धार्मिक परंपरा और भगवान की भक्ति से जुड़े प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजन-कीर्तन, श्रीकृष्ण के जयकारों और भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद लिया। महाराज श्री ने कथा के माध्यम से संदेश दिया कि मनुष्य को अपने जीवन में अहंकार का त्याग कर प्रेम, सेवा, सद्भाव और ईश्वर भक्ति को अपनाना चाहिए। पितृपक्ष में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण पितरों के प्रति श्रद्धा और सनातन परंपराओं के संरक्षण का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। श्री शिव साईं धाम, बेलाताल टापू में आयोजित कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का पुण्य लाभ प्राप्त किया।

107 हितग्राहियों के खातों में पहुंची पीएम आवास की पहली किश्त 1 करोड़ 7 लाख रुपए

तेंदूखेड़ा। सेवा संकल्प अभियान के तहत रविवार को नगर परिषद तेंदूखेड़ा में सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत 107 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रथम किस्त एक करोड़ 7 लाख रुपए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री धर्मेंद्र सह लोधी के द्वारा क्लिक करके डाले गए, इसके अलावा उपस्थित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत चार हितग्राहियों को प्रमाण पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम के सह प्रभारी गोविंद यादव ने बताया जनता एवं शासन के बीच सेवा सेतु अभियान एक महत्वपूर्ण कड़ी है इस सेतु के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजना जनता तक पहुंचाना ही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन ने कहा कि अभी 107 लोगों को प्रथम किस्त प्रधानमंत्री आवास की डाली गई है बहुत जल्द 400 हितग्राहियों के नाम स्वीकृति मिलते ही किस्त डाली जाएगी। राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास 2.0 के तहत 107 हितग्राहियों के खाते में 1 लाख रुपए के मान से 1 करोड़ 07 लाख रुपए की प्रथम किस्त डाली गई है। आप अपना मकान बनवाइए। पूरे प्रधानमंत्री आवास में ढाई लाख रुपए मिलते हैं, जिसमें आप अच्छा मकान बना सकते हैं।

मथुरा में हिंदी सम्मेलन आयोजित



दमोह। भगवान कृष्ण की पावन नगरी मथुरा में दमोह के ओजेन्द्र तिवारी एवं पदमा तिवारी को राष्ट्रीय हिंदी भक्ति सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। प्रेरणा-राष्ट्रीय हिंदी प्रचारिणी सभा का मथुरा में हिंदी सम्मेलन के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया. हिंदी के पक्ष में अनेक विद्वानो ने अपने विचार रखे कार्यक्रम में सौ से भी अधिक साहित्यकारो ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इसी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली डॉक्टर धर्म प्रकाश बाजपेई, अध्यक्ष प्रभा बच्चन श्रीवास्तव जबलपुर, विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार मिश्रा दतिया एवं अनिल कुमार कटनी रहे। दमोह के ओजेन्द्र तिवारी एवं पदमा तिवारी को हिंदी भक्ति सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक संयोजक जबलपुर के राष्ट्रीय कवि संगम त्रिपाठीथे। कार्यक्रम का सफल संचालन सिद्धेश्वरी सराफ शीलू जबलपुर ने किया। मथुरा से सम्मानित होने पर अमर सिंह राजपूत पी एस परिहार, बी एम दुवे, अनिल जैन, मनोरमा रतले, बबीता चौबे विमला तिवारी सदन नेमा आदि ने अपनी शुभकामनाएं दी।

जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण 5 एवं 6 अक्टूबर को

दमोह। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण अर्थात जनसंख्या की गणना का कार्य फरवरी 2027 में प्रस्तावित है। जनगणना कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के उद्देश्य से दमोह जिले में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी राकेश मोहन त्रिपाठी जिला दमोह द्वारा जारी पत्र के अनुसार प्रशिक्षण 5 एवं 6 अक्टूबर 2026 को प्रातः 9:30 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगा। प्रशिक्षण का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ऑडिटोरियम, दमोह में किया गया है। प्रशिक्षण में जिला जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, समस्त अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, समस्त चार्ज अधिकारी (ग्रामीण/नगरीय), अतिरिक्त चार्ज जनगणना अधिकारी, समस्त जनगणना लिपिक (जिला/चार्ज स्तर) एवं समस्त तकनीकी सहायक (जिला/चार्ज स्तर) शामिल होंगे। श्री त्रिपाठी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। यह प्रशिक्षण जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के कार्य को समय-सीमा में व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपादित करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

वृक्षारोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



दमोह। शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय, दमोह में 3 अक्टूबर 2026 को सेवा संकल्प के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के G ब्लॉक के सामने आयोजित हुआ, जिसमें महाविद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.पी. चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. प्रीति वर्मा, डॉ. दिनेश पटेल, डॉ. मरकाम एवं डॉ. अमिता श्रीवास्तव रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में , बादाम, अंजीर, आम, जामुन, सहजन एवं अन्य पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अवधेश जैन, डॉ. डी.के. नेमा, डॉ. आर.पी. अहिरवार, डॉ. मालती नायक, डॉ. जया अहिरवार, डॉ. राधा ताम्रकार, डॉ. ब्रजेश मोर्य, डॉ. सुधांशु तिवारी, पूजा तंतवाय, डॉ. असलम खान, डॉ. सिद्धांत दुबे, डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. प्रिया थापा एवं डॉ. रेशमा परवीन सहित समस्त अतिथि विद्वान एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जी.पी. चौधरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की आवश्यकता है। वृक्ष न केवल हमें स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं एवं महाविद्यालय परिवार को पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

आज से प्रारंभ होगी समर्पण निशुल्क प्री एग्रीकल्चर टेस्ट कोचिंग की कक्षाएं

दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में विगत वर्षों में संचालित पीएटी निःशुल्क कोचिंग की सफलता को देखते हुए दमोह जिले में जिला प्रशासन, कृषि विभाग एवं शिक्षा विभाग के विशेष प्रयास से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी समर्पण निःशुल्क प्री एग्रीकल्चर टेस्ट कोचिंग की शुरुआत 05 अक्टूबर से शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह के कक्ष क्रमांक 24 में सुबह 8:00 से 10:30 तक आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है, इन कक्षाओं को ऐसे विद्यार्थी भी समर्पण निःशुल्क **PAT** कोचिंग दमोह के यूट्यूब चैनल के माध्यम से देख सकते हैं जो दमोह जिला मुख्यालय में निवासरत नहीं हैं। निःशुल्क कोचिंग के नोडल अधिकरी जे.एल.प्रजापति सहायक संचालक कृषि दमोह एवं अनुविभागीय कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जिला मूल रूप से कृषि प्रधान जिला है जिले में कृषि के क्षेत्र में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किसानों के ऐसे गरीब बच्चे जो इंदौर जैसे बड़े शहारों में कोचिंग करनें नहीं जा पाते हैं उनके लिए यह निःशुल्क कोचिंग बरदान के रूप में साबित हो रही है निःशुल्क प्री एग्रीकल्चर टेस्ट कोचिंग दमोह के शिक्षण सत्र 2025-26 में 06 विद्यार्थियों एवं शिक्षण सत्र 2026-27 में 10 विद्यार्थियों का चयन शासकीय कृषि विश्वविद्यालयों के अंतर्गत विभिन्न कृषि महाविद्यालयों में हुआ है जो जो दमोह जिले के कृषि विकास एवं कृषि शिक्षा को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इच्छुक विद्यार्थी दिनांक 01 अक्टूबर से 05 अक्टूबर तक ऑनलाइन या उपसंचालक कृषि कार्यालय दमोह कक्ष क्रमांक 70 में आवेदन प्राप्त कर जमा कर सकते हैं आवेदन।

खबर संक्षेप

होंडा मोटरसाइकिल ने कुछ बाइक वापस मंगाई



मुंबई। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अप्रैल से अगस्त, 2025 के बीच निर्मित 'रेबेल 500 क्रूजर' मॉडल की 96 मोटर साइकिल को हैंडल-लॉक में खराबी के कारण 'स्वैच्छिक' तौर पर वापस मंगाने की घोषणा की है। होंडा द्वारा वैश्विक स्तर पर कुछ रेबेल 500 मोटरसाइकिल को वापस मंगाने के तहत उठाया जा रहा है।

सेबी के पास 16 कंपनियों के आईपीओ के लिए आवेदन

नई दिल्ली। एनारॉक प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स, बीएस स्पॉन्ज और आइनॉक्स एयर प्रोडक्ट्स समेत कम से कम 16 कंपनियों ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां पूंजी बाजार से धन जुटाने की तैयारी तेज कर रही हैं।

जेएसडब्ल्यू एमजी की बिक्री 19 फीसदी बढ़ी

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की सितंबर में थोक बिक्री सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 8,018 इकाई हो गई। मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी ने कहा कि यह प्रदर्शन हाल में पेश किए गए एमजी हेक्टर टोमहॉक ईवी और पीएचईवी संस्करण सहित उसके उत्पाद खंड में ग्राहकों की निरंतर रुचि को दर्शाता है।

बीते सप्ताह सरसों और मूंगफली के भाव टूटे



नई दिल्ली। उपलब्धता की कमी और मांग बढ़ने के बीच बीते सप्ताह सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम में सुधार आया जबकि नई फसलों की आवक के बीच मूंगफली तेल-तिलहन और बिनौला तेल कीमतें गिरावट के साथ बंद हुईं। मलेशिया में गिरावट के बीच पाम-पामोलीन के दाम में भी गिरावट आई।

जापान की कारोबारी धारणा छठी तिमाही में सुधरी



टोक्यो। जापान के केंद्रीय बैंक के तिमाही 'टंकन' सर्वेक्षण में अर्थव्यवस्था को लेकर सकारात्मक संकेत मिले। बड़े विनिर्माताओं की कारोबारी धारणा 22 से बढ़कर 24 हो गई। इस रिपोर्ट को जापान की आर्थिक गतिविधियों का एक प्रमुख संकेतक माना जाता है। जारी इस सर्वेक्षण के अनुसार, बड़े गैर-विनिर्माण क्षेत्र की कारोबारी धारणा 37 से घटकर 35 रह गई।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 18.34 अरब डॉलर घटा



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 25 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 18.34 अरब डॉलर घटकर 747.56 अरब डॉलर रहा। आरबीआई से यह जानकारी मिली। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 14.88 अरब डॉलर घटकर 765.90 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में 785.71 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। यह उछाल प्रवासी भारतीयों से जमा के लिए एक विशेष रियायती अला-बदली सुविधा के तहत मुद्रा के भारी प्रवाह के कारण आया था।

शादी-ब्याह के सीजन से पहले होटल कारोबार में उछाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सर्दियां शुरू होने से पहले ही होटल उद्योग में शादी समारोहों के लिए मांग तेज हो गई है। लोकप्रिय होटल और रिजॉर्ट में महीनों पहले से बुकिंग हो रही है। कई प्रमुख होटल संपत्तियों ने शादी से जुड़े कारोबार में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की है, जबकि नवंबर और फरवरी जैसे प्रमुख महीनों के लिए होटल में बुकिंग लगभग पूरी हो चुकी है।

- नवंबर और फरवरी के लिए बुकिंग पूरी हो चुकी

यानी इनमें बहुत कम दिन के लिए बुकिंग उपलब्ध है। देश के पहले ऑटोग्राफ कलेक्शन होटल के रूप में ब्रांडेड मैरियट इंटरनेशनल के नूर महल दिल्ली एनसीआर, करनाल के कार्यकारी निदेशक रूप प्रताप चौधरी ने कहा कि होटल के विवाह कारोबार में पिछले साल की तुलना में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि 2027 के लिए भी पर्याप्त संख्या में शादियों की बुकिंग पहले ही हो चुकी है और नवंबर, 2027 तक के लिए पूछताछ मिल रही है।

अगले साल के लिए भी मिल रही है बुकिंग

सर्दियों के विवाह सीजन के लिए काफी मजबूत मांग

रोजिएट होटल्स एंड रिजॉर्ट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कुश कपूर ने कहा कि दिल्ली स्थित उसके रिजॉर्ट में आगामी सर्दियों के विवाह सीजन के लिए काफी मजबूत मांग है और प्रमुख महीनों में उपलब्धता तेजी से कम हो रही है। कपूर ने कहा कि दिल्ली स्थित रोजिएट में नवंबर का पूरा महीना लगभग बुक हो चुका है, जबकि फरवरी की भी अधिकांश तारीखें पहले ही आरक्षित हो चुकी हैं।



रिजॉर्ट की मांग शादी समारोह के लिए सर्वाधिक

सीईओ ने कहा कि सर्दियों के मौसम में रिजॉर्ट के लिए शादी समारोहों की मांग बहुत अधिक है। होटल क्षेत्र के लिए शादी-विवाह का सीजन महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे कमरे, बैंक्वेट, खान-पान और आयोजन से जुड़ी विभिन्न सेवाओं की मांग एक साथ बढ़ती है। कई परिवार अब शादी के कार्यक्रम को एक से अधिक दिन तक आयोजित कर रहे हैं, जिससे होटल उद्योग को अतिरिक्त कारोबार मिल रहा है।

पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत की वृद्धि

चौधरी ने कहा, /"विवाह समारोह के क्षेत्र में उत्साहजनक गति देखने को मिल रही है। पिछले वर्ष की तुलना में कारोबार में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और ग्राहकों का दायरा भी लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि परिवार अब शादी के आयोजन के लिए होटल और आयोजन स्थल पहले की तुलना में काफी पहले तय कर रहे हैं। इससे होटल उद्योग को आगामी वर्षों के कारोबार की बेहतर जानकारी मिल रही है।

अन्य सेवाओं की मांग भी बढ़ रही

विवाह समारोह की यह बढ़ती मांग ऐसे समय में सामने आई है जब सर्दियों का मुख्य विवाह सीजन नजदीक है। हिंदू कैलेंडर में शुभ विवाह मुहूर्त होने के कारण इस दौरान विवाह स्थल, होटल कमरों, बैंक्वेट और अन्य सेवाओं की मांग पारंपरिक रूप से बढ़ जाती है।

अर्थशास्त्रियों और बैंक अधिकारियों ने सर्वेक्षण में कहा

मुद्रास्फीति के दबाव के बीच रेपो दर 0.25 प्रतिशत बढ़ा सकता है भारतीय रिजर्व बैंक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अर्थशास्त्रियों और बैंक अधिकारियों का मानना है पश्चिम एशिया संकट के दोबारा गहराने से पैदा हुए मुद्रास्फीति के दबाव के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अक्टूबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है। सोलह अर्थशास्त्रियों और वरिष्ठ बैंक अधिकारियों के एक सर्वेक्षण के अनुसार यदि आगामी नीतिगत समीक्षा में केंद्रीय बैंक दरों में वृद्धि करता है, तो यह ब्याज दर नीति में एक बड़े बदलाव का संकेत होगा।

गौरतलब है कि 2025 में दरों में कटौती और उसके बाद लंबे समय तक ठहराव देखा गया था। रेपो दर में आखिरी बढ़ोतरी फरवरी, 2023 में की गई थी, जब आरबीआई ने दर को 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 6.50 प्रतिशत कर दिया था। इसके बाद उसने 2023-24 के दौरान दर को अपरिवर्तित रखा और फिर 2025 में कटौती का चक्र शुरू किया। इस समय आरबीआई की नीतिगत रेपो दर 5.25 प्रतिशत पर है।

पश्चिम एशिया संकट दोबारा गहराने से मुद्रास्फीति दबाव में | **वर्ष 2025 में दरों में कटौती के बाद बड़ा ठहराव देखा गया** | **रेपो दर में आखिरी बढ़ोतरी फरवरी, 2023 में की गई थी**

ब्याज दरों में बढ़ोतरी की गुंजाइश

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य आर्थिक सलाहकार कनिका पसरीचा ने कहा, ''वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा दरों में बढ़ोतरी के साथ तालमेल बैठाने, बढ़ती मुद्रास्फीति के जोखिम और मजबूत वृद्धि की रफ्तार ब्याज दरों को बढ़ाने के लिए नीतिगत गुंजाइश देती है।



ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना

क्रिसिल की प्रमुख अर्थशास्त्री दीप्ति देशपांडे ने कहा कि पिछली नीति के बाद से मुख्य रूप से पश्चिम एशिया संघर्ष के फिर से भड़कने और ऊर्जा तथा जिंस की कीमतों में तेजी के कारण मुद्रास्फीति का दबाव और बढ़ गया है। यदि यह दबाव जारी रहता है, तो आगे दरों में बढ़ोतरी की उम्मीद है। सर्वेक्षण में शामिल ज्यादातर विशेषज्ञों को बुधवार को होने वाली आगामी नीतिगत समीक्षा में सख्त रुख के साथ ब्याज दर में बढ़ोतरी की संभावना दिख रही है।

खुदरा महंगाई के अनुमान में बढ़ोतरी की उम्मीद

कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, खाद्य मुद्रास्फीति के जोखिमों और कीमतों के दबाव के बीच विशेषज्ञों को आरबीआई द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने सीपीआई (खुदरा) मुद्रास्फीति अनुमान में बढ़ोतरी करने की उम्मीद है। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, ''हाल ही में कच्चे तेल की कीमतों के 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जाने से पेट्रोल और डीजल के खुदरा बिक्री मूल्य (आरएसपी) में वृद्धि हो सकती है।

रेपो दर में कम से कम दो बार बढ़ोतरी हो सकती है

विशेषज्ञों का व्यापक रूप से मानना है कि वित्त वर्ष 2026-27 में रेपो दरों में कम से कम दो बार बढ़ोतरी हो सकती है, जबकि कई विशेषज्ञों को पूरे वित्त वर्ष के दौरान दो से तीन बार बढ़ोतरी की उम्मीद है। विशेषज्ञों ने कहा कि मुख्य मुद्रास्फीति बढ़ने के कारण केंद्रीय बैंक को अपने मौद्रिक नीति रुख को धीरे-धीरे सामान्य करने की जरूरत हो सकती है।

विशेषज्ञ उदार रुख को वापस लेने के पक्ष में

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की अर्थशास्त्री गौरा सेनगुप्ता ने कहा, ''प्रमुख मुद्रास्फीति अधिक होने के कारण नीति को धीरे-धीरे सामान्य करना जरूरी है। आने वाली तिमाहियों में वास्तविक दरें नकारात्मक न हों, यह सुनिश्चित करने के लिए दर वृद्धि आवश्यक है। नीतिगत रुख पर विशेषज्ञों की राय 'कोई बदलाव नहीं होगा' और 'नपे-तुले ढंग से सख्ती' के बीच बंटी हुई है, जबकि कुछ विशेषज्ञ 'उदार रुख को वापस लेने' के पक्ष में भी हैं।

बजाय अपना एआई सुरक्षा ढांचा बनाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- उद्योग विशेषज्ञों ने अपनी राय जाहिर की
- डीपफेक व साइबर हमलों से निपटने की प्रतिबद्धता जरूरी

भारत को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों के बीच पिछले सप्ताह हुए स्वैच्छिक समझौते की नकल करने के बजाय अपनी भाषाओं, बड़े पैमाने और अनुप्रयोग आधारित कृत्रिम मेधा (एआई) परिवेश के अनुरूप अपना एआई सुरक्षा ढांचा तैयार करना चाहिए। उद्योग विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। विशेषज्ञों ने 'डीपफेक' और साइबर हमलों जैसे जोखिमों से निपटने के लिए सभी संबंधित पक्षों को साथ लाने वाली प्रतिबद्धता की भी जरूरत बताई। हालांकि, वे इस बात पर अलग-अलग राय रखते हैं कि केवल स्वैच्छिक उपाय पर्याप्त होंगे या नहीं। इन विशेषज्ञों की राय 29 सितंबर को ट्रंप और गूगल, ओपनएआई, एंथ्रोपिक, मेटा, एनवीडिया तथा एलन मस्क की एक्सएआई जैसी प्रमुख कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षरित 'व्हाइट हाउस एकॉर्ड ऑन सुपर इंटेलिजेंस' के बाद सामने आई है।

एआई सुरक्षा को काफी मजबूत करना होगा

वेलामाकन्नी ने कहा, ''जैसे-जैसे मॉडल अधिक सक्षम और स्वायत्त होते जा रहे हैं, हम उन्हें प्रणालियों तक अधिक पहुंच और फैसले लेने की अधिक स्वायत्तता दे रहे हैं। विनाशकारी जोखिमों को रोकने के लिए एआई सुरक्षा को काफी मजबूत करना होगा और इसे एआई की क्षमता से आगे रहना होगा।''

कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- रिजर्व बैंक के ब्याज दर पर निर्णय भी प्रभावित करेगी धारणा
- विदेशी निवेशकों की गतिविधियों पर भी होगी निगाह

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का ब्याज दर पर फैसला, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के तिमाही नतीजे, कच्चे तेल की कीमतें और वैश्विक बॉण्ड पर प्रतिफल इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

व्यापक आर्थिक आंकड़ों की घोषणाएं और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार के रुख को प्रभावित करेंगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''आरबीआई की मौद्रिक नीति बैठक पर करीबी नजर रहेगी। नीतिगत रुख, मुद्रास्फीति का परिदृश्य और वृद्धि के अनुमान निकट अवधि में घरेलू ब्याज दरों और वित्तीय बाजारों की दिशा के बारे में महत्वपूर्ण संकेत देंगे। मिश्रा ने कहा कि इस सप्ताह कंपनियों के तिमाही नतीजों का सत्र भी शुरू होगा। सूचकांक में अधिक भार रखने वाली कंपनी टीसीएस और खुदरा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीमार्ट समेत कई प्रमुख कंपनियां अपने नतीजे घोषित करेंगी।

मिश्रा ने कहा कि आंकड़ों के मोर्चे पर भारत के सितंबर के अंतिम एचएसबीसी सेवा खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) और संयुक्त पीएमआई के आंकड़े छह अक्टूबर को जारी किए जाएंगे।

आरबीआई की घोषणा होगी प्रमुख कारक

शोध विश्लेषक कंपनी एचएसटी वेल्थ के संस्थापक एवं सीईओ हरिसेल्वन राधाकृष्णन ने कहा, ''आरबीआई का नीतिगत फैसला घरेलू स्तर पर सबसे प्रमुख कारक होगा। इसके बाद अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे से यह संकेत मिलेगा कि सितंबर में दर बढ़ाए जाने के बाद मौद्रिक नीति को और सख्त करने के पक्ष में अमेरिकी नीति-निर्माताओं के बीच कितना समर्थन है।''

प्लास्टिक बैंक नोट के कार्यक्रम में शामिल हुई यूफ्लेक्स-स्पेक्ट्रा

नई दिल्ली। घरेलू पॉलिमर विज्ञान कंपनी यूफ्लेक्स ने अमेरिका की स्पेक्ट्रा सिस्टम्स के साथ साझेदारी में प्रस्तावित प्लास्टिक बैंक नोट कार्यक्रम के लिए बोली लगाई है। ऐसा तब हुआ है जब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई)



पॉलिमर या प्लास्टिक आधारित मुद्रा आधार सामग्री के निर्माण के लिए संभावित आपूर्तिकर्ताओं का मूल्यांकन कर रहा है। यह कार्यक्रम भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण प्राइवेट लिमिटेड (बीआरबीएनएमपीएल) द्वारा शुरू किया गया था। निविदा दस्तावेज के अनुसार, इसके लिए जरूरी रंग की अपारदर्शी स्याही और एंटी-स्टैटिक कोटिंग के साथ बीओपीपी (विशेष मजबूत प्लास्टिक फिल्म) की आवश्यकता है, ताकि छपाई और स्याही के चिपकने के लिए एक अच्छी सतह मिल सके।

त्योहारी मांग को पूरा करने वाहन कंपनियों ने बढ़ाया उत्पादन

- कंपनियों ने समय पर डिलिवरी का लक्ष्य रखा
- वाहन कंपनियां डीलर नेटवर्क के पास भी उत्पादन बढ़ा रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में त्योहारी खरीदारी का मौसम शुरू होने के साथ ही प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनियों ने बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपना उत्पादन बढ़ा दिया है। इसके साथ ही कंपनियां अपने डीलर नेटवर्क के पास भी का स्टॉक बढ़ा रही हैं।

कंपनियों का जोर बुकिंग के अनुरूप समय पर डिलिवरी सुनिश्चित करने और प्रतीक्षा अवधि कम करने पर है। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया के पास त्योहारी सीजन से पहले करीब 2.2 लाख



वाहन की लंबित बुकिंग है। कंपनी ने दो नई उत्पादन लाइन भी शुरू की हैं, जिससे उसकी कुल उत्पादन क्षमता में पांच लाख वाहन का इजाफा हुआ है। नई उत्पादन लाइन को धीरे-धीरे बढ़ाया जा रहा है और साल के अंत तक इनके पूरी तरह स्थिर होने की उम्मीद है।

महिंद्रा ने ईवी की उत्पादन क्षमता बढ़ाई : गर्ग ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य मौजूदा बुकिंग को पूरा करने और डीलरशिप पर पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के बीच सही संतुलन कायम करना है। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने भी बढ़ती मांग के मद्देनजर अपनी स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) और इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादन क्षमता बढ़ाकर 68,000 वाहन प्रति माह कर दी है।

महिंद्रा एंड महिंद्रा की वाहन बिक्री 15 प्रतिशत बढ़ी...



नई दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा की निर्यात सहित कुल वाहन बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 1,14,874 इकाई रही। मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी ने कहा कि यूटिलिटी वाहन खंड में उसने घरेलू बाजार में 64,092 वाहन बेचे, जो 14 प्रतिशत की वृद्धि है। निर्यात समेत कुल वाहन बिक्री 1,14,874 इकाई रही। वाणिज्यिक वाहनों की घरेलू बिक्री भी सितंबर में सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 30,420 इकाई रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के 'ऑटोमोटिव' कारोबार के अध्यक्ष वेलुसामी आर. ने कहा, 'सितंबर में एसयूवी की बिक्री 14 प्रतिशत बढ़कर 64,092 इकाई रही और कुल वाहन बिक्री 15 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 1,14,874 इकाई पर पहुंच गई।'

अक्टूबर अंत तक सूचीबद्ध हो सकती है जियो प्लेटफॉर्म्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- करीब 12 लाख करोड़ रुपए का उद्यम मूल्य हो सकता है
- डिजिटल सेवा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी है जियो

डिजिटल सेवा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के इस महीने के अंत तक शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी का उद्यम मूल्य करीब 143-146 अरब डॉलर यानी 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक रह सकता है।

जियो प्लेटफॉर्म्स का प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) करीब 3.8 अरब डॉलर का होने की संभावना है। इस आकार के साथ यह भारत का अबतक का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम बन सकता है। बैंकिंग और बाजार से जुड़े सूत्रों के अनुसार, कंपनी ने अमेरिका, ब्रिटेन, दुबई, हांगकांग और सिंगापुर में अपने अंतरराष्ट्रीय रोडशो पूरे कर लिए हैं। अब वह 12 अक्टूबर से शुरू होने वाले सप्ताह में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के लिए अंतिम दस्तावेज दाखिल कर सकती है। इस बारे में जियो प्लेटफॉर्म्स (जेपीएल) को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला है। सूत्रों का कहना है कि विदेशी निवेशकों से मिले सकारात्मक रुझान के आधार पर कंपनी का शुरुआती मूल्यांकन 143-146 अरब डॉलर या कम से कम 12 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना है। कंपनी भारत में भी आईपीओ रोडशो आयोजित कर सकती है। इसके अलावा, दशहरा से पहले एंकर निवेशकों के लिए बोली प्रक्रिया शुरू होने और दशहरा के बाद, लेकिन 23 अक्टूबर से पहले आईपीओ खुलने की संभावना जताई जा रही है। कंपनी के शेयरों की सूचीबद्धता अक्टूबर के अंत तक होने की उम्मीद है। अमेरिका, ब्रिटेन, दुबई, हांगकांग और सिंगापुर में आयोजित रोड शो की अगुवाई जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रबंध निदेशक एवं रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी और रिलायंस रिटेल वेंचर्स लि. की कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी ने की।

कंपनी का मुनाफा 18 फीसदी की दर से बढ़ रहा

कंपनी का शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 30,053 करोड़ रुपये हो गया, जबकि वार्षिक राजस्व 14.5 प्रतिशत बढ़कर 1,46,885 करोड़ रुपये रहा। नुवामा रिसर्च के विश्लेषकों का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 से 2029-30 के बीच रिलायंस जियो का मुनाफा करीब 18 प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ सकता है।

एसी और अन्य उपकरणों में 5-8 फीसदी की बढ़ोतरी की गई

एफएमसीजी को त्योहारी मांग दोहरे अंक में बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर-कंडीशनर और अन्य उपभोक्ता उपकरणों की कीमतों में त्योहारी मौसम से पहले 5-8 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी के बावजूद विनिर्माता इस बार बिक्री में दोहरे अंक की वृद्धि को लेकर आशान्वित हैं।

- इस साल कीमतों में यह तीसरी बढ़ोतरी है

कंपनियों का मानना है कि प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती मांग, पुराने उपकरणों को बदलने की जरूरत, आसान मासिक किस्त (ईएमआई) और उपभोक्ता धारणा में सुधार से बिक्री को मजबूती मिलेगी। इस साल कीमतों में यह तीसरी बढ़ोतरी है।

नवरात्रि व दीपावली में रफ्तार बनी रहेगी : कंपनियों को भरोसा है कि नवरात्रि और दीपावली के दौरान भी बिक्री की रफ्तार बनी रहेगी। हायर अप्लायंसेज इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एन एस सतीश ने कहा कि कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद त्योहारी बिक्री में दोहरे अंक की वृद्धि होगी।

श्राद्ध पक्ष में उत्पादों की पूछताछ ठीक रही : एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के सह-मुख्य बिक्री एवं विपणन अधिकारी संजय चितकारा ने कहा कि कंपनी आगामी त्योहारी मौसम को लेकर काफी आशान्वित है। उन्होंने बताया कि श्राद्ध पक्ष के दौरान ही उत्पादों को लेकर पूछताछ उत्साहजनक रही है।



ओणम में बिक्री की रफ्तार अच्छी रही : गोदरेज

गोदरेज एंटरप्राइजेज समूह के अप्लायंसेज प्रभाग के प्रमुख कमल नंदी ने कहा कि त्योहारी मौसम रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन और एयर-कंडीशनर की खरीद के लिए महत्वपूर्ण समय है। उन्होंने कहा कि ओणम के दौरान बिक्री की रफ्तार अच्छी रही और अब अन्य क्षेत्रों में भी मांग बढ़ने की उम्मीद है।

बड़े आकार वाले टीवी की मांग अधिक : सोनी

टेलीविजन कारोबार में प्रीमियम ब्राविया मॉडल और बड़े स्क्रीन आकार वाले टीवी की मांग प्रमुख भूमिका निभा सकती है। ऑडियो श्रेणी में हेडफोन, साउंडबार और पार्टी स्पीकर की बिक्री भी नए उत्पादों और त्योहारी पेशकश के कारण मजबूत रहने की उम्मीद है।

प्रीमियम उत्पाद ग्राहकों को प्रोत्साहित करेंगे

सोनी इंडिया के प्रबंध निदेशक सुनील नायर ने त्योहारी मौसम में कंपनी की कुल बिक्री में मूल्य के लिहाज से 15-20 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि प्रीमियम उत्पाद, नए मॉडल और आकर्षक पेशकश ग्राहकों को खरीदारी के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। सोनी को अपने 'इमेजिंग' कारोबार में 30 प्रतिशत से अधिक वृद्धि की उम्मीद है।

चिंतन

एआई की दुनिया में सतर्कता और जवाबदेही बेहद जरूरी

एआई ने दुनिया को काम करने की अभूतपूर्व गति दी है, लेकिन यही गति अब साइबर अपराध की दुनिया को भी मिल रही है। जिस काम को करने में कभी हमलावरों को कई दिन लगते थे, एआई की मदद से सिस्टम की कमजोरियां तलाशने, जानकारी जुटाने और हमले को अंजाम देने में बेहद कम समय लग रहा है। ऐसे में एआई को केवल तकनीकी सुविधा मानकर आगे बढ़ना जोखिम भरा हो सकता है। एआई की दुनिया के विस्तार के साथ सतर्कता और जवाबदेही को भी उतनी ही तेजी से मजबूत करना होगा। तभी इसके फायदे सही मायने में सामने आ पाएंगे। माइक्रोसॉफ्ट की डिजिटल डिफेंस रिपोर्ट 2026 के आंकड़े खतरे की गंभीरता बताते हैं। भारत दुनिया के शीर्ष 7 साइबर प्रभावित देशों में शामिल है और दुनिया भर में ट्रैक किए गए साइबर खतरों में भारत की हिस्सेदारी 2.5 प्रतिशत रही है। सबसे चिंताजनक बात रैनसमवेयर हमलों में 5 गुना बढ़ोतरी है। यानी अपराधियों के लिए डिजिटल माध्यम केवल धोखाधड़ी का जरिया नहीं रह गया, बल्कि संस्थानों और महत्वपूर्ण ढांचे को बंधक बनाने का हथियार भी बनता जा रहा है। साइबर अपराधियों ने हमले के तरीके भी बदल दिए हैं। अब केवल संदिग्ध ईमेल या लिंक से सावधान रहने की जरूरत नहीं है। ईमेल अथवा पीडीएफ में भेजे गए क्यूआर कोड के जरिए फिशिंग कराई जा रही है। माइक्रोसॉफ्ट ने एक साल में ऐसे 14.5 करोड़ क्यूआर फिशिंग हमले पकड़े हैं। फर्जी कैप्चा के जरिए यूजर से कमांड कॉपी-पेस्ट करवाकर सिस्टम में सेंध लगाने का तरीका भी तेजी से बढ़ा है। करीब 11 लाख डिवाइस पर ऐसी गतिविधि देखने को मिली हैं। वहीं, माइक्रोसॉफ्ट टीम्स पर वॉइस फिशिंग में एक साल में 502 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सबसे बड़ा खतरा यह है कि अपराधी अब तकनीक के साथ-साथ विश्वास को भी निशाना बना रहे हैं। बॉस, एचआर, पेरोल टीम, वेंडर या कारोबारी साझेदार की पहचान की नकल कर कर्मचारियों को जाल में फंसाया जा रहा है। अप्रैल से जून 2026 के दौरान रिपोर्ट किए गए 85 प्रतिशत फिशिंग ईमेल में किसी व्यक्ति या संस्था की पहचान की नकल किए जाने की बात सामने आई। इसका मतलब है कि साइबर सुरक्षा अब केवल तकनीकी विभाग की जिम्मेदारी नहीं रह गई। हर कर्मचारी और हर डिजिटल उपयोगकर्ता इसकी पहली सुरक्षा पंक्ति है। दूसरी ओर, एआई एजेंट का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। अनुमान है कि दो साल में एआई एजेंट की संख्या 130 करोड़ तक पहुंच सकती है। ये एजेंट ईमेल, कैलेंडर, सिस्टम अपडेट और डेटा एक्सेस जैसे काम कर सकेंगे। यही सुविधा यदि पर्याप्त सुरक्षा के बिना दी गई तो एक एआई एजेंट पर हमला उसके जरिए जुड़े कई सिस्टम और संवेदनशील डेटा तक पहुंच का रास्ता खोल सकता है। इसलिए चुनौती एआई के इस्तेमाल को रोकने की नहीं, बल्कि उसे जिम्मेदार और सुरक्षित बनाने की है। सरकारों को महत्वपूर्ण डिजिटल ढांचे की सुरक्षा के लिए लगातार निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र मजबूत करना होगा। कंपनियों को एआई एजेंट को अधिकार देने से पहले उनकी निगरानी, सीमाएं और जवाबदेही तय करनी होगी। कर्मचारियों और आम लोगों को फर्जी कैप्चा, क्यूआर कोड, आवाज की नकल और पहचान आधारित धोखाधड़ी के नए तरीकों के प्रति जागरूक करना होगा। डिजिटल दुनिया में सुविधा की रफ्तार जरूरी है, लेकिन उससे भी जरूरी यह सुनिश्चित करना है कि तकनीक की यह रफ्तार अपराधियों के हाथों की ताकत न बन जाए।



तैयारी

निर्मला सीतारमण

नेक्स्ट-जेनरेशन का जीएसटी

'विकसित भारत' बनने के भारत के संकल्प के लिए एक ऐसी अर्थव्यवस्था की आवश्यकता है जिसमें हर स्तर और आकार के उद्यम फल-फूल सकें, चाहे उनकी शुरुआत कहीं से भी हुई हो। पिछले बारह वर्षों में हमारी सरकार ने इन अनुकूल परिस्थितियों के निर्माण के लिए निरंतर कार्य किया है। वर्ष 2017 में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू होने से अप्रत्यक्ष कराधान के लिए एक साझा राष्ट्रीय ढांचा स्थापित हुआ। 'नेक्स्ट- जेनरेशन का जीएसटी' नौ वर्षों के क्रियान्वयन तथा करदाताओं और राज्यों के अनुभवों के आधार पर इसी प्रयास को आगे बढ़ाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप, नेक्स्ट-जेनरेशन जीएसटी की परिकल्पना दो परस्पर जुड़े उद्देश्यों के साथ की गई थीः कर दरों को कम व तर्कसंगत बनाना और अनुपालन को अधिक सरल बनाना। दरों में किए गए संशोधन 22 सितंबर 2025 से प्रभावी हुए। प्रक्रियात्मक सुधारों का अगला चरण शीघ्र ही जीएसटी परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

सम्मिलित रूप से, इन प्रयासों का उद्देश्य परिवारों को राहत देना, व्यवसायों को अधिक निश्चितता प्रदान करना और करदाताओं के लिए एक ऐसी प्रणाली सुनिश्चित करना है जिसमें वे बिना किसी अनावश्यक कठिनाई के अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। राज्य इस पूरी यात्रा में बराबर के साझेदार रहे हैं। वे परिषद में अपनी प्राथमिकताओं और अनुभवों को लेकर आए, निर्णयों को आकार देने में सहयोग किया और उनके क्रियान्वयन का दायित्व संभाला। मैं इस प्रतिबद्धता के लिए उनका आभार व्यक्त करती हूं। जीएसटी की प्रगति प्रत्येक सरकार के उत्तरदायित्वों का सम्मान करते हुए एक साझा राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने की इसी तत्परता पर टिकी है। इसके परिणाम विश्वास को सुदृढ़ करते हैं। अक्टूबर 2025 से जुलाई 2026 के बीच, दर्ज की गई कर-योग्य आपूर्ति के मूल्य में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 25.8% की वृद्धि हुई। कर दरों की हल्की संरचना के साथ-साथ दर्ज आर्थिक गतिविधियों में भी व्यापक विस्तार देखा गया है। यह उस सुधार के लिए एक अत्यंत उत्साहवर्धक आधार है जिसका उद्देश्य उद्यमों और सार्वजनिक वित्त दोनों को संबल प्रदान करना है। यह सुदृढ़ता हालिया राजस्व आंकड़ों में स्पष्ट दिखाई देती है। अप्रैल-सितंबर 2026 के दौरान सकल जीएसटी संग्रह 12.46 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि से 11.6% अधिक है। जून से सितंबर तक के प्रत्येक महीने में वार्षिक आधार पर दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज की गई; इन चार महीनों का कुल संग्रह मिलकर लगभग 15% की गति से बढ़ा। कर वापसी (रिफंड) के बाद शुद्ध संग्रह में भी इस छमाही के दौरान 10.4% की वृद्धि हुई। इस प्रकार, करदाताओं को दी गई राहत और विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों में वृद्धि साथ-साथ हुई है। इस विस्तार का दायरा उसके पैमाने जितना ही महत्वपूर्ण है। सभी 11 क्षेत्रक समूहों और सभी प्रमुख राज्यों में दर्ज कर-योग्य आपूर्ति में वृद्धि देखी गई। भारत जैसी विविध अर्थव्यवस्था में यह व्यापक प्रसार अत्यंत महत्वपूर्ण है। विभिन्न क्षेत्रों और भौगोलिक हिस्सों में होने वाली यह वृद्धि अधिक से अधिक व्यवसायों को विस्तार लेते बाज़ारों में भाग लेने का अवसर देती है, और इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न मांग,



निवेश तथा रोज़गार से अधिकाधिक समुदायों को लाभान्वित करती है। सुधार के बाद की अवधि की तुलना में उपभोक्ताओं को की गई प्रत्यक्ष बिक्री (बी2सी) में भी 26.7% की बढ़ोतरी हुई। जब कर राहत का प्रभाव कीमतों में दिखाई देता है, तो परिवारों के पास अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने या बचत करने के लिए अधिक गुंजाइश होती है। उपभोक्ता राहत और उद्यम विकास आपस में गहराई से जुड़े हैं: परिवारों की क्रय शक्ति व्यवसायों द्वारा दी जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की मांग को बनाए रखती है। इसका लाभ परिवार से लेकर खुदरा विक्रेता, आपूर्तिकर्ता और उत्पादक तक सभी तक पहुंचता है। लघु और मध्यम उद्यमों के लिए एक राष्ट्रीय बाज़ार तभी सार्थक होता है जब वह उनके स्थानीय परिवेश से परे ग्राहकों तक पहुँचने का व्यावहारिक मार्ग प्रशस्त करे। द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शहरों के व्यवसायों को स्थानीय स्तर पर निवेश और रोज़गार जारी रखते हुए ऐसे संबंध बनाने में सक्षम होना चाहिए। दूसरी ओर, इन शहरों में विस्तार करने वाले उद्यम स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं और वितरकों के लिए नए अवसर सृजित कर सकते हैं। जीएसटी का साझा ढांचा इन कड़ियों को सुदृढ़ करता है; और सरल प्रशासनिक व्यवस्था को इन्हें बनाए रखना और भी सहज बनाना होगा। इस व्यवस्था में सहभागिता अत्यंत व्यापक रही है। अगस्त के अंत तक केंद्र और राज्य क्षेत्राधिकारों के अंतर्गत कुल जीएसटी पंजीकरण लगभग 1.71 करोड़ तक पहुंच गए, जो एक वर्ष पहले की तुलना में लगभग 15% अधिक हैं। अप्रैल-जुलाई 2026 की कर अवधियों के लिए, निर्धारित तिथि तक दाखिल किए गए जीएसटीआर-3बी रिटर्न पिछले वर्ष की समान अवधियों की तुलना में 12.6% अधिक थे। ये सुधार प्रशासन पर एक समान दायित्व भी डालते हैं: नियमित अनुपालन को विश्वसनीय सेवा, स्पष्ट मार्गदर्शन और समस्याओं के समयबद्ध समाधान द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की कार्यप्रणाली इस अनुभव का एक अन्य महत्वपूर्ण हिस्सा है। सुधार-उपरांत आंकड़े दर्शाते हैं कि इनपुट टैक्स क्रेडिट के माध्यम से चुकाई गई कर देयता का अनुपात बढ़ा है, जबकि कर-योग्य आपूर्ति के सापेक्ष संचित क्रेडिट में कमी आई है। यह उन व्यवसायों के लिए उत्साहवर्धक है जो पात्र क्रेडिट के प्रभावी उपयोग पर निर्भर करते हैं। किसी छोटे उद्यम के लिए उसकी कार्यशील पूंजी ही यह तय करती है कि वह कितनी सुगमता से कच्चा माल खरीद सकता है, कोई ऑर्डर पूरा कर सकता है और अगला काम हाथ में ले सकता है। कर वापसी (रिफंड) भी उतनी ही प्रासंगिक है। अप्रैल-सितंबर के दौरान लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपये की धनराशि रिफंड के रूप में लौटाई गई। व्यवसायों के प्राप्य बकाये को वापस लौटाना एक सुव्यवस्थित कर प्रणाली का अनिवार्य अंग है। इस प्रक्रिया में अधिक निश्चितता और पूर्वानुमेयता उद्यमों को अधिक आत्मविश्वास के साथ खरीद और उत्पादन की योजना बनाने में सहायता करेगी। किसी करदाता को देय रिफंड प्राप्त होने का अनुभव प्रशासनिक दक्षता का एक प्रमुख पैमाना होता है। राज्यों की राजस्व स्थिति भी अधिक सुदृढ़ हुई है। इस वर्ष अप्रैल-सितंबर के दौरान एकीकृत माल और सेवा कर (आईजीएसटी) निपटान में उनके हिस्से सहित राज्यों की कुल एसजीएसटी प्राप्तियों में लगभग 16% की वृद्धि हुई। ये संसाधन बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं में निवेश को गति प्रदान करते हैं, जिससे परिवारों और उद्यमों को अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बेहतर परिवेश मिलता है। जीएसटी की बढ़ती परिपक्वता हमें सुधारों के अगले चरण के लिए एक सशक्त आधार प्रदान करती है।

'विकसित भारत' बनने के भारत के संकल्प के लिए एक ऐसी अर्थव्यवस्था की आवश्यकता है जिसमें हर स्तर और आकार के उद्यम फल-फूल सकें, चाहे उनकी शुरुआत कहीं से भी हुई हो। पिछले बारह वर्षों में हमारी सरकार ने इन अनुकूल परिस्थितियों के निर्माण के लिए निरंतर कार्य किया है। वर्ष 2017 में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू होने से अप्रत्यक्ष कराधान के लिए एक साझा राष्ट्रीय ढांचा स्थापित हुआ। 'नेक्स्ट- जेनरेशन का जीएसटी' नौ वर्षों के क्रियान्वयन तथा करदाताओं और राज्यों के अनुभवों के आधार पर इसी प्रयास को आगे बढ़ाता है। जीएसटी की बढ़ती परिपक्वता हमें सुधारों के अगले चरण के लिए एक सशक्त आधार प्रदान करती है।

(लेखिका केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

बाजार

राकेश कौल



पुरानी कार के लिए इंश्योरेंस कम होना चाहिए या ज्यादा

कार रखने वाले कई लोग मानते हैं कि जैसे-जैसे उनका वाहन पुराना होता जाता है, उसके लिए इंश्योरेंस की आवश्यकता अपने आप कम होती जाती है। हालांकि कार की आयु बढ़ने के साथ इंश्योरेंस का प्रीमियम अक्सर कम हो जाता है, लेकिन कवरेज की सही राशि केवल कार के निर्माण वर्ष पर निर्भर नहीं करती। गाड़ी का इस्तेमाल कितनी बार होता है, उसे कहां चलाया या पार्क किया जाता है, मालिक की आर्थिक ज़रूरतें क्या हैं और वह अपनी गाड़ी के लिए कितनी सुरक्षा चाहता है, इन सभी बातों की इंश्योरेंस कवरेज तय करने में अहम भूमिका होती है। अच्छी खबर यह है कि पुरानी कार के मालिकों के पास चुनने के लिए कई इंश्योरेंस विकल्प होते हैं। समय के साथ इंश्योरेंस की ज़रूरतें कैसे बदलती हैं, यह समझकर वे ऐसा कवरेज चुन सकते हैं, जो बजट में भी रहे और गाड़ी को पर्याप्त सुरक्षा भी दे। जैसे-जैसे कार पुरानी होती जाती है, उसकी कीमत में धीरे-धीरे कमी आती है, क्योंकि समय के साथ उसकी वैल्यू घटती रहती है। इसका असर इंश्योर्ड डिक्लेयर्ड वैल्यू (आईडीवी) पर पड़ता है, यानी वह राशि जो इंश्योरेंस कंपनी गाड़ी पूरी तरह खराब होने या चोरी होने की स्थिति में आपको दे सकती है। क्योंकि आईडीवी समय के साथ कम हो जाती है, इसलिए इंश्योरेंस प्रीमियम भी कम हो सकते हैं। हालांकि, इंश्योरेंस सिर्फ गाड़ी की मार्केट वैल्यू पर ही निर्भर नहीं करता। यह दुर्घटना, चोरी, प्राकृतिक आपदाओं और थर्ड-पार्टी से जुड़ी ज़िम्मेदारियों के कारण अचानक होने वाले के खर्चों से भी सुरक्षा देता है। इसलिए, इंश्योरेंस कवरेज का फैसला सिर्फ गाड़ी की आयु के मुताबिक नहीं, बल्कि अपनी ज़रूरतों और संभावित जोखिमों को ध्यान में रखकर करना चाहिए। कई साल पुरानी होने के बाद भी कार रोज़मर्रा की जिंदगी का एक अहम हिस्सा बनी रहती है। चाहे कार का इस्तेमाल रोज़ ऑफिस आने-जाने, परिवार के साथ घूमने या कभी-कभार यात्रा करने के लिए होता हो, सही इंश्योरेंस कवरेज होने से अचानक आने वाले बड़े खर्चों की चिंता कम हो जाती है। सड़क पर दुर्घटना या अचानक कोई अनहोनी कभी भी हो सकती है, फिर चाहे गाड़ी कितनी भी पुरानी क्यों न हो। कॉम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस दुर्घटना, टक्कर, आग, प्राकृतिक आपदाओं और पॉलिसी में शामिल अन्य घटनाओं से होने वाले नुकसान को कवर करता है। इससे गाड़ी के मालिकों को मरम्मत के खर्च को बेहतर तरीके से संभालने में मदद मिलती है। कई साल पुरानी होने के बाद भी कार एक कीमती संपत्ति होती है। पैकेज पॉलिसी में गाड़ी चोरी होने की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा मिलती है, जिससे चोरी के कारण होने वाले बड़े आर्थिक नुकसान का बोझ कुछ कम हो सकता है। भारत में सभी वाहनों के लिए थर्ड-पार्टी कार इंश्योरेंस अनिवार्य है। यह थर्ड पार्टी को लगी चोटों, मृत्यु या प्रॉपर्टी के नुकसान से जुड़ी कानूनी और फाइनेंशियल देयताओं को कवर करता है। कॉम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस में इंश्योर्ड वाहन के लिए सुरक्षा प्रदान करते समय इस अनिवार्य कवर को शामिल किया जाता है। थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस वाहन के स्वामित्व के लिए कानूनी आवश्यकता को पूरा करता है। यह किसी दूसरे व्यक्ति को चोट लगने, उसकी मृत्यु होने या उसके वाहन अथवा संपत्ति को नुकसान पहुंचने पर होने वाली कानूनी और आर्थिक ज़िम्मेदारियों को कवर करता है। कॉम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस में थर्ड-पार्टी लायबिलिटी कवरेज के साथ आपकी अपनी गाड़ी को भी दुर्घटना, चोरी, आग और प्राकृतिक आपदाओं जैसे जोखिमों से सुरक्षा मिलती है। भले ही इसे आमतौर पर नई गाड़ियों के साथ जोड़ा जाता है, लेकिन यह पुरानी कारों के लिए भी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है, बशर्ते वे नियमित रूप से चलती हों, अच्छी स्थिति में हों, किसी खास जगह के जोखिमों के दायरे में आती हों या आपके मन के करीब हों। सिर्फ थर्ड-पार्टी इंश्योरेंस के मुकाबले यह आपको और भी ज़्यादा सुरक्षा देता है, जिससे अचानक आने वाले खर्चों से बचने में काफी मदद मिलती है। पुरानी कार के लिए इंश्योरेंस चुनते समय यह देखना फायदेमंद रहता है कि पॉलिसी कुल मिलाकर आपको कितनी सुरक्षा दे रही है। कॉम्प्रिहेंसिव कवर के साथ-साथ सही ऐड-ऑन कवर लेने से सुरक्षा का दायरा और बढ़ जाता है, जिससे कार मालिक अपनी ज़रूरत के हिसाब से पूरी सुरक्षा पा सकते हैं। जो लोग गाड़ी के इस्तेमाल के हिसाब से प्रीमियम में थोड़ी छूट चाहते हैं, उनके लिए इंश्योरेंस कंपनियां 'पे-एज़-यू-ड्राइव' या 'यूसेज-बेस्ड' (इस्तेमाल पर आधारित) प्लान का विकल्प भी देती हैं। अलग-अलग फीचर्स और फायदों की अच्छे से समीक्षा करके कार मालिक ऐसा प्लान चुन सकते हैं जो उन्हें सही सुरक्षा दे और बिना किसी चिंता के बेफिक्र होकर सफर करने में मदद करे।

(लेखक चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, बजाज जनरल इंश्योरेंस हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

पूर्वजों के प्रति आभार जताने के दिन



संकलित

दर्शन

श्राद्ध केवल एक अनुष्ठान नहीं है। यह पूरी श्रद्धा के साथ किया जाने वाला एक ऐसा कार्य है, जिसके द्वारा हम अपने जीवन में परिवार के मृत सदस्यों के योगदान को पहचानते हैं, स्वीकार करते हैं। इसके अलावा उन्हें याद करते हुए कृतज्ञता की भावना व्यक्त करते हैं। ऐसा करने पर निश्चित रूप से कुछ ऐसे कंपन उत्पन्न होते हैं, जो इस भौतिक संसार के दायरे से परे चले जाते हैं और इस अर्थ में दिवंगत आत्मा तक पहुंचते हैं। यदि आप कृतज्ञता और श्रद्धा की भावना महसूस किए बिना केवल अनुष्ठान करते हैं, तो उसका कोई अर्थ नहीं है। श्राद्ध हमारे उन पूर्वजों की याद में अच्छे कर्म करने का एक माध्यम है, जो अस्तित्व के इस भौतिक स्तर को पार कर चुके हैं। यह जीवित लोगों को याद कराता है, सब कुछ अनित्य है। हमारे प्राचीन ग्रंथ कहते हैं, 'यत पिंडे तत ब्रह्माण्डे'- 'जो इस शरीर में है, वही ब्रह्मांड में है।' कोई आत्मा अपने सांसारिक जगत से निकलती है, तो वह सार्वभौमिक चेतना में विलीन हो जाती है। यह एक निराकार और अगोचर क्षेत्र है। यह टीवी के विभिन्न चैनलों में ट्यूनिंग के कार्य के समान है। हम एक चैनल से संपर्क बनाते हैं, लेकिन उसी स्थान पर अन्य चैनलों की तरंगें भी मौजूद होती हैं, जिन्हें हम आवृत्ति बदलने पर प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार, हम अपने दिवंगत प्रियजनों की आत्मा की उपस्थिति को तब महसूस कर सकते हैं, जब हम उन्हें श्रद्धा के साथ याद करते हैं।

क्रोधी जीवनसाथी से रहें सावधान



संकलित

प्रेरणा

आचार्य चाणक्य ने हमेशा क्रोध करने वाली पत्नी से दूरी की बात कही है। उनके समय की सामाजिक व्यवस्था आज से अलग थी, इसलिए इस सीख को केवल महिलाओं तक सीमित करके देखना जरूरी नहीं है। इसका व्यापक अर्थ ऐसे जीवनसाथी से जुड़ा है, जिसके व्यवहार में लगातार क्रोध, झगड़ा और कटुता बनी रहे। पति-पत्नी के रिश्ते में सम्मान और संवाद का होना जरूरी है। हर बात पर गुस्सा और विवाद घर के माहौल को प्रभावित करता है। इसलिए रिश्ते में समस्या आने पर बातचीत, समझ और सुधार की कोशिश जरूरी है। चाणक्य की यह सीख बताती है कि केवल रिश्ते का नाम बनाए रखना ही पर्याप्त नहीं, उसके भीतर स्नेह और सम्मान भी होना चाहिए। चाणक्य कहते हैं कि रिश्ते सिर्फ नाम या खून के संबंध से नहीं निभते, उनमें अपनापन और स्नेह भी होना चाहिए। अगर कोई अपना ही व्यक्ति आपके सुख-दुख से कोई मतलब नहीं रखता और जरूरत के समय साथ खड़ा नहीं होता, तो ऐसे रिश्ते को केवल मजबूरी में ढोते रहने का कोई अर्थ नहीं है। लगातार उपेक्षा और स्वार्थ वाले संबंध मन को भीतर से परेशान करते हैं। ऐसे लोगों से हर समय उलझने के बजाय जरूरत के अनुसार, दूरी बनाना बेहतर है। चाणक्य की इस सीख का भाव रिश्ते तोड़ने से ज्यादा ऐसे संबंधों को पहचानने का है, जहां अपनापन खत्म हो चुका है और साथ केवल नाम भर का रह गया है।

अंतर्मन



आज की पाती

दशहरे पर आत्ममंथन की जरूरत

हर साल जब दशहरे की शाम को रावण के विशाल पुतले धू-धू कर जलते हैं, तो दर्शकों की आंखों में उत्सव का रोमांच दिखाई देता है। पटाखों की गड़गड़ाहट, आतिशबाज़ी की चमक और भीड़ का शोर इस पर्व को एक रंगीन उत्सव में बदल देता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इस पूरे आयोजन का संदेश- बुराई पर अच्छाई की जीत- हमारे जीवन और समाज में कहीं उतर पाता है? आज दशहरा एक मनोरंजन का ट्रेंड बनकर रह गया है। लोग पुतले जलाते हैं, फोटो और वीडियो बनाते हैं, सोशल मीडिया पर साझा करते हैं। लेकिन यह सोचने का समय शायद ही निकालते हैं कि यह रावण दहन केवल परंपरा निभाने के लिए नहीं, बल्कि हमें आत्ममंथन और सामाजिक सुधार का अवसर देने के लिए शुरू हुआ था।

- मोनिका देशवाल, सोनीपत

करंट अफेयर

फेलोशिप पाने वाले पीएचडी के शोधार्थियों के लिए गाइडलाइन

दिल्ली के अंबेडकर विश्वविद्यालय ने फेलोशिप प्राप्त करने वाले पूर्णकालिक पीएचडी शोधार्थियों के लिए अपने दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। नए दिशानिर्देशों ने 31 जुलाई को जारी उस कार्यालय आदेश का स्थान लिया है, जिसके बाद छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया था।



विश्वविद्यालय की 31 जुलाई की अधिसूचना में फेलोशिप प्राप्त करने वाले पूर्णकालिक पीएचडी शोधार्थियों के लिए उपस्थिति संबंधी अनिवार्यता लागू की गई थी। इससे शोधार्थियों के बीच उनकी अकादमिक और शोध संबंधी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाए जाने को लेकर चिंता पैदा हुई थी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अब कहा है कि 31 जुलाई की अधिसूचना को 30 सितंबर को जारी संशोधित कार्यालय आदेश से बदल दिया गया है। नए आदेश में शोधार्थियों को अधिक लचीलापन दिया गया है, हालांकि, उन्हें पाठ्यक्रम और सेमिनार में उपस्थित रहना होगा तथा अकादमिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के साथ अपने शोध कार्य में प्रगति बनाए रखनी होगी। प्रशासन ने कहा कि उपस्थिति का रिकॉर्ड शोध पर्यवेक्षक और कार्यक्रम समन्वयक रखेंगे तथा संबंधित स्कूल के डीन इसकी पुष्टि करेंगे। शोध पर्यवेक्षक, डीन के समग्र मार्गदर्शन में, शोधार्थी की संतोषजनक अकादमिक भागीदारी और उसके शोध कार्य में प्रगति सुनिश्चित करने के लिए भी जिम्मेदार होंगे।

ऑफ बीट

विनिमय दर को बचाव तंत्र के रूप में काम करने दे भारत

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी के फैसले से वैश्विक वित्तीय स्थितियां सख्त होंगी। इसके साथ ही उसने भारत को सुझाव दिया कि वह विनिमय दर को बचाव तंत्र के रूप में काम करने दे। आईएमएफ के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि ऐतिहासिक रूप से फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी ने पूंजी प्रवाह, वित्तपोषण की स्थितियों और विनिमय दर में उतार-चढ़ाव के जरिए उभरते बाजारों के लिए कुछ दबाव पैदा किया है।



मुद्रास्फीति से निपटने के अपने प्रयासों के तहत फेडरल रिजर्व ने 17 सितंबर को जुलाई 2023 के बाद पहली बार ब्याज दरों में वृद्धि की और संकेत दिया कि आगे एक और बढ़ोतरी हो सकती है। प्रवक्ता ने कहा कि अन्य देशों की तरह भारत पर इसका प्रभाव सख्ती (दर वृद्धि) की गति और अवधि के साथ ही घरेलू आर्थिक स्थितियों पर निर्भर करेगा। आईएमएफ प्रवक्ता ने कहा, हालांकि, भारत इस दौर में मजबूती की स्थिति के साथ प्रवेश कर रहा है। मजबूत वृद्धि की रफ्तार, एक भरोसेमंद मुद्रास्फीति-लक्षित ढांचा, पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार और कंपनियों तथा वित्तीय क्षेत्र के मजबूत बही-खातों ने भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को बढ़ाया है।

ट्रेंड

अधिकारों की लड़ाई



देश भर में लोग अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं और अक्सर अकेले ही लड़ रहे हैं। जेन ज़ी, छात्र, किसान, आदिवासी, दलित, महिलाएँ-हर संघर्ष की अपनी कहानी है। लेकिन जो आवाज़ अकेले उठती है, वह अक्सर दबा दी जाती है।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

गठबंधन की जीत हो



जब नज़र मंज़िल पर टिकी हो, तो सफर आसान हो जाता है! अहम बात यह नहीं है कि गठबंधन को कितनी सीटें मिलती हैं या कौन सी सीट किसे मिलती है, अहम बात यह है कि हम सब यह पक्का करें कि जीत गठबंधन की ही हो।

- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

खिलाड़ियों का समर्थन



हमारे खिलाड़ियों ने एशियन गेम्स में मेडल टेबल पर चौथा स्थान हासिल किया। सभी को बधाई। हमें हर खेल में अपने खिलाड़ियों का समर्थन और हौसला बढ़ाना चाहिए। वे सच में इसके हकदार हैं।

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

कानून का डर कम



पंजाब में न तो कानून का रुतबा बचा है और न ही अपराधियों में कानून का डर ! एक ही दिन में एक इन्फ्लुएंसर और एक पूर्व सरपंच की हत्या बेहद चिंताजनक है। दिन-दहाड़े होने वाले अपराध इस बात का संकेत हैं कि अपराधियों के मन से कानून का डर कम होता जा रहा है।

- **सचिन पायलट,** पूर्व केंद्रीय मंत्री

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप



एक्सीलेंस एवम सांदीपनि स्कूल में NMMS की परीक्षा सम्पन्न

बड़वारा। रविवार को NMMS की परीक्षा का आयोजन समय 11.00 बजे से 2:15 मिनट तक आयोजन शासकीय उच्चतर उ.मा.वि बड़वारा एवं सांदीपनि विद्यालय में किया गया जिसमें 928 बच्चों में से 828 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया परीक्षा शांतिपूर्वक एवं व्यवस्थित तरीके से संचालित हुई परीक्षा का अवलोकन एस एम सी BEO बड़वारा व सचिन उपाध्याय CAC बड़वारा एवं सुश्री प्रीति सोनी , जगदंबा तिवारी व विजेंद्र बसक बड़वारा के द्वारा किया गया।

सिलौड़ी के मुख्य मार्ग में लग रहे जाम से लोग व राहगीर परेशान

सिलौंडी। मुख्य मार्ग पर जाम की समस्या लगातार बनी हुई है। कुछ व्यापारियों द्वारा दुकानों का सामान सड़क तक फैलाने और बीच सड़क पर घंटों तक वाहन खड़ा कर सामान की लोडिंग-अनलोडिंग करने से मुख्य मार्ग पर जाम लग रहा है।जाम के कारण अन्य वाहन चालकों, स्कूली छात्र-छात्राओं, किसानों और आम जनता को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों के कारण दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि मुख्य मार्ग पर दुकानों को सड़क तक फैलाने से रोका जाए और दिन के समय सड़क पर वाहन खड़ा कर लोडिंग-अनलोडिंग पर प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि जाम की समस्या से राहत मिल सके।

सरकारी भूमि से कब्जा हटाकर गौशाला बनाने की गई मांग

सिलौंडी। सिलौंडी क्षेत्र में हर गांव में पशु को चराने वाली सरकारी भूमि में दबंग लोगों कब्जा कर उसमें कृषि कर रहे है और पशु को चराने हेतु सरकारी भूमि नही मिलने के कारण पशु सड़क में घूम रहे है । किसानों के खेत में जाकर उनकी फसल बर्बाद कर रहे हैं। कुछ दबंग लोग सरकारी भूमि में अतिक्रमण कर रहे है। सिलौंडी, नेगाई,पाली ,कछार गांव बड़ा, अतरसूमा ,लालपुर ,सांगवा ,तिलमन ,गौरा ,गौरी की राजस्व की सरकारी भूमि में दबंग लोग कब्जा कर कृषि कर रहे है । ग्रामीणों ने सिलौडी क्षेत्र की समस्त सरकारी भूमि से कब्जा अलग करके हर गांव में एक गौशाला बनने की मांग किया है जिससे किसानों की फसल भी बर्बाद नही होगी साथ ही पशु की भी देखभाल होगी।

फरार आरोपियों पर 20-20 हजार का इनाम घोषित

कटनी। एक करोड़ रूपये के जमीन के कथित सौदे और पद के दुरुपयोग से जुड़े मामले में पुलिस ने फरार आरोपियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। डीआईजी ने पूर्व सीएसपी नेहा पच्चीसिया, क्षितिज राज बारापात्रे और मारूफ अहमद हनफी की गिरफ्तारी पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। कुठला थाने में गत 19 अगस्त को मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस लगातार तीनों आरोपियों की तलाश कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जबलपुर आईजी द्वारा जांच के लिए एक विशेष जांच दल (SIT) का गठन भी किया गया था। मामले की शुरुआत एक हत्या के आरोपी से जुड़े प्रकरण से हुई थी। आरोप है कि तत्कालीन सीएसपी नेहा पच्चीसिया ने अपने पद का कथित दुरुपयोग करते हुए संबंधित आरोपी के खिलाफ 90 दिनों तक अदालत में चार्जशीट पेश नहीं होने दी, जिसके कारण उसे अदालत से जमानत मिल गई। जांच में यह बात भी सामने आई कि इसी दौरान आरोपी की लगभग 1 करोड़ 7 लाख रुपये कीमत की जमीन को कथित रूप से नेहा पच्चीसिया के करीबियों के नाम पर मात्र 18 लाख रुपये में खरीद लिया गया। फिलहाल पुलिस इस पूरे कथित लेनदेन और पद के दुरुपयोग के आरोपों की गहनता से जांच कर रही है।

नगर के विभिन्न 6 स्थानों पर आयोजित शिविरों में योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ

समस्याओं का निराकरण का दिलाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं को पात्र हितग्राहियों तक सहज, सुगम, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित 'सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' के अंतर्गत रविवार 4 अक्टूबर को नगर के 6 निर्धारित स्थान पर मेगा सेवा सेतु शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लिया। दिनभर चले शिविरों में नागरिकों से विभिन्न योजनाओं के आवेदन लिए जाकर पोर्टल पर उनके पंजीकरण की कार्यवाही जारी है। शिविर के दौरान प्राप्त आवेदनों को संबंधित शाखाओं की ओर प्रेषित कर नियमानुसार निराकरण की कार्रवाई की जा रही है।

मेगा शिविर बस स्टैंड ऑडिटोरियम, स्वामी विवेकानंद सभागार, दुर्गा चौक खिरहनी, टी.सी. बजाज स्कूल माधवनगर उप कार्यालय, नगर निगम कार्यालय तथा खेरमाई मंदिर के पास लखेरा में आयोजित किए गए। प्रत्येक केंद्र पर योजनावार काउंटर एवं हेल्प डेस्क की व्यवस्था करते हुए नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

शिविरों में पीएम स्वनिधि, संबल योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु-विवाह पंजीयन, समग्र ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, अमृत योजना, नवीन नल कनेक्शन एवं जलकर, आईएचएसडीपी, भवन अनुज्ञा, फायर एनओसी, नामांतरण एवं कर निर्धारण, ट्रेड लाइसेंस,उच्च शिक्षा विभाग गांव की बेटी योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, आई टी आई, जिला रोजगार कार्यालय सहित विभिन्न योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं से संबंधित प्रकरणों पर कार्यवाही की गई।

निगम कार्यालय में आयोजित शिविर के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न शिविर स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नागरिकों से संवाद करते हुए योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आ रही समस्याओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों के प्रकरणों का नियमानुसार त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

शिविर के दौरान महापौर श्रीमती सूरी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के हितग्राहियों आनंद कुमार कुशवाहा, शैकत नियाजी, निखिल सेन, शोभा शर्मा सरोज सिंह, राजा सक्तेल, अर्चना चैधरी , रमेश कुमार निर्माणी, राजबाई एवं रोहित भारती को हितलाभ का वितरण किया गया वहीं लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत कुमारी अश्वी पटैल को हितलाभ का वितरण किया गया। अशोक कुमार सोनी चंपाबाई दहिया को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था योजना, माहम्मद अकील को जल प्रदाय की एनओसी, अशोक कुमार बर्मन को मृत्यु प्रमाण पत्र के हितलाभ का वितरण किया गया। वहीं बस स्टैंड जाने कार्यालय में जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी द्वारा शिविर का निरीक्षण कर हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। अलग अलग स्थलों में आयोजित शिविर के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा हितलाभ वितरित किये गए।



बच्चों और अभिभावकों को पॉक्सो एक्ट और हेल्पलाइन नंबर की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले की आंगनवाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अब्दुल गफ्फार के निर्देशन एवं सहायक संचालक सुश्री वनश्री कुर्वेती के संयोजन में जिलेभर के आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण, शिक्षा एवं सम्मान के साथ बाल सुरक्षा के विषय में बच्चों और माताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षकों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों और अभिभावकों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के संबंध में जानकारी दी जा रही है। बताया गया कि संकट अथवा आपातकालीन स्थिति में बच्चों की सहायता के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर संपर्क किया जा सकता है। किसी बच्चे के मुसीबत में होने पर टोल फ्री नंबर 1098 पर कॉल कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को गुड टच और बैड टच की पहचान करने तथा किसी भी असहज स्थिति में अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने के संबंध में समझाया गया। साथ ही अभिभावकों को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो), 2012 के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। अभिभावकों को बताया गया कि बच्चों के शोषण अथवा लैंगिक अपराध से संबंधित किसी भी शिकायत की स्थिति में तत्काल निकटतम पुलिस थाने, विशेष किशोर पुलिस इकाई, जिला बाल संरक्षण इकाई अथवा बाल कल्याण समिति से संपर्क किया जा सकता है। आंगन मिलन सेवा के माध्यम से बच्चों के सुरक्षित वातावरण, अधिकारों और संरक्षण के प्रति समुदाय में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

तिलक कॉलेज में सेवा संकल्प अभियान के तहत हुआ आयोजन

एड्स जागरूकता पर कार्यशाला, विद्यार्थियों को दी बचाव और सुरक्षित व्यवहार की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं प्राणीशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एड्स जागरूकता विषय पर कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एड्स से संबंधित तथ्यात्मक जानकारी देने के साथ बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना रहा।

कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. माधुरी गर्ग, जिला संगठक डॉ. रुक्मणी प्रताप सिंह के निर्देशन तथा कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सुचि सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने एड्स के कारण, लक्षण, बचाव, उपचार एवं जागरूकता से संबंधित प्रस्तुतियां दीं। स्लाइड शो, प्रश्नोत्तर, पोस्टर प्रदर्शन और जागरूकता संदेशों के माध्यम से विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि जिला हॉस्पिटल कटनी के हेमंत श्रीवास्तव ने कहा कि एड्स के प्रति जागरूकता ही इससे बचाव का महत्वपूर्ण माध्यम है। युवाओं को सही जानकारी प्राप्त कर सुरक्षित व्यवहार अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

भ्रांतियों से रहे दूर

डॉ. माधुरी गर्ग ने कहा कि समाज में जागरूकता फैलाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस तरह की गतिविधियां एड्स से जुड़े मिथकों, भ्रांतियों और सामाजिक भ्रम को दूर करने में सहायक होती हैं।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुचि सिंह, सहायक प्राध्यापक, प्राणीशास्त्र विभाग ने किया तथा आभार कार्यक्रम अधिकारी सागर पटेल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो. जी.एम. मुस्तफा, डॉ. अनिल तौहेल, डॉ. माधुरी गर्ग, डॉ. संगीता बसरानी, सागर पटेल सहित महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, NSS स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को एड्स जागरूकता संबंधी संदेशों को स्वयं अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम शिक्षाप्रद एवं जागरूकतापरक वातावरण में संपन्न हुआ।

वृद्धजनों का सम्मान कर उनके जीवन के सुने अनुभव



सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दद्दा धाम स्थित श्री कृष्ण वृद्ध आश्रम में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित कर वृद्धजनों की सेवा और सम्मान किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मेहरा, उपसंचालक श्री मोदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृद्ध समाज की अनमोल धरोहर है। इनका अनुभव हमें बहुत कुछ सिखाता है। इनकी सेवा और सम्मान सर्वोपरि है। कार्यक्रम के दौरान वृद्धजनों को शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार भेंट कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने बुजुर्गों से आत्मीय संवाद करते हुए उनके जीवन के अनुभव सुने और उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। वृद्धजनों के सम्मान, आत्मीयता और उनकी जरूरतों की पूर्ति को सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए कार्यक्रम में संवेदनशीलता एवं सामाजिक सरोकार का संदेश दिया गया। विभाग द्वारा जरूरतमंद वृद्धजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप कृत्रिम अंग, स्टिक, बैसाखी, श्रवण यंत्र सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित कर सेवा की गई। इस दौरान बुजुर्गों का चिकित्सीय स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं आवश्यक तथा उचित परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में मधुर भजन प्रस्तुति ने वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वृद्धजनों के चेहरों पर प्रसन्नता और उत्साह भर दिया। कार्यक्रम के माध्यम से बुजुर्गों के प्रति सम्मान, अपनत्व और सहयोग की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया।

दिव्यांगता चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



जनपद शिक्षा केन्द्र बड़वारा में समग्र शिक्षा अभियान समावेशित शिक्षा अंतर्गत विकासखंड बड़वारा के समस्त शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए दिव्यांगता चिकित्सा मूल्यांक शिविर का आयोजन किया गया । जिसमे विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की औपचारिक पहचान की गई । भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम जबलपुर (एलिम्को) द्वारा आवश्यकता अनुसार चिन्हांकन कर निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान करने हेतु रजिस्ट्रेशन कर सूचीबद्ध किया गया। साथ ही साथ दिव्यांग विद्यार्थीयो की जांच हेतु जिले से चिकित्सक भी उपस्थित हुए। जो कि दिव्यांगता की विभिन्न श्रेणी के अनुसार श्रवण बाधित - 31,दृष्टिबाधित - 35,अस्थि बाधित - 44 व मानसिक के 72 कुल 182 विद्यार्थियों की शिविर में जांच की गई । व कुल 182 विद्यार्थीयो में 123 विद्यार्थियों को लाभान्वित कर तत्काल दिव्यांगता प्रमाणपत्र का वितरण किया गया।

शिविर में विद्यालय से आने वाले विद्यार्थियों के लिए भोजन भत्ता व यात्रा देयक भत्ता शिविर में ही वितरित किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस.एम.सिंह ,मुख्य मार्गदर्शक DPC प्रेम नारायण तिवारी,APC IED अनिल त्रिपाठी, जिला चिकित्सालय टीम,एलिम्को टीम,के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया। शिविर व्यवस्थापक के रूप में जगदम्बा तिवारी BAC, मनेंद्र समदड़िया, विशेष शिक्षक, MIS, सुश्री प्रगति कोरी (OP), दीन बंधु पटेल द्वारा की गई। शिविर प्रभारी विजेंद्र बसक (MRC बड़वारा) व BRCC बड़वारा शशांक तेकाम द्वारा उपस्थित अतिथि, अभिभावक व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया ।

ग्राम पंचायत पहाड़ी में जन संवाद शिविर का हुआ आयोजन

विधायक और कलेक्टर ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, समाधान का दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सेवा सेतु अभियान एवं मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत पहाड़ी में जनसंवाद शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल एवं कलेक्टर आशीष तिवारी ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का नियमानुसार परीक्षण कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

शिविर में ग्रामीण विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं और मांगों के आवेदन लेकर पहुंचे। किसी ने राजस्व संबंधी समस्या रखी, तो किसी ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास, खाद्य, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास से संबंधित प्रकरण प्रस्तुत किए। विधायक एवं कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक की बात गंभीरता और धैर्यपूर्वक सुनी तथा संबंधित अधिकारियों से प्रकरण की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शिविर में 64 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का संवेदनशीलता के साथ परीक्षण करते हुए नियमानुसार प्रभावी निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निराकरण में समय-सीमा और गुणवत्ता दोनों का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

विधायक संदीप जायसवाल और कलेक्टर आशीष तिवारी ने शिविर समाप्त होने के बाद भी ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि उनकी कोई अन्य समस्या तो नहीं है। इस दौरान अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए।

जनसंवाद शिविर में ग्रामीणों को अपनी समस्याएं सीधे जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिला। इससे ग्रामीणों में अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर भरोसा और विश्वास का भाव नजर आया। इस दौरान अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

विद्यार्थियों को कृषि की विभिन्न तकनीकों की दी जानकारी

मिट्टी परीक्षण का नमूना लेने की विधि का तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मप्र शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को जैविक खेती के माध्यम से शिक्षा के साथ स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा विद्यार्थियों को कृषि की विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी जा रही है।

इसी क्रम में स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को मिट्टी परीक्षण के लिए मिट्टी का नमूना लेने की वैज्ञानिक एवं तकनीकी विधि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि गेहूं की कटाई के बाद अप्रैल-मई माह में मिट्टी का नमूना लेना उपयुक्त रहता है। एक हेक्टेयर क्षेत्र से वैज्ञानिक विधि के अनुसार 15 से 20 स्थानों से नमूने लिए जाने चाहिए।

विशेषज्ञ ने बताया कि प्रत्येक चयनित स्थान पर 6 से 9 इंच गहराई का वी-आकार का गड्ढा खोदकर ऊपर से नीचे तक की परत से लगभग 500 ग्राम मिट्टी ली जाती है। सभी स्थानों से प्राप्त मिट्टी को अच्छी तरह मिलाने के बाद निर्धारित विधि से 500 ग्राम प्रतिनिधि नमूना अलग कर नमूना पत्र के साथ मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाता है। परीक्षण रिपोर्ट में प्राप्त परिणामों एवं अनुशंसाओं के आधार पर खेत में आवश्यक खाद एवं पोषक तत्वों की मात्रा निर्धारित करने की जानकारी भी दी गई।

प्रशिक्षण में बताया गया कि मिट्टी परीक्षण के माध्यम से जैविक कार्बन, नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश तथा पीएच मान की जानकारी प्राप्त होती है। इससे मिट्टी की अम्लीयता एवं क्षारीयता के साथ विद्युत चालकता के माध्यम से मिट्टी में घुलनशील लवणों की स्थिति का भी पता चलता है।

विद्यार्थियों को बताया गया कि मिट्टी परीक्षण से खेत की भौतिक एवं रासायनिक दशा, भूमि में उपलब्ध पोषक तत्वों तथा फसल के लिए आवश्यक उर्वरकों की सही मात्रा की जानकारी मिलती है। इससे अनावश्यक खाद के उपयोग को कम कर उत्पादन लागत में कमी और कृषि से अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही मिट्टी की उपजाऊ क्षमता को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए प्रत्येक दो से तीन वर्ष के अंतराल में मिट्टी परीक्षण कराने तथा नमूना लेते समय आवश्यक सावधानियां बरतने की जानकारी दी गई।

पार्किंग में खड़ी बाइक चोरो ने किया पार

कटनी। कैमोर थाना क्षेत्र में चोर ने मोटरसाइकिल चोरी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम हर्रैया निवासी कमलेश कुमार कोल 46 वर्ष 2 अक्टूबर की शाम करीब 06:00 बजे किसी काम से आए थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल पार्किंग में पार्क की और अपने काम के लिए चले गए। जब वे वापस लौटे तो पार्किंग स्थल से उनकी बाइक नदारद थी। पीड़ित ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और काफी खोजबीन की, लेकिन वाहन का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने कैमोर थाने पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। चोर की पतासाजी का प्रयास किया जा रहा है। क्षेत्र में बढ़ती चोरी की वजह से लोगों में भय का माहौल बना है।

छात्रावास एवं शालाओं का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी अनुराग मोदी, जिला संयोजक विमल चौरसिया ने राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह सीनियर बालक छात्रावास, देवरी भदौरा, विकासखंड कटनी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने छात्रावास में विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध आवासीय व्यवस्था, स्वच्छता, भोजन, पेयजल, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी भी ली। अधिकारियों ने छात्रावास प्रबंधन को विद्यार्थियों को बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने, साफ-सफाई बनाए रखने तथा मूलभूत सुविधाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जन विश्वास एवं सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य शासकीय संस्थाओं की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करते हुए हितग्राहियों तक बेहतर सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना है। भ्रमण के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मोदी ने ग्राम पंचायत लखपतेरी और बिछुआ की प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में विद्यार्थियों से संवाद कर पढ़ाई की जानकारी ली एवं मध्यान्ह भोजन को चखा। उन्होंने मेनू के अनुसार भोजन बनाने जाने के निर्देश संबंधित जनों को दिए। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक कमलेश सैनी, मृगेंद्र सिंह, ऋषि राज चढ़ार एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

अमेरिका के दावे पर ईरान का पलटवार, जब तक शर्तें नहीं मानोगे, तब तक बंद रहेगा होर्मुज

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान ने कहा है कि होर्मुज जलडमरुमध्य तब तक बंद रहेगा जब तक अमेरिका तय की गई सात शर्तों को पूरा नहीं करता। उसका यह बयान तब आया है, जब अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दावा किया है कि होर्मुज जलडमरुमध्य पर अमेरिका का प्रभाव कायम है। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि युद्ध का कोई सैन्य समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर ईरान पर हमला होता है तो हम जवाबी कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस बीच होर्मुज जलडमरुमध्य के लगातार बंद रहने और लाल सागर में हूती विद्रोहियों के ब्लॉकेड के कारण अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।

अब्बास अराघची ने कहा, युद्ध का कोई सैन्य समाधान नहीं

ईरान ने अमेरिका के सामने 7 शर्तें रखी

ईरान की संसद के स्पीकर और शांति समझौते के मुख्य वार्ताकार मोहम्मद बाघेर घालीबाफ का कहना है कि तेहरान की ओर से होर्मुज जलडमरुमध्य को फिर से खोलने के लिए सात-दिवसीय रोडमैप पेश करने के बाद वाशिंगटन ने एक मध्यस्थ के जरिए कुछ प्रस्ताव दिए हैं। लेकिन उन्होंने कहा कि अमेरिका को यह पता होना चाहिए कि समय बर्बाद करने और एकतरफा मांगें थोपने का दौर खत्म हो चुका है और ईरान का रुख साफ और पक्का है। उन्होंने कहा, होर्मुज जलडमरुमध्य तब तक नहीं खुलेगा जब तक इस्लामाबाद मेमोरेंडम पर आधारित हमारी सात शर्तें पूरी नहीं हो जातीं।"



ईरान लड़ेगा और बातचीत भी करेगा: घालीबाफ

घालीबाफ ने कहा कि ईरान अमेरिका की हरकतों से न तो उत्साहित है और न ही डरा हुआ है और वह लड़ेगा भी और बातचीत भी करेगा। उन्होंने कहा, हम पूरी ताकत के साथ सैन्य युद्ध के मैदान में मौजूद हैं और नए सरप्राइज के साथ उनका सामना करेंगे। साथ ही, हम सैन्य क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता स्थापित करने और ईरानी लोगों के अधिकारों को लागू करने के लिए कूटनीति के साधनों का भी इस्तेमाल करेंगे।

ईरान की 7 शर्तें

- सैन्य कार्रवाइयों पर पूर्ण विराम
- समुद्री नाकाबंदी की समाप्ति
- जब्त / फ्रीज किए गए फंड की रिहाई
- ईरानी तेल और ऊर्जा निर्यात की छूट
- ईरान के संप्रभु अधिकारों की मान्यता
- इस्लामाबाद समझौते की शर्तों का पालन
- परमाणु कार्यक्रम पर एकतरफा दबाव रोकना

भारत के पास करीब 190 परमाणु वॉरहेड

हवाई ताकतः मिराज मुख्य, जगुआर दूसरा विकल्प

जमीन,हवा और समुद्र से दुश्मन के घर हमले की क्षमता वाला न्यूक्लियर ट्रायड है तैयार

जमीनः मिसाइलों से हमला करने में सक्षम

समुद्रः पनडुब्बी से छोड़ी जाने वाली मिसाइलें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेशी वैज्ञानिकों का अनुमान है कि भारत के पास लगभग 190 परमाणु बम हैं और वह इन्हें ले जाने वाले सिस्टम को लगातार आधुनिक बना रहा है। बुलेटिन ऑफ द एटॉमिक साइंटिस्ट्स की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत नो फर्स्ट यूज की नीति पर कायम है।

हंस एम. क्रिस्टेंसन, मैट कोर्डा, एलियाना जॉन्स और मैकेंजी नाइट-बॉयल की लिखी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि बम तभी कारगर हैं, जब उन्हें दुश्मन के इलाके में अंदर तक,



अपनी मर्जी से और सही निशाने पर गिराया जा सके। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पास आज कई तरह के एयरक्राफ्ट, जमीन से दागी जाने वाली मिसाइलें और समुद्र आधारित सिस्टम हैं। ये मिलकर पूरी तरह काम करने वाला न्यूक्लियर ट्रायड बनाते हैं, यानी जमीन, हवा और समुद्र से परमाणु हमला करने की क्षमता। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के पास दो तरह के विमान हैं, जिनके परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम होने का अनुमान है।

फ्रांस से खरीदे और समय के साथ अपग्रेड किए गए मिराज 2000 लड़ाकू विमान परमाणु हमले के लिए मुख्य एयरक्राफ्ट बने हुए हैं। ब्रिटेन और फ्रांस के साझा डिजाइन वाले जगुआर स्ट्राइक विमान, जो दशकों पहले वायुसेना में शामिल हुए थे, दूसरा विकल्प माने जाते हैं।

अमेरिका, चीन और पाक से तुलना

रिपोर्ट के अनुसार, भारत की हवाई परमाणु क्षमता अमेरिका से अलग है। अमेरिका के पास बी-2 और बी-21 स्टील्थ बॉम्बर के साथ एडवांस्ड फाइटर जेट भी हैं। चीन एच-6 सीरीज जैसे बॉम्बर पर निर्भर है और नई लंबी दूरी की प्रणालियां विकसित कर रहा है। पाकिस्तान की क्षमता मुख्य रूप से फाइटर जेट और बढ़ती मिसाइल ताकत पर टिकी है। वहीं भारत ने संघर्ष की स्थिति में भी सुरक्षित रहने के लिए विमानों, जमीन से मार करने वाली मिसाइलों और पनडुब्बी से छोड़ी जाने वाली मिसाइलों का संतुलित मिश्रण तैयार किया है।

'डिजिटल अरेस्ट' की धमकी देकर ठगी

नई दिल्ली। दिल्ली के एक निवासी से 'डिजिटल अरेस्ट' की धमकी देकर छह लाख रुपए की साइबर धोखाधड़ी करने के आरोप में जम्मू कश्मीर और राजस्थान से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान जम्मू कश्मीर के कठुआ निवासी रीतिश कुमार मेहरा और राजस्थान के भीलवाड़ा के रहने वाले मुकेश कुम्हार के रूप में हुई है। आरोपियों ने शिकायतकर्ता से 'वीडियो कॉल' के जरिये संपर्क किया था।



हूतियों का दावा-'अरामको पर बरसाई मिसाइलें"

सऊदी अरब की राजधानी रियाद पर बड़ा हमला!



एजेंसी ▶▶ रियाद

वेस्ट एशिया में सऊदी अरब और यमन के हूती विद्रोहियों के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। हूती संगठन ने दावा किया है कि उसने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में अरामको की एक तेल फैसिलिटी को बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाया। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सरी ने कहा कि हमले में निशाने पर मौजूद ठिकानों को नुकसान पहुंचा और वहां आग लग गई। हालांकि, सऊदी अरब ने रियाद पर ऐसे किसी हमले के हूती दावे को खारिज कर दिया है।

हूती काल्पनिक जीत दिखाना चाहते हैं : सऊदी

सऊदी नेतृत्व वाले यमन गठबंधन के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने हूतियों के रियाद पर हमले के दावे को भ्रामक बताया। सऊदी मीडिया के मुताबिक, उन्होंने कहा कि हूती अपने नुकसान से ध्यान हटाने के लिए एक 'काल्पनिक जीत' दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। उनके मुताबिक, ताइज के अहम मोर्चे पर हूतियों को भारी नुकसान हुआ है। अल-मलिकी ने कहा कि हूती अपने बड़े नुकसान से लोगों का ध्यान हटाने के लिए रियाद पर कथित हमले की कहानी को सामने ला रहे हैं।हूती विद्रोही इससे पहले सऊदी अरब के यानबू इलाके में भी अरामको के खिलाफ हमले का दावा कर चुके हैं। हूती पक्ष ने यानबू पोर्ट को भी निशाना बनाने की बात कही है और इससे जुड़ी कुछ तस्वीरें सामने आने का दावा किया गया है। दूसरी ओर, सऊदी अरब ने कहा था कि उसने 6 मिसाइलों को रोक दिया है।

रियाद में आग और धुआं दिखने का दावा

हूती समर्थित चैनल अल-मसीरा ने सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी के हवाले से बताया कि रियाद में अरामको को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन ऑपरेशन चलाया गया। हूती पक्ष का कहना है कि हमले के बाद अरामको की एक फैसिलिटी के पास आग और धुएं का गुबार दिखाई दिया। इस घटना की कुछ तस्वीरें और वीडियो भी सामने आने का दावा किया गया है। हालांकि, इन तस्वीरों से हमले की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं होती। सऊदी अधिकारियों ने भी रियाद पर हमले की बात को स्वीकार नहीं किया है।

जीएसटी की बैठक में होगी चर्चा

अधिकारियों का खत्म होगा गिरफ्तारी वाला अधिकार



नई दिल्ली। जीएसटी परिषद कर अधिकारियों से गिरफ्तारी का अधिकार वापस लेने और किसी भी गिरफ्तारी के लिए अदालत की मंजूरी अनिवार्य करने के प्रस्ताव पर इस सप्ताह विचार कर सकती है। प्रस्ताव से परिचित लोगों ने यह जानकारी दी। जीएसटी पर निर्णय लेने वाली शीर्ष संस्था जीएसटी परिषद सात अक्टूबर की बैठक में अभियोजन से जुड़े सुधारों के पैकेज पर भी विचार कर सकती है। इसमें अपराधों के लिए आपराधिक कार्रवाई शुरू करने की सीमा एक करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपए करना शामिल है। प्रस्तावों से परिचित लोगों ने कहा कि अभियोजन के प्रावधानों का दायरा भी सीमित किया जा सकता है, ताकि वस्तुओं या सेवाओं के वर्गीकरण, मूल्यांकन या इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) से जुड़े सामान्य विवादों पर आपराधिक कार्रवाई न हो।

ऐसे प्रस्ताव भी

प्रस्ताव से परिचित लोगों के अनुसार, विचाराधीन व्यापक पैकेज में जीएसटी पंजीकरण आसान करना, तेजी से रिफंड देना, इनपुट टैक्स क्रेडिट की प्रक्रिया सरल करना तथा कारण बताओ नोटिस और जुर्माने से जुड़े नियमों में बदलाव शामिल हैं। प्रवर्तन से जुड़े प्रस्ताव के केंद्र में केंद्रीय जीएसटी अधिनियम की धारा 69 है।

43वीं मंजिल से कूदकर दी थी जान

पत्नी से तलाक की चर्चा से डिप्रेशन में थे संभव

नई दिल्ली। नोएडा के सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा रेजिडेंशियल बिल्डिंग की 43वीं मंजिल से जिस व्यक्ति ने कूदकर आत्महत्या की थी उसके पीछे की वजह को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आत्महत्या करने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर संभव जैन आर्थिक समस्याओं के साथ-साथ पारिवारिक विवाद से भी जूझ रहे थे। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि गुरुग्राम के मानेसर के रहने वाले संभव जैन की पत्नी उनके बच्चे को लेकर उनसे अलग रह रही थी। इस दंपत्ती के बीच संबंधों को लेकर तनाव इतना बढ़ गया था कि बात तलाक तक पहुंच गई थी।



3 करोड़ की देनी थी एलिमनी, 1 करोड़ दे चुका था

मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया जा रहा है कि संभव और उसकी पत्नी का तलाक 2025 में हो गया था और 3 करोड़ की एलिमनी देना तय हुआ था। इसमें से 1 करोड़ रुपये संभव दे चुका था और 2

तमिलनाडु उपचुनाव : सीएम विजय ने शुरू किया रोड शो

एजेंसी ▶▶ धारापुरम

तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) अध्यक्ष सी. जोसेफ विजय ने 6 अक्टूबर को होने वाले उपचुनाव से पहले पार्टी उम्मीदवार पी. सत्यबामा के समर्थन में रविवार को धारापुरम विधानसभा क्षेत्र में रोड शो शुरू किया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे विशेष विमान से चेन्नई से रवाना हुए और दोपहर करीब 12 बजकर 20 मिनट पर कोयंबटूर पहुंचे। टीवीके के सूत्रों ने बताया कि वह हेलीकॉप्टर से धारापुरम पहुंचे।धारापुरम में टीवीके के वरिष्ठ मंत्रियों ने उनका स्वागत किया।



इनमें पार्टी के महासचिव एवं ग्रामीण विकास तथा जल संसाधन मंत्री एन. आनंद और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री केए सेंगोट्टैयन शामिल थे। विजय ने करीब एक बजे अपना चुनाव प्रचार शुरू किया।

खबर संक्षेप

राष्ट्रपति मुर्मू जाएंगीं कुल्लू-मनाली

शिमला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 6 से 8 अक्टूबर तक प्रस्तावित कुल्लू-मनाली दौरे के मद्देनजर



कुल्लू जिला प्रशासन ने तीन दिवसीय यातायात योजना जारी की है। राष्ट्रपति के दौरे के लिए प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुल्लू के उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों, संगठनों और स्थानीय निवासियों से इस दौरान प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपील की। मनाली को 9 सेक्टर में बांटा गया है और 600 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

भदोही का नाम बदलकर अब होगा संत रविदास नगर

भदोही। यूपी विधानसभा चुनाव से पहले सीएम योगी ने बड़ी घोषणा की है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भदोही जिले का नाम बदलने की घोषणा की। भदोही में आयोजित एक कार्यक्रम में घोषणा करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, अब हमारा भदोही जिला 'संत रविदास नगर भदोही' के नाम से जाना जाएगा।' सीएम योगी ने कहा कि संत रविदास नगर , मिर्जापुर और वाराणसी को सिल्क क्लस्टर के रूप में विकसित किया जाएगा तथा वाराणसी-विंध्य रीजनल डेवलपमेंट प्लान को जल्द लागू किया जाएगा।



नई फसल से पहले पुराना धान हुआ सोना, मंडियों में कीमत 3500 से भी ज्यादा

पतले किस्म के धान की मांग और कीमत अधिक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन के नए धान की फसल आने में अभी दो-तीन महीने का समय बाकी है, लेकिन इससे पहले पिछले साल की धान की कीमत जमकर चमकी है। महामाया, ओम-3 सहित कुछ अन्य पतले किस्म के धान की कीमत 3500 रुपए प्रति क्विंटल के पार तक पहुंच गई है। खास बात ये है कि राज्य में किसानों को धान की एमएसपी व प्रोत्साहन राशि समेत कुल मिलाकर 31 सौ रुपए ▶▶शेष पेज 5 पर

खास खबर

क्विंटल मिलते हैं। ये दाम भी किसानों के लिए काफी उत्साह बढ़ाने वाले हैं। नई फसल आने से पहले अच्छी मांग वाली किस्मों के भाव केंद्रीय न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से करीब 1100 से 1200 रुपए तक ऊपर चल रहे हैं। दूसरी तरफ सामान्य धान काफी नीचे छत्तीसगढ़ की मंडियों में सभी धान 3,500 के आसपास नहीं बिक रहे हैं। यही इस समय बाजार की सबसे महत्वपूर्ण तस्वीर है।

धमतरी में ओम-3 के दाम 3600

धमतरी एपीएमसी के उपलब्ध मंडी आंकड़ों के अनुसार 1 अक्टूबर को ओम-3 धान 3,550 से 3,600 प्रति क्विंटल के भाव पर बिका। इसका औसत भाव 3,595 रहा। इसी दिन बीपीटी का भाव 3,470 से 3,523 और औसत 3,500 रहा। इससे पहले 30 सितंबर को भी धमतरी में बीपीटी का अधिकतम भाव 3,531 रहा था, यानी 3,500 से ऊपर का भाव केवल एक दिन की घटना नहीं है। भाटापारा में महामाया 3,561 भाटापारा मंडी में 3 अक्टूबर को महामाया धान 3,561 प्रति क्विंटल के भाव पर बिका। यह आंकड़ा इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि महामाया जैसी प्रमुख किस्म का भाव भी अब 3,500 के स्तर को पार कर चुका है। इससे पहले भाटापारा में दूसरी तारीखों पर महामाया के भाव इससे काफी नीचे दर्ज हुए थे। इसलिए यहां भी यह समझना जरूरी है कि मंडी का अधिकतम भाव पूरे बाजार का औसत भाव नहीं होता। किसी दिन की आवक, गुणवत्ता और खरीदारों की मांग से अधिकतम भाव में बड़ा अंतर आ सकता है।

एमएसपी से तुलना करें तो अंतर कितना?

केंद्र सरकार ने खरीफ विपणन सत्र 2026-27 के लिए सामान्य धान का एमएसपी 2,441 प्रति क्विंटल और ग्रेड एका 2,461 निर्धारित किया है। इसकी तुलना में धमतरी का ओम-3 3,600, सामान्य धान के एमएसपी से 1,159 अधिक। भाटापारा का महामाया 3,561, एमएसपी से 1,120 अधिक। धमतरी का बीपीटी 3,523, एमएसपी से 1,082 अधिक। हालांकि मंडी में किसी खास किस्म का बाजार भाव और सरकार का एमएसपी एक ही चीज नहीं हैं। मंडी भाव गुणवत्ता, नमी, किस्म, मांग और उस दिन की आवक से प्रभावित होता है।

पीएचडी छात्र की मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज

नई दिल्ली। अगस्त में मुनिरका में अपने किराए के मकान में बेहोश व घायल अवस्था में मिले आईआईटी-दिल्ली के 40 वर्षीय पीएचडी छात्र की मौत के मामले में रविवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत किशनगढ़ थाने में यह प्राथमिकी दर्ज की गई। उच्चतम न्यायालय के निर्देश और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के सुरक्षा अधिकारी से मिली शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गई। छात्र 18 अगस्त को मुनिरका गांव स्थित अपने किराए के मकान में बेहोश और घायल अवस्था में मिला था।



बोनट पर लटकी पत्नी, दौड़ती रही कार पति गिरफ्तार, गर्लफ्रेंड भी पकड़ी गई

एजेंसी ▶▶ मेरठ

पत्नी को कार के बोनट पर लटकाकर करीब पांच किलोमीटर तक कार दौड़ाने के आरोपी पति मयंक सिंह और उसकी गर्लफ्रेंड माही वर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पत्नी ने दोनों को कार में देखकर विरोध किया था। आरोप है कि बाद में पति ने उसके साथ मारपीट भी की। दरअसल एक वीडियो सामने आया था, जिसमें कार के बोनट पर महिला लटकी हुई दिखाई दे रही थी।



पूरा मामला लव अफेयर का निकला। पति और उसकी प्रेमिका को कार में देखकर पत्नी ने भड़क गई थी। विरोध किया तो सड़क पर हंगामा खड़ा हो गया। महिला कार रोकने के लिए बोनट पर चढ़ गई तो पति ने कार दौड़ा दी। करीब पांच किलोमीटर पत्नी को कार के बोनट पर लेकर युवक कार दौड़ाता रहा। लोहियानगर क्षेत्र में काशीराम कॉलोनी के पास लोगों ने किसी तरह कार रुकवाई। इसके बाद पति ने पत्नी के साथ मारपीट भी की।

पति के साथ युवती को देखकर भड़की पत्नी

काजीपुर निवासी युवक से महिला की शादी 15 साल पहले हुई थी। महिला अपने बेटे के साथ स्कूटी से हापुड़ रोड आई थी। इसी दौरान उसकी नजर पति की कार पर पड़ी। कार में पति के साथ एक युवती को देखकर पत्नी ने हंगामा कर दिया। आरोप है कि महिला ने कार रोकने की कोशिश की, लेकिन पति ने कार नहीं रोकी। इस पर महिला बोनट पर चढ़ गई थी। उधर, पीड़िता ने लोहिया नगर थाने में पति और प्रेमिका के खिलाफ तहरीर दी है। दोनों पर हत्या के प्रयास, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया गया था। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर किया है।

पाकिस्तान की जासूसी के आरोप में दो गिरफ्तार

गुवाहाटी। सुरक्षा संबंधी जानकारी पाकिस्तान को मुहैया कराने के आरोप में सेना के एक सेवानिवृत्त जवान समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि सेना के सेवानिवृत्त जवान को अनुबंध के आधार पर फिर से नियुक्त किया गया था। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी केंद्रीय एजेंसियों से मिली सूचना के आधार पर की गई। शर्मा ने कहा, आज केंद्रीय एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर असम पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक सेना का सेवानिवृत्त जवान है जो फिलहाल सेना में अनुबंध के आधार पर काम कर रहा था। आरोप है कि वे पाकिस्तान के संपर्क में थे और सेना की तिविधियों के बारे में जानकारी दे रहे थे। हम उन्हें केंद्रीय एजेंसियों को सौंप देंगे।

देशभक्ति

देश का वो गांव, जहां हर कोई करता है भारत मां की सेवा

नई दिल्ली। भारतीय सेना देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ मुश्किल और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में देशवासियों की सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार रहती है। कड़ाके की ठंड हो, बर्फीले पहाड़ हों या दुर्गम इलाकों में तैनाती, हमारे जवान हर परिस्थिति में डटे रहते हैं। कई सैनिक अपने परिवार से दूर रहकर देश की सेवा करते हैं और जरूरत पड़ने पर अपने प्राणों की भी परवाह नहीं करते। उनकी इसी सेवा और त्याग की वजह से देश के लोग सुरक्षित जीवन जी पाते हैं। लद्दाख के ऊंचे पहाड़ों के बीच बसा एक छोटा सा गांव भी भारतीय सेना के साथ अपने गहरे रिश्ते के लिए जाना जाता है। इस गांव में देश की सेवा की परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। यहां करीब-करीब हर घर का कोई न कोई युवक भारतीय सेना में शामिल है। कई जवान आज भी देश की सीमाओं पर तैनात हैं। यही वजह है कि इस गांव की पहचान सिर्फ इसके खूबसूरत पहाड़ों से नहीं, बल्कि सेना के साथ इसके गहरे रिश्ते से भी होती है। दरअसल, हम जिस गांव के बारे में बात कर रहे हैं, उसका नाम चूशोत है। लद्दाख के इस गांव में करीब 63 घर हैं। छोटा सा यह गांव भारतीय सेना से लंबे समय से जुड़ा हुआ है। यहां के युवा बड़ी संख्या में सेना में भर्ती होते हैं। कई जवान फिलहाल लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल यानी एलएसी के पास फॉरवर्ड इलाकों में तैनात हैं। चूशोत के युवाओं के लिए सेना में जाना कोई नई बात नहीं है। कई दशकों से यहां की पीढ़ियां लद्दाख स्काउट्स में शामिल होकर देश की सेवा करती आ रही हैं। चूशोत की महिलाओं का कहना है कि गांव में बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा की व्यवस्था नहीं है। ज्यादातर लड़कियां हाई स्कूल के बाद अपनी पढ़ाई आगे नहीं बढ़ा पातीं. वहीं, कई लड़के भी 12वीं तक पढ़ाई करने के बाद सेना में भर्ती होने की तैयारी शुरू कर देते हैं। गांव के लोगों का कहना है कि अगर अच्छी शिक्षा मिलती तो बच्चों के पास सेना के अलावा दूसरे रास्ते भी खुल सकते हैं।



पीढ़ियों से सेना में जा रहे गांव के युवा

चूशोत के जवानों को शांत और विनम्र स्वभाव के साथ-साथ मुश्किल परिस्थितियों में मजबूती से डटे रहने वाले सैनिकों के तौर पर जाना जाता है। गांव के कई परिवारों में दादा या पिता के बाद बेटे भी सेना में शामिल हुए हैं। गांव में बड़ी संख्या में पुरुषों के सेना में होने की वजह से यहां महिलाओं, छोटे बच्चों और सेना से रिटायर हो चुके पूर्व सैनिकों की संख्या ज्यादा दिखाई देती है। परिवारों के लिए सेना में जाना गर्व की बात है, लेकिन जवानों की सुरक्षा और भविष्य को लेकर चिंताएं भी रहती हैं।

परिवार वालों को रहती है चिंता

चूशोत के कई घरों से लोग देश की सेवा के लिए भारतीय सेना का हिस्सा हैं। यहां अगर परिवार में पिता सेना में रह चुके हैं, तो उनके बेटे भी सेना में जाने की तैयारी करते हैं। परिवार के लोग अपने बच्चों के इस फैसले से खुश होते हैं और उन्हें देश की सेवा करते देखकर गर्व महसूस करते हैं। हालांकि, उनके मन में अपने जवानों की चिंता भी बनी रहती है। फिलहाल गांव के कई जवान एलएसी के पास फॉरवर्ड इलाकों में तैनात हैं। मौजूदा परिस्थितियों में फोन नेटवर्क की समस्या के कारण परिवार के लोगों की उनसे आसानी से बात नहीं हो पाती। इसके अलावा, जवानों को भी मौजूदा हालात की वजह से फोन इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं है।

अनूप कुमार होंगे कोटक महिंद्रा बैंक के नए एमडी

मुंबई । भारतीय रिजर्व बैंक ने अनूप कुमार साहा की कोटक महिंद्रा बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। साहा 1 जनवरी 2027 से तीन साल के लिए यह जिम्मेदारी संभालेंगे। फिलहाल वे बैंक में पूर्णकालिक निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। नियुक्ति को औपचारिक रूप देने के लिए बैंक के निदेशक मंडल की प्रक्रिया के बाद शेयरधारकों की मंजूरी ली जाएगी।



चित्तिलापल्ली बने वी-गार्ड के मैनेजिंग डायरेक्टर

नई दिल्ली। कंपनी वी-गार्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने मिथुन के. चित्तिलापल्ली को कंपनी का नया चेयरपर्सन और मैनेजिंग डायरेक्टर नियुक्त किया है। कंपनी के निदेशक मंडल ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी। वे वर्ष 2012 से कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में कार्यरत हैं। चेयरपर्सन और स्वतंत्र निदेशक राधा उन्नी का दूसरा और अंतिम कार्यकाल पूरा होने के बाद मिथुन को यह अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। मिथुन के. चित्तिलापल्ली वर्ष 2006 में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर के रूप में वी-गार्ड से जुड़े थे। उस समय कंपनी का कारोबार करीब 229 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2026 में बढक़र 5,966 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। इस तरह करीब दो दशकों में कंपनी के कारोबार में लगभग 24 गुना वृद्धि हुई है।



कैट के पूर्व प्रदेश महामंत्री ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, की मांग

विकसित बाजार: शराब और मांस-मछली बाजारों के लिए अलग जोन बने, मास्टर प्लान में हो प्रावधान

'मांग' किसी व्यवसाय या व्यवसायी के अधिकारों के खिलाफ नहीं

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶| भोपाल

राजधानी भोपाल को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में अब शराब, मांस-मछली सहित विशेष बाजारों के नियोजन का मुद्दा उठाया गया है। कैट के पूर्व प्रदेश महामंत्री रमाकांत तिवारी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आगामी मास्टर प्लान-2047 में ऐसे कारोबारों के लिए पृथक और नियोजित बाजार क्षेत्र विकसित करने की मांग की है। तिवारी ने पत्र में कहा कि राजधानी की पहचान झीलों, हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता से है। ऐसे में शहर के विकास में केवल सड़क और भवन निर्माण ही नहीं, बल्कि बाजारों का वैज्ञानिक नियोजन भी जरूरी है। उन्होंने आवासीय क्षेत्रों, मुख्य मार्गों, गलियों और चौराहों के आसपास संचालित शराब की दुकानों तथा मांस-मछली कारोबारों के संबंध में स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, दुर्गंध, जल निकासी और सार्वजनिक असुविधा जैसी चुनौतियों का उल्लेख किया है।



उन्होंने सरकार से शराब दुकानों के लिए पृथक वाणिज्यिक क्षेत्र तथा मांस-मछली कारोबार के लिए आधुनिक और स्वच्छ विशेष बाजार विकसित करने की मांग की। प्रस्तावित बाजारों में कचरा प्रबंधन, जल निकासी, पार्किंग और नियमित सफाई की व्यवस्था अनिवार्य करने की बात भी कही गई है। पत्र में पुराने और घनी आबादी वाले इलाकों के लिए चरणबद्ध स्थानांतरण एवं बाजार पुनर्गठन नीति बनाने तथा नए विकास क्षेत्रों में इन गतिविधियों के लिए पहले से स्थान निर्धारित करने का सुझाव दिया गया है। तिवारी ने कहा कि यह मांग किसी व्यवसाय या व्यवसायी के अधिकारों के खिलाफ नहीं, बल्कि व्यवसाय भी चले और शहर भी स्वच्छ एवं व्यवस्थित रहे के संतुलित दृष्टिकोण पर आधारित है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भोपाल केवल सफाई से नहीं, बल्कि सही नियोजन से बनेगा।

बेकाबू एआई, सुरक्षा घेरा तोड़कर सौ से ज्यादा संस्थानों में लगाई सेंध

चैटजीपीटी बनाने वाली ओपनएआई का 'डरावना' खुलासा



सैन फ्रांसिस्को। इंसानों की मदद के लिए बनाया गया एआई अब उसके ही नियंत्रण से बाहर जाने लगा है। चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई ने खुलासा किया है कि उसके एआई एजेंट्स ने 100 से ज्यादा संस्थानों के सिस्टम में जबरन घुसपैठ की कोशिश की। ओपनएआई ने एक ब्लॉग पोस्ट में खुद इसकी जानकारी दी है। कंपनी ने 100 से ज्यादा संगठनों को इन गतिविधियों को लेकर अलर्ट भी भेजा है। कंपनी के मुताबिक, कुछ मामलों में उसके एआई मॉडल ने नियंत्रण से बाहर जाकर गलत तरीकों से इंटरनेट का इस्तेमाल किया।

सुरक्षा पाबंदियों को किया दरकिनार

एआई मॉडलों को इंटरनेट और वेबसाइटों से जुड़ने की सुविधा दी गई थी। कुछ मामलों में इसने तय दायरे से बाहर जाकर डाटा तक पहुंच बनाने की कोशिश की। पर्याप्त सुरक्षा पाबंदियां नहीं होने पर बाहरी सिस्टम का इस्तेमाल ऐसे किया जिनकी उम्मीद नहीं थी।

एआई गतिविधियों का विश्लेषण

हालांकि, कंपनी का दावा है कि अलर्ट भेजे जाने का मतलब यह नहीं है कि एआई ने किसी निजी जानकारी तक पहुंच बनाई या सिस्टम से छेड़छाड़ की। यह जानकारी बाहरी संस्थानों को इसलिए दी गई ताकि वे तकनीकी समस्याओं की जांच कर सकें और उन पर कार्रवाई कर सकें। ओपनएआई ने बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से ऐसी समस्याओं को दोबारा होने से रोकने या उन्हें पहले ही पकड़ने के लिए नई तकनीक लागू कर रही है।

डाटा पढ़ने में इंसान को लगेंगे 6.6 करोड़ साल

ओपनएआई अपने एआई मॉडलों की गतिविधियों को समझने के लिए करीब 50 पेटाबाइट डाटा की समीक्षा कर रही है। कंपनी नए एक उदाहरण देते हुए कहा कि यह पूरा डाटा अगर सामान्य अंग्रेजी टेक्स्ट होता तो एक व्यक्ति को इसे पढ़ने में करीब 6.6 करोड़ साल लग जाते। इतने बड़े डेटा की जांच के लिए कंपनी करीब 7,000 एडवांस्ड जीपीयू का इस्तेमाल कर रही है। इस काम को भी एआई मॉडल से ही कराया जा रहा है।

अपनाये खेती का यह मॉडल : हमारे पूर्वज भी इसी मॉडल से खेती करते थे

एकीकृत (इंटिग्रेटेड) फार्मिंग : खेती में कभी घाटा नहीं होगा

जबलपुर। ज्यादातर दो तरह से किसान हमेशा मारे जाते हैं। घाटा उठाते है। पहली मौसम की मार आंधी, तूफान और अधिक बारिश की वजह से ठीक से फसल उत्पादन नहीं हो पाता है, और दूसरा उत्पादन अच्छा हुआ,भारी पैदावार हुई तो भी तो भी मार्केट में भाव गिर जाने से किसानों को उचित रेट नहीं मिलना। अभी भी इतने वर्षों में कुछ नहीं बदला, आज भी बहुत बार किसानों को अपनी फसल या तो फेंकनी पड़ती है या खेतों में खड़ी फसल जोतनी पड़ती है या उसे घाटा उठाना पड़ता है। ऐसे कभी भी किसान खेती से खुशहाल और समृद्ध नहीं हो पाएंगे.. तो फिर बात आती है की रास्ता क्या है ?? ... वह कौन सी ऐसी खेती का मॉडल है जिससे किसान सफल हों, समृद्ध हों, खुशहाल बनें और अच्छी आमदनो ले पाएँ .. सबसे पहले किसानों को बड़े पैमाने पर मोनोक्रॉपिंग यानी किसी एक या दो फसल को उगाना बंद करना होगा, उसकी जगह पर जितना एरिया हो उसमें बांट बांट कर ज्यादा से ज्यादा फसलें लगानी होगी । जो फसलें जिस एरिया में हो सकती हैं, वह ज्यादा से ज्यादा अलग-अलग फसलें अलग-अलग खेतों में लगानी होगी ..रबी मे गेहूँ, चना, मसूर, अलसी, मटर, आदि खरीफ में धान,मक्का, सरसों, तिल, चिया आदि सब्जी में भी सभी प्रकार की सब्जी एरिया बांट बांट कर लगानी चाहिए।

फसल उत्पादन के साथ-साथ किसान और उनके बच्चों को, युवाओं, महिलाओ को, गांव में रह रहे पढ़े लिखे नवयुवकों को खेती के उत्पादन के साथ प्रोसेसिंग में भी आगे आना होगा, यानी जो किसान अनाज उगाएं, सब्जियां उगाए उनको सीधे मार्केट मे बेचने की बजाय उसके कुछ हिस्से का कोई ना कोई फाइनल प्रोडक्ट बना कर बेचना चाहिए, जिससे प्रोसेसिंग करके किसानों को ज्यादा से ज्यादा मूल्य मिल पाए, और युवाओं के लिए भी एक स्टार्टअप , एक रोजगार खड़ा हो। जैसे... सरसों की जगह... सरसों का तेल, गेहूं की जगह दलिया और आटा, हल्दी धनिया की जगह हल्दी धनिया का पाउडर, गन्ने की जगह गुड और सिरका, खड़ी दाल की जगह दाल बनाकर पैकिंग करके, धान बेचने की जगह चावल। आलू के चिप्स, मटर आदि अच्छी पेकिंग करके बेचा जाए। खेती ऐसी की जाए जिससे हमें हर दिन साल भर आमदनी होती रहे, इसमें नगदी फसलें, साग सब्जी, फल फूल की खेती के साथ पशुपालन, मुर्गी व मतस्य पालन, हरा चारा, उद्यानिकी व मेढों पर अन्य पेढ़ लगाना भी सम्मलित करना होगा। ज्ञात हो हमारे पूर्वज भी यही करते थें ।

वैज्ञानिक इसे इंटिग्रेटेड या एकीकृत फार्मिंग कहते हैं।



केके अग्रवाल, कृषि इंजीनियर

इस मॉडल की खेती से सबसे पहला लाभ तो यह है की किसान के परिवार के लिए अलग-अलग फैसले दाल सब्जी अनाज सब मिलता रहता है। दूसरा आंधी तूफान आएगा भी, अधिक वर्षा होगी भी तो कुछ फसलें खराब हो सकती हैं पर सब खराब नहीं होंगी। किसान कभी घाटे में नहीं रहेगा। तीसरा लाभ महत्वपूर्ण है फसल चक्र अपनाने से खेत की मिट्टी उपजाऊ बनी रहेगी, बायोडायवर्सिटी इकोसिस्टम बना रहेगा। महत्वपूर्ण लाभ यह होगा की है कि किसी एक फसल का रेट नहीं मिलेगा तो दूसरी का मिलेगा, दूसरी का नहीं मिलेगा तो तीसरी का मिलेगा, आपके पास पैसो की आवश्यकता में बहुत ज्यादा किसी एक फसल को बेचने का दबाव नहीं होगा। खेतों के किनारे किनारे ऐसे इमारती लकड़ी वाले पौधे लगाने चाहिए जिससे 5, 10, 15, 20 वर्षों में एक मुफ्त रकम मिले. जैसे, पापुलर,सागौन, महोगनी, मालाबार नीम, यूकेलिप्टस, बांस और भी जो जिस एरिया में हो जाए और उसकी डिमांड वहां की मार्केट में हो। वर्तमान में किसान एक या दो फसलें लगाते है बड़े-बड़े एरिया में गेहूं और धान, या ज्वार और बाजार, यह आलू और प्याज। यानी महीनों इंतजार करना है फसल तैयार होने का, लगातार लागत देनी है और रोज की कोई इनकम नहीं. जबकि खर्चे तो रोज के ही हैं। जब खर्चे रोज के हैं तो इनकम भी रोज की होनी चाहिए ऐसा मॉडल जब तक किसानों का नहीं बनेगा तब तक किसान सफल नहीं हो पाएंगे, समृद्ध नहीं हो पाएंगे। आत्म निर्भर व खुश हाल नहीं हो पाएंगे।



योगिता बना रही पुराने जींस से रोजगार की नई राह

मुंबई। पुराने और बेकार पड़े जींस को लैंडफिल में जाने से बचाकर उससे महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने की पहल महाराष्ट्र की 21 वर्षीय नवोन्मेषक योगिता किशोर कर रही हैं। करीब डेढ़ वर्ष से इस विचार पर काम कर रहीं योगिता का चयन सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2026 के शीर्ष 20 दलों में हुआ है। वह विचार का प्रारूप तैयार कर बड़े स्तर पर लागू करने की संभावनाएं तलाश रही हैं।

अखिल भारतीय कृषक परिषद की बैठक जोधपुर में 8 व 9 को

जबलपुर। अखिल भारतीय कृषक परिषद की बैठक 8 एवं 9 अक्टूबर को राजस्थान प्रदेश के शहर जोधपुर में भारत कृषक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अजय जाखड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। कृषक समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजी. के के अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया है की देश के विभिन्न प्रांतों से परिषद के सदस्य, कृषक प्रतिनिधि, कृषि वैज्ञानिक, कृषि अर्थशास्त्री, विशेषज्ञ एवं सरकार के उच्चाधिकारी इस बैठक में भाग लेकर किसानों की वर्तमान स्थिति एवं उनकी समस्याओं पर विचार मंथन कर केंद्र सरकार को प्रस्तुत करने हेतु शिफारिश ड्राफ्ट / प्रारूप तैयार करेंगे। विशेष रूप से किसानों के उत्पाद के लागत के अनुपात में समर्थन मूल्य बढ़ाने व खरीद की गारंटी दिये जाने, आयत - निर्यात नीति में सुधार, डब्लू टू ओ के दबाव से परे होकर देश के किसानों के हितो की रक्षा सुनिश्चित किये जाने, ऋण मुक्ति, गांव, खेत, किसान के बजट में बढ़ोतरी, खेती की लागत कम किये जाने के उपायो व आदान सामग्रियों को कर मुक्त किये जाने, अमेरिका द्वारा कृषि उत्पादों पर लगाए जाने वाले टेरिफ को समाप्त किये जाने, किसान आय आयोग, सरकार की सभी समितियों में कृषको का प्रतिनिधित्व आदि विषयों पर सरकार से चर्चा व दबाव बनाने हेतु राष्ट्रीय स्तर पर रणनीति तैयार करने के प्रयास किये जाएंगे। संभागीय सचिव रूपेंद्र पटेल व जिला उपाध्यक्ष सुभाष चंद्रा ने बताया की जिला जबलपुर सहित संभाग के अन्य जिलों से सदस्य गण कल 6 अक्टूबर को दयोदय ट्रेन से प्रस्थान करेंगे।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने शुरू किया पेंशन फंड कारोबार, सार्वजनिक क्षेत्र का दूसरा बैंक

भोपाल। बैंक ऑफ बड़ौदा ने पेंशन फंड कारोबार में प्रवेश कर सार्वजनिक क्षेत्र का दूसरा बैंक बनने की उपलब्धि हासिल की है। एनपीएस दिवस 2026 के अवसर पर बैंक को पेंशन फंड के प्रायोजक के रूप में काम करने के लिए पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) से प्रमाण-पत्र मिला।नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव संजय लोहिया ने बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ डॉ. देबदत्त चांद को प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

इस मौके पर पीएफआरडीए के अध्यक्ष एस. रमन और एनपीएस ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा भी मौजूद रहे।बैंक ने इसी अवसर पर भीम ऐप के जरिए तत्काल नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) की सुविधा भी शुरू की। इसके तहत ग्राहक डिजिटल माध्यम से एनपीएस से जुड़कर पेंशन खाते का पंजीकरण करा सकेंगे। बैंक का कहना है कि इससे पेंशन योजनाओं की पहुंच बढ़ाने और पंजीकरण प्रक्रिया को आसान बनाने में मदद मिलेगी। डॉ. देबदत्त चांद ने कहा कि पेंशन फंड कारोबार में प्रवेश और भीम एप पर तत्काल एनपीएस की शुरुआत बैंक के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं। इन पहलों से ग्राहकों को सेवानिवृत्ति संबंधी वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने और डिजिटल वित्तीय सेवाओं को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

100 से अधिक देशों से 600 से ज्यादा प्रदर्शक और साझेदार होंगे शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशिया के प्रमुख डिजिटल टेक्नोलॉजी और दूरसंचार मंच इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) का 10वां संस्करण 7 से 10 अक्टूबर तक नई दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा। इस वर्ष आयोजन की थीम 'बिना सीमाओं के विस्तार' रखी गई है। आयोजकों के मुताबिक, आईएमसी 2026 में 1.5 लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। इसमें 100 से अधिक देशों के 600 से ज्यादा प्रदर्शक और साझेदार हिस्सा लेंगे तथा 1,500 से अधिक टेक्नोलॉजी यूज-केस प्रदर्शित किए जाएंगे।

:: PUBLIC NOTICE ::

Notice is hereby given to the general public that unclaimed iron tower materials and scrap are currently lying on the land bearing **Khasra No. 802**, situated near the Tehsil Office, Anuppur, Madhya Pradesh, owned and lawfully possessed by my client **Mr. Shriram Shrivastav.**

Any person, government department, or private organization claiming ownership or interest in the aforementioned iron tower/scrap is hereby requested to submit valid documentary proof of ownership in person at my office and remove the material at their own cost within **seven (7) days** from the date of publication of this notice.

If no valid claim is received within the specified period, the landowner reserves the absolute right to shift or remove the scrap from the premises strictly for the purpose of securing and fencing the property, without assuming any ownership, custody, or financial/legal liability regarding the material.

Issued on behalf of Mr. Shriram Shrivastav

By Counsel's:
MAYUR PANDEY,
Raipur, Contact: 7509000095
PRANAV,
Anuppur, Contact: 8878835660

AROHAN
AAVISHKAAR GROUP

AROHAN FINANCIAL SERVICES LIMITED
Registered Office: PTI Building, 4th Floor, DP 9, Salt Lake, Sector V, Kolkata - 700091, West Bengal
T: +91 33 4015 6000 | CIN: U74140WB1991PLC053189
Email: contact@arohan.in | Website: www.arohan.in

जनसूचना

यह जनसाधारण और आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज़ लिमिटेड ("कंपनी") के ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी की, शाखा बरही 2, जो ग्राउंड फ्लोर प्लॉट नंबर 1213/1 झा दमदहा नाला बरही, कटनी, मध्य प्रदेश - 483770 पर स्थित है, 03/01/2027 से अपनी सभी गतिविधियाँ बंद कर देगी। शाखा द्वारा की जा रही सभी गतिविधियाँ हमारे नई बड़वारा शाखा में स्थानांतरित की जाएँगी, जो ग्राउंड फ्लोर, वार्ड नंबर 5, बड़वारा, जिला। कटनी, मध्य प्रदेश - 483773 पर स्थित है, और यह स्थानांतरण 03/01/2027 से प्रभावी होगा। सभी ग्राहकों और जनसाधारण से अनुरोध है कि वे 04/01/2027 से कंपनी की नई बड़वारा शाखा, जो ग्राउंड फ्लोर, वार्ड नंबर 5, बड़वारा, जिला। कटनी, मध्य प्रदेश - 483773 पर स्थित है, किसी भी ऋण संबंधित आवश्यकता/सेवा, गतिविधियों और प्रश्नों के लिए वहां संपर्क करें।

आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज़ लिमिटेड
Sd/-
अधिकारिक हस्ताक्षरकर्ता

बेचना है

बेचना है - बिलासपुर सकरी मेन रोड से दो कदम दूर पूर्ण विकसित कॉलोनी में सीसी रोड नाली, पानी, बिजली, सर्वसुविधायुक्त सहित नॉर्थ फेसिंग प्लॉट 100. x 50= 5000 वर्गफुट बेचना है सम्पर्क करें - 7898855268 (बिलासपुर / 05 / अक्टू.)

खण्ड-1
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्यप्रदेश शासन
कार्यालय उप संचालक बफरजोन वनमण्डल कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला

ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 3049/ई-टेण्डरिंग25-26/मण्डला दिनांक 28/09/2026

उप संचालक बफरजोन वनमण्डल कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

क्रमांक	कार्य का नाम	स्थल संख्या	निविदा दस्तावेजों का मूल्य
1	हैण्ड पंप स्थापना कार्य समस्त सामग्री सहित (125mm एवं 150mm व्यास बोरहोल)	06	500/-

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निशुल्क देखे और डाउनलोड किये जा सकते हैं।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट/केश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज एवं ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल ऑनलाइन खरीद सकते हैं।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया / तिथियाँ लागू होंगी।
4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट यदि कोई हो तो केबल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा समाचार पत्रों में नही।
5. म.प्र. के लिए ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https ://mptenders.gov.in/nicgep/app

उप संचालक,
G-19491/26 **बफरजोन वनमण्डल, कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, साउथ सिविल लाईन जबलपुर

NIT No.27/2026/Centralized Tender/G/CE(B)/Date 01/10/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_PWPIU_540228_1	जिला जबलपुर के सब जेल सिहोरा में 04 नग एच टाईप आवासगृह का एक ब्लॉक का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	जबलपुर	84.95	84950.00	10000.00	9
2	2026_PWPIU_540254_1	आधारताल जिला जबलपुर में 100 सीटर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	जबलपुर	961.92	761920.00	20000.00	15

1-निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptender.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/केशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 06.10.2026 समय 9.00 से दिनांक 26.10.2026 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
जी- 19476/26 स्वच्छता ही सेवा **लोक निर्माण विभाग जबलपुर**

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी वाजदी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

वृष — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

मिथुन — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

कर्क — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

कन्या — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

तुला — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

धनु — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

मीन — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

शब्द पहेली - 6368



बाएँ से दाए
1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

ऊपर से नीचे
1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा (उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

शब्द पहेली- 6367 का हल

प	व	न	कु	मा	र		म	क	ब	रा
ला	न		त		स	ली	का		स	त
य		प	र	वा	ना		न	न		दि
न	का	र	ना			क		म	हा	न
वा		ख		स	ह	ल	ज		ज	
दी	वा	ना	प	न		प	र	ब	री	श
	जि		र	स	ले	ना		न		री
ग	ब	न		नी			अ	वा	न्त	र
ज		शा	न		आ	ब	नू	स		र
रा	ज		ज	टा	यु		रू		क	ष
ज	ल	च	र		थ	मों	प	दे	श	क

सूडोकु नवताल - 6378

				6	8	5		
	1						2	
		2						8
			4					9
6				5				1
2					3			
5						3		
	8						6	
		4	9	1				

कठिनतम

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6377 का हल

2	4	6	7	9	3	5	8	1
3	1	5	2	8	6	4	7	9
7	8	6	1	5	4	2	3	6
6	5	7	9	3	8	1	4	2
9	3	1	4	7	2	8	6	5
4	2	8	6	1	5	7	9	3
1	9	2	3	4	7	6	5	8
5	7	3	8	6	1	9	2	4
8	6	4	5	2	9	3	1	7

MANGAL SENACHA BANGALORE



ऑरा इंडिया टूर : सात शहरों में होंगे दिलजीत के कॉन्सर्ट

नई दिल्ली। पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ का मोस्ट अवेटेड 'ऑरा इंडिया टूर 2026' आने वाला है। कुछ महीनों पहले ही गायक ने लंदन के वेम्बली में परफॉर्म करते हुए यह ऐलान किया था कि वह अहमदाबाद में जल्द कॉन्सर्ट करने जा रहे हैं। दरअसल, दिलजीत देश के सात शहरों में परफॉर्म करने वाले हैं। यह टूर नवंबर और दिसंबर में होगा। सिर्फ इतना ही नहीं, इसकी टिकट और तारीखों का ऐलान भी हो गया है। भारत में यह टूर 1 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर से शुरू होगा। इसके बाद 15 नवंबर को इंदौर, 21 नवंबर को अहमदाबाद, 27 नवंबर को मुंबई, 29 नवंबर को बेंगलुरु और 5 दिसंबर को लखनऊ में शो होगा।

लाइफ Style

मृणाल

घर की अलमारी से चुराती थीं घड़ियां

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर इन दिनों फिल्म 'पूजा मेरी जान' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। अब हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू दिया, जिसमें बताया कि वह अपनी मां की अलमारी से घड़ियां चुरा लेती थीं। साथ ही उन्होंने इसकी वजह भी बताई है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अभिनय के साथ-साथ अक्सर अपने क्लासिक फैशन सेंस को लेकर भी काफी चर्चा में बनी रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने बताया है कि उन्हें क्लासिक घड़ियों से बहुत प्यार है और यह प्यार उनको उनकी मां से मिला, जिन्हें वह क्लासिक लेडी कहती हैं। मृणाल ने बताया कि कई बार खास मौकों के लिए वह अपनी मां की अलमारी से उनकी घड़ियां चुरा लिया करती थीं। एएनआई से बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे लगता है कि मेरी मां ने मुझे बिगाड़ दिया, क्योंकि वह हमेशा से एक क्लासिक महिला रही हैं। कई बार अपने सबसे खास मौकों के लिए मैं उनकी घड़ी चुरा लेती थी। दरअसल, अभिनेत्री वसंत कुंज के डीएलएफ प्रोमेनेड में टिसॉट बुटीक के लॉन्च पर पहुंची थीं। वहां एक्ट्रेस ने कहा कि अब वह रेड-कार्पेट अपीयरेंस और फॉर्मल मीटिंग से लेकर डिनर तक अलग-अलग मौकों पर अपने कलेक्शन की घड़ियों को शामिल करने की योजना बना रही हैं। मृणाल के लिए घड़ी सिर्फ समय देखने की चीज नहीं है। वह इसे एक जरूरी एक्सेसरी मानती हैं, जो उनके व्यक्तित्व और पहचान को दिखाने में मदद करती है और उनके सादे स्टाइल को पूरा करती है।



हॉलीवुड मसाला



डिगर के फ्लॉप पर नहीं हैं दुखी

लॉस एंजिल्स। टॉम क्रूज की बहुप्रतिक्षित फिल्म 'डिगर' की शुरुआत बॉक्स ऑफिस पर संतोषजनक नहीं रही। मगर फिल्म के इस प्रदर्शन से एक्टर के उत्साह में कोई कमी नहीं आई। उन्होंने सोशल मीडिया पर बीटीएस तस्वीर शेयर करने साथ टीम के लिए एक भावुक पोस्ट साझा किया। बीते शनिवार टॉम क्रूज ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने फिल्म की कई बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने इन फोटोज के साथ अपनी टीम के लिए एक प्यार भरा कैप्शन लिखा।



इस्लाम विरोधी बयान से कॅरियर हो गया खत्म

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी एक्ट्रेस सेल्मा ब्लेयर ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। क्रूएल इंटेंशन्स, लीगली ब्लॉन्ड, द स्वीटेस्ट थिंग और हेलबॉय फ्रेंचाइजी फेम सेल्मा ब्लेयर ने बताया है कि दो साल पहले 'इस्लाम-विरोधी' बयान के बाद उन्हें न सिर्फ सोशल मीडिया पर लोगों की खूब आलोचना झेलनी पड़ी, बल्कि इसने उनके हॉलीवुड कॅरियर को भी 'खत्म' कर दिया। 54 साल की सेल्मा ब्लेयर हाल ही द ज्यूइश म्यूजियम में एंटी-डिफेमेशन लीग के 'स्टेट ऑफ द आर्ट्स' कार्यक्रम में पहुंची थीं, जहां उनका कॅरियर को लेकर दर्द छलका। सेल्मा ब्लेयर ने दो साल पहले फरवरी 2024 में इजराइल-हमास युद्ध के दौरान सीरियाई-यहूदी शरणार्थी अब्राहम हमरा के एक इंस्ट्राग्राम वीडिया पर 'एंटी-इस्लाम' कमेंट किया था। अब सेल्मा ब्लेयर ने इवेंट में कहा, 'मैं जानती हूं कि सब कुछ खत्म हो जाने का एहसास कैसा होता है।



हिंदी फिल्मों का गणित बिगाड़ेगी 'ओम'

नई दिल्ली। तेरे इश्क में और कारा जैसी कई शानदार फिल्मों से फैंस का दिल जीतने वाले अभिनेता धनुष लंबे समय से अपनी अपकमिंग मूवी ओम चैप्टर-1 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। 16 अक्टूबर को ओम चैप्टर-1 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना था। लेकिन , ओम चैप्टर-1 को 26 नवंबर को थिएटर्स में रिलीज किया जाएगा। ओम चैप्टर-1 अब नई रिलीज डेट 26 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस जिसका कारण इसी महीने (अक्टूबर) रिलीज होने वालीं कई बड़ी तमिल फिल्में हैं। 26 नवंबर को ओम चैप्टर-1 को रिलीज किया जाना है और इसके अगले दिन इमरान हाशमी की गनमास्टर जी9 और आयुष्मान खुराना की ये प्रेम मोल लिया आ रही है। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इन तीनों मूवीज के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है।



आर माधवन ने खोला यादों का पिटारा

मुंबई। चर्चित अभिनेता आर माधवन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। लगता है रविवार को फुरसत के पलों में उन्होंने अपना पुराना एल्बम खोल लिया है। इससे कुछ अनदेखी तस्वीरें उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ भी सोशल मीडिया पर साझा की हैं। आर माधवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर करते हुए एक वीडयो कोलाज पोस्ट किया है। इसमें उनके पुराने दिनों की तस्वीरें हैं, जब दोस्तों की महफिलें सजा करती थीं। तस्वीरों के साथ एक्टर ने लिखा है, 'पुराने दिन'। आर माधवन की इन तस्वीरों में उनकी पत्नी सरिता बिरजे भी नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में आर माधवन अपनी मॉडिफाइड बाइक पर सवार होकर पोज देते दिख रहे हैं। यादों की गुल्लक खोलते हुए आर माधवन ने अपने सभी दोस्तों को भी पोस्ट में टैग किया है।

टीवी मसाला



राइज एंड फॉल 2: झगड़ा खत्म कर स्वरा के फिटनेस कोच बने शहजाद

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर फिलहाल रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' सीजन 2 का हिस्सा है। अब हाल ही में वहां से एक्ट्रेस का एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह अपनी बेटी राबिया को याद करते हुए रोते नजर आईं और तेज प्रताप यादव अभिनेत्री को चुप करवाते दिखाई दिए। स्वरा भास्कर के लिए काम की वजह से अपनी छोटी सी बेटी से दूर रहना काफी मुश्किल हो रहा है। एक वीडियो सामने आया, जिसमें शहजाद और स्वारा के बीच अच्छी बॉन्डिंग दिखी। शो की शुरुआत में स्वरा भास्कर और शहजाद पूनावाला के बीच अच्छे रिश्ते देखने को नहीं मिले थे। लेकिन जैसे-जैसे यह शो आगे बढ़ रहा है, दोनों के बीच रिश्ते सुधर रहे हैं। हाल ही में शहजाद पूनावाला अभिनेत्री के फिटनेस कोच बने नजर आए। बता दें कि दोनों के बीच शो से बाहर राजनीति ओपिनियन को लेकर टकराव होते रहते हैं। शो का एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस रोती हुई नजर आ रही हैं। वह बार-बार अपनी बेटी राबिया की फोटो देखने या उसका चेहरा देखने की गुजारिश करती दिखाई दीं। जब शो में उनके साथ मौजूद गौतम गुलाटी ने पूछा कि वह इतनी इमोशनल क्यों हो गईं, तो स्वरा ने कहा, 'किसी ने सुशी कहा और मुझे अपनी बेटी की याद आ गई।' स्वरा ने आगे कहा, 'यार उसका फेस दिखा दो, उसकी फोटो दिखा दो प्लीज।' उनकी इस बात से साफ पता चला कि रियलिटी शो के दौरान वह अपनी बेटी को कितना याद कर रही हैं।

तुलसी और मिहिर का शो होगा बंद?

नई दिल्ली। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' 29 जुलाई 2025 को शुरू हुआ था। टीवी के साथ-साथ इस बार यह ओटीटी पर भी स्ट्रीम हुआ। पहले पार्ट की अधिकांश कास्ट शो का हिस्सा बनी और साथ ही नई पीढ़ी के रूप में कुछ नए सितारे जुड़े। इस बार भी इस शो को भर-भरकर प्यार मिला। मगर, चर्चा है कि यह शो अब अलविदा कहने वाला है। बंद होने की चर्चाओं के बीच शो की प्रोड्यूसर एकता कपूर ने भी एक पोस्ट शेयर किया है। एकता कपूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने सीरियल की टीम के साथ एक वीडियो साझा किया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'इस काम में शामिल सभी लोगों का तहे दिल से शुक्रिया। बस अभी 'क्योंकि...' का आखिरी एपिसोड लिखना खत्म किया है। क्या यह वाकई आखिरी है'? एकता कपूर ने आखिरी एपिसोड का जिक्र तो किया है, मगर साथ ही सवाल भी छोड़ दिया है। ऐसे में नेटिजंस पूछ रहे हैं कि क्या वाकई शो बंद हो रहा है? 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में नोयना का किरदार अदा करने वाली एक्ट्रेस बरखा बिष्ट ने कमेंट कर एकता कपूर का शुक्रिया अदा किया है।

1991 में ही बना दी थी टाइम ट्रेवल पर फिल्म

नई दिल्ली। डायरेक्टर सिंगीथम श्रीनिवास राव ने 94 साल की उम्र में अपनी आखिरी सांस ली। सिंगीथम श्रीनिवास को पुष्पक विमाना, आदित्य 369 और सिंग गीथम जैसी फिल्में बनाने के लिए जाना जाता था। सिंगीथम श्रीनिवास का जन्म आंध्र प्रदेश के उदयगिरि, नेल्लोर में 21 सितंबर, 1931 को हुआ था। उन्हें साउथ इंडियन सिनेमा में क्रांति लाने के लिए जाना जाता है। सिंगीथम ने हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और अंग्रेजी भाषा में करीब 60 फिल्में डायरेक्ट की हैं।

डायरेक्टर के तौर पर किया था डेब्यू

सिंगीथम श्रीनिवास ने साल 1972 में रिलीज हुई फिल्म नीति नियति से डायरेक्टर के तौर पर अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। ये तेलुगु भाषा की एक कॉमेडी फिल्म थी। फिल्म को डायरेक्ट करने के साथ-साथ सिंगीथम श्रीनिवास ने फिल्म को लिखा भी था।



94 की उम्र में भी डायरेक्ट की थी फिल्म

सिंगीथम श्रीनिवास राव ने 94 साल की उम्र में भी काम करना नहीं छोड़ा। उनकी आखिरी फिल्म सिंग गीथम इस साल रिलीज हुई। ये एक म्यूजिकल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर सकते हैं। फिल्म में अहिल्या बमरू, अयान और मणि कृष्ण जैसे कलाकार नजर आए हैं।

पॉपुलर फिल्में

पुष्पक विमानाः साल 1987 में रिलीज हुई पुष्पक विमाना में कमल हासन लीड रोल में नजर आए थे। पुष्पक विमाना एक डार्क कॉमेडी फिल्म थी। इस फिल्म ने नेशनल अवॉर्ड समेत कुल 7 अवॉर्ड्स जीते थे। 1988 में श्रीनिवास को बेस्ट फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। इस फिल्म की खास बात ये थी कि इस फिल्म में कोई भी डायलॉग नहीं थे।

जीते कई अवॉर्ड्स

श्रीनिवास राव ने अपने शानदार कॅरियर में कई प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स अपने नाम किए। श्रीनिवास ने दो नेशनल अवॉर्ड्स (पुष्पक विमाना और दिक्कत्रा पार्वती), तीन नंदी अवॉर्ड्स (मयूरी, वृंदावनम और भैरव द्वीपम), फिल्म हालू जेनू के लिए कर्नाटक राज्य फिल्म पुरस्कार जैसे अवॉर्ड्स जीते। इसी के साथ, 19वें चेन्नई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (2021) में उन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। साल 2011 में फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने भी उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया था।

नीतू ने बैक साइड की फोटो लेने पर तंज भरे लहजे में किया सवाल

मुंबई। नेहा धूपिया और सलमान खान के बाद अब नीतू कपूर ने पैपराजी के बैक साइड की फोटो लेने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कैमरामैन से तंज भरे लहजे में सवाल किया है। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर ने पैपराजी के उस चलन पर सवाल उठाया है, जिसमें वे अभिनेत्रियों से कैमरे की तरफ पीठ करके पोज देने के लिए कहते हैं। रविवार को वह मुंबई में नजर आईं। उन्होंने फोटोग्राफर्स के पीछे से फोटो लेने की गुजारिश पर तंज कसते हुए पूछा कि क्या उन्हें ऐसे शॉट्स लेने में खास मजा आता है? जब नीतू कपूर एक जगह से बाहर निकलीं और अपनी कार की ओर जा रही थीं, तो वहां मौजूद फोटोग्राफर्स ने उनसे कैमरे की तरफ पीठ करके पोज देने को कहा। ऐसा करने के बजाय, अभिनेत्री मुड़ीं और तंज भरे अंदाज में उनसे इस गुजारिश के बारे में पूछा। नीतू ने कहा, 'आपको यह बहुत अच्छा लगता है ना, 'बैक'?' पैपराजी ने इस पर ना में जवाब दिया। इसके बाद नीतू अपनी कार में बैठीं और दरवाजा बंद कर लिया। नीतू कपूर का यह रिएक्शन तब आया है, जब नेहा धूपिया ने फोटोग्राफर्स की तरफ से अभिनेत्रियों की गलत तरीके से बैक शॉट्स लेने पर आपत्ति जताई। मुंबई में एक अवॉर्ड इवेंट के दौरान, नेहा ने पैपराजी से सवाल किया और इस हरकत पर नाराजगी जताते हुए कहा, 'तुम लोगों में से बदतमीजी से बैकशॉट कौन लेता है? बंद करो।' नेहा ने साफ किया कि उनकी आपत्ति सिर्फ अपने अनुभव तक ही सीमित नहीं थी। उन्होंने कहा कि वह उन महिलाओं की तरफ से बोल रही थीं जिन्होंने फोटोग्राफरों से बार-बार रुकने के लिए कहा था और जो 'बार-बार यह कहते-कहते थक चुकी थीं।' सलमान खान ने भी 'बिग बॉस 20' में इस मुद्दे पर बात की।



बॉलीवुड में एक शब्द ने बदल दी फिल्मों की कहानियां

हिंदी सिनेमा का 'दिल': कभी दीवाना, कभी पागल, कभी बदतमीज

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में 1946 से लेकर 2026 तक ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जिनमें 'दिल' शब्द का अलग-अलग कहानी को बयां करने के लिए किया गया है। ऐसे कई शब्द हैं, जिनका इस्तेमाल टाइटल में करते हुए हिंदी सिनेमा में बहुत सारी फिल्में बनी। 'दिल' भी उन्हीं में से एक है। पर्दे पर जब किसी किरदार ने प्यार किया, तो टाइटल 'दिल' पड़ गया। जब प्रेम अधूरा रहा, तो 'हम दिल दे चुके सनम' हो गया और जब किसी ने अपनी राह खुद चुनी, तो 'चांद मेरा दिल' बन गया। लगभग 80 वर्षों में साल दर साल इस एक शब्द ने किसी न किसी तरह अलग-अलग टाइटल के साथ जुड़कर बॉलीवुड को कई कहानियां दीं। सिर्फ इतना ही नहीं, दशकों के सफर में प्यार की परिभाषा बदली, रिश्तों का स्वरूप बदला, नायक-नायिका बदले, कहानियों का अंदाज बदला, लेकिन दिल अपनी जगह बना रहा। खास बात ये है कि यह सफर सिर्फ फिल्मों तक सीमित नहीं रहा। बल्कि, फिल्मों के गाने और टीवी शो में भी इसका खूब इस्तेमाल हुआ।

जब दिल से हुई शुरुआत

हिंदी सिनेमा के इतिहास में 'दिल' शब्द का इस्तेमाल सबसे पहले 1946 में रिलीज हुई फिल्म के टाइटल में हुआ था। इस फिल्म का नाम ही 'दिल' था। इस फिल्म का निर्देशन एस. एफ. हसनैन ने किया था और इसमें नूरजहां, अमीना नजर आए थे। यह ब्लैक एंड व्हाइट ड्रामा फिल्म थी।

1950-60 के दशक में कैसे हुआ दिल का इस्तेमाल

1950 और 1960 के दशक में 'दिल' वाले फिल्मी टाइटल तेजी से बढ़े। 1959 में आई 'दिल देके देखो'। अगले ही साल 'दिल अपना और प्रीत पराई' आई, जिसका टाइटल ही प्रेम और सामाजिक रिश्तों के बीच तनाव को सामने रखता है। 1960 में ही 'दिल भी तेरा हम भी तेरे', 1962 में 'दिल तेरा दीवाना', 1963 में 'दिल एक मंदिर', 'दिल एक सौ अफसाने' और 1966 में 'दिल दिया दर्द लिया' जैसे टाइटल ने इस शब्द को अलग-अलग इमोशनल मीनिंग दिए। यानी 'दिल' एक ही दशक में कई रूप ले चुका था, जिसमें वह कभी दीवाना बना, तो कभी मंदिर और उसी ने दर्द भी दिया।



80 के दशक में 'दिल' गानों में हुआ ज्यादा इस्तेमाल

1980 के दशक में फिल्मों के नामों में 'दिल' मौजूद रहा, लेकिन इस दौर में दिल को सबसे बड़ी ताकत गानों में दिखाई दी। दिल के झरोखे में, दिल क्या करे, दिलबर मेरे, मेरा दिल भी कितना पागल है जैसे गानों ने दिल को प्रेम की भाषा से आगे बढ़ाकर व्यक्तिगत भावनाओं की भाषा बनाया।

70 के दशक में बदलने लगी दिल की दुनिया : 1970 के दशक तक हिंदी सिनेमा में रोमांस के साथ-साथ सामाजिक और पारिवारिक संघर्ष भी मजबूत हो रहे थे। ऐसे में आई 1972 में 'दिल दौलत दुनिया', 1978 में 'दिल और दीवार', 'दिल से मिले दिल', 1979 में 'दिल का हीरा'। इनके साथ 'दिल' अब केवल प्रेम कहानी का शब्द नहीं रह गया था। अब दिल को दौलत, दुनिया, दीवार, हीरे और रिश्तों के साथ रखा जा रहा था।

90 के दशक में हुआ 'दिल' का रोमांटिक विस्फोट

अगर हिंदी सिनेमा के इतिहास में किसी एक दशक को 'दिल का दशक' कहा जाए, तो वह 1990 का दशक होगा। इस साल इंद्र कुमार की 1990 में 'दिल' आई। आमिर खान और माधुरी दीक्षित की यह फिल्म प्रेम, परिवार, अहंकार और सामाजिक हैसियत के टकराव की कहानी थी। फिर 1991 'दिल है कि मानता नहीं' आई। इसमें आमिर खान और पूजा भट्ट नजर आए। इसके बाद 1993 में दिल तेरा आशिक, 1994 में दिलवाले, 1995 में दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे आई। इसमें लोगों को राज और सिमरन की कहानी देखने को मिली, जो आज भी बहुत मशहूर है। 1997 में दिल तो पागल है आई। 1998 में 'दिल से' ने दस्तक दी। इसमें शाहरुख खान और मनीषा कोइराला नजर आए। 1999 में 'हम दिल दे चुके सनम' और 'दिल क्या करे' ने दस्तक दी।

2000-26 के दशक में दोस्ती से जुड़ा दिल का खेल

साल 2000 में 'फिर भी दिल है हिंदुस्तानी' और 'हमारा दिल आपके पास है' आई। इसके बाद 2001 में दिल दोस्त चाहता है, 2002 में दिल है तुम्हारा, 2003 में दिल का रिश्ता और ये दिल आई। साल 2004 में दिल मांगे मोर, 2005 में दिल जो भी कहे, 2006 में दिल दिया है आई। 2007 में दिल दोस्ती **Etc**', 2008 में दिल कबड्डी'और 2009 में दिल बोले हडिप्पा आई। साल 2011 से लेकर 2026 तक में दिल टाइटल के साथ दिल तो बच्चा है जी, दिल धड़कने दो, ऐ दिल है मुश्किल, पल पल दिल के पास, दिल बेचारा, दिल दोस्ती और डॉग्स जैसी फिल्में आई।

भारत चौथे स्थान पर, 2036 की राह में सबक दे गए एशियाई खेल

एजेंसी ▶▶| नागोया

भारत की खेल महत्वाकांक्षाओं को आइची-नागोया एशियाई खेलों में एक कड़वी वास्तविकता का सामना करना पड़ा जहां पिछले हांगझोउ खेलों में रिकॉर्ड प्रदर्शन के बाद एक और बड़ी छलांग की उम्मीद थी लेकिन अभियान पदकों की संख्या में बड़ी गिरावट के साथ समाप्त हुआ। भारत ने कुल पदक तालिका में अपना चौथा स्थान बरकरार रखा लेकिन इस बार उसके खाते में 85 पदक ही रह गए जिसमें 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य पदक शामिल हैं। यह पिछले एशियाई खेलों में हासिल किए गए 106 पदकों से 21 कम और स्वर्ण पदकों के मामले में सात कम है।

■ भारत को एक कड़वी वास्तविकता का सामना करना पड़ा

रिकॉर्ड प्रदर्शन के बाद अभियान पदकों में गिरावट के साथ हुआ खत्म

मौजूदा देशों और भारत के बीच अब भी अंतर बड़ा

भारत का चौथे स्थान पर रहना अब भी उसे एशिया के प्रमुख खेल राष्ट्रों में बनाए रखता है। यह उपलब्धि महत्वपूर्ण है लेकिन शीर्ष पर मौजूद देशों और भारत के बीच अंतर अब भी बहुत बड़ा है। अगर अंतिम दो दिनों में भारत ने 11 स्वर्ण पदकों की शानदार झड़ी नहीं लगाई होती तो शीर्ष पांच में जगह बनाना भी मुश्किल होता।

शीर्ष पर चीन का दबदबा कायम रहा

वर्ष 2036 तक शीर्ष 10 और 2047 तक शीर्ष पांच खेल राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखने वाले भारत को ये आंकड़े याद दिलाते हैं कि शानदार प्रदर्शन करना एक बात है लेकिन लगातार प्रगति बनाए रखना कहीं अधिक कठिन चुनौती है। शीर्ष पर चीन का दबदबा कायम रहा। उसने 169 स्वर्ण सहित कुल 341 पदक जीते। जापान 83 स्वर्ण और कुल 269 पदकों के साथ दूसरे तथा दक्षिण कोरिया 39 स्वर्ण और 150 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।



रिले टीम ने एथलेटिक्स में दिलाया एकमात्र गोल्ड

ज्योति याराजी ने अभ्यास के दौरान घुटने में दर्द और परेशानी महसूस होने के बाद महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ की शुरुआती हीट से पहले नाम वापस ले लिया। घुटने की गंभीर चोट से वापसी कर रहे अविनाश साबले पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में चौथे स्थान पर रहे। किरण पाहल, एम पूवम्मा, प्राची चौधरी और विथ्या रामराज की महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने एथलेटिक्स का एकमात्र स्वर्ण दिलाया।

सुरूचि ने निशानेबाजी में स्वर्ण से खाता खोला

सुरूचि सिंह और कमलजीत ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीतकर भारत का निशानेबाजी में सोने के तमगे का खाता खोला। हालांकि टीम का माहौल बदलने वाली खिलाड़ी नीरू ढांडा रहीं। सताइस वर्षीय नीरू ट्रैप निशानेबाजी में व्यक्तिगत एशियाई खेल स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

नीरज चोट के कारण हुए बाहर

एथलेटिक्स में भी भारत को बड़ा झटका लगा। प्रतियोगिता शुरू होने से पहले ही भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा चोट के कारण हट गए और भारत का एक बड़ा स्वर्ण पदक दावेदार बाहर हो गया। मुश्किलें यहीं खत्म नहीं हुईं।

चोटों ने भी खिलाड़ियों की परेशानी बढ़ाई

तेजिंदरपाल सिंह तूर एशियाई खेलों में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी नहीं कर सके, जबकि लंबी कूद के मुरली श्रीशंकर और ऊंची कूद के सर्वेश कुशारे को रजत से संतोष करना पड़ा। इन खिलाड़ियों का प्रदर्शन दिखाता है कि भारत मुकाबले में तो है, लेकिन पदक के रंग को स्वर्ण में बदलने में अभी अंतर बाकी है। चोटों ने भी परेशानी बढ़ाई।

उम्मीद से कम पदक आए

भारत के पदक अभियान में कमी का सबसे बड़ा कारण उसका दो पारंपरिक मजबूत खेलों निशानेबाजी और एथलेटिक्स का अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाना रहा। दोनों खेलों से काफी उम्मीदें थीं लेकिन हांगझोउ की तुलना में भारत को इस बार कम पदक मिले। इससे निरंतरता, दबाव से निपटने और तैयारी में मौजूद कमियां उजागर हुईं।

निशानेबाजी में भारत का प्रदर्शन कमजोर रहा

निशानेबाजी में भारत का प्रदर्शन खास तौर पर गिरा। पिछली बार सात स्वर्ण, नौ रजत और छह कांस्य सहित 22 पदक जीतने वाली 30 सदस्यीय भारतीय टीम इस बार जापान से तीन स्वर्ण, आठ रजत और चार कांस्य सहित 15 पदक लेकर लौटी। अभियान की शुरुआत कई मौकों के हाथ से निकलने और दावेदारों के लड़खड़ाने से हुई।

मनु का प्रदर्शन निराशाजनक रहा

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर का अभियान निराशाजनक रहा और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में भारत पदक नहीं जीत सका। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में कमलजीत, आकाश भारद्वाज और केदारलिंग उचागांवने की टीम भी प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही।

खबर संक्षेप

चाइना ओपन में निकोला ने सबालेंका को हराया

बीजिंग। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को रविवार को चीन ओपन के तीसरे दौर में चेक गणराज्य की निकोला बारतुंकोवा के हाथों सीधे सेटों में हारकर बाहर होना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज बारतुंकोवा ने करीब डेढ़ घंटे में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका को 6-4, 6-3 से हराया। इसके साथ ही टूर्नामेंट के पहले सप्ताह में शीर्ष दो वरीय खिलाड़ी बाहर हो गईं। हाल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनी एलिना रिबाकिना शनिवार को ही चाइना ओपन से बाहर हो गई थीं। अब सबालेंका के बाहर होने के साथ ही बीजिंग में हो रहे इस डब्ल्यूटीए-1000 टूर्नामेंट की दोनों शीर्ष वरीय खिलाड़ियों का सफर जल्दी समाप्त हो गया।



शेष भारत ने जीता ईरानी कप



श्रीनगर। मुकेश कुमार (33 रन पर छह विकेट) और आकाश दीप (25 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी की दम पर शेष भारत ने रविवार को चौथे और आखिरी दिन जम्मू-कश्मीर को 167 रन से हराकर ईरानी कप का खिताब जीत लिया। जीत के लिए 279 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही जम्मू-कश्मीर की टीम को ट्रॉफी अपने नाम करने के लिए केवल ड्रॉ की जरूरत थी। पहली पारी में 41 रन की बढ़त लेने वाली जम्मू कश्मीर की टीम मुकेश और आकाश दीप की धारदार गेंदबाजी के आगे दूसरी पारी में महज 111 रन पर ढेर हो गई। सलामी बल्लेबाज शुभम खजूरिया (32) और कामरान इकबाल (32) ने पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़कर टीम को जम्मू कश्मीर को अच्छी शुरुआत दिलाई।

पुरुष हॉकी टीम के लिए नकद पुरस्कार घोषित



भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने 2026 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 11 लाख रुपये और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ सदस्य को साढ़े पांच लाख रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। भारत ने शनिवार को मलेशिया को 5-1 से हराकर एशियाई खेलों में दूसरी बार पुरुष हॉकी का स्वर्ण पदक जीता और 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। इससे एक दिन पहले भारतीय महिला टीम ने फाइनल में गत चैंपियन और ऊंची रैंकिंग वाली चीन को 1-0 से हराकर 44 साल बाद स्वर्ण पदक जीता था और ओलंपिक का टिकट भी हासिल किया था। यह पहली बार है जब एशियाई खेलों के एक ही चरण में भारतीय पुरुष और महिला दोनों हॉकी टीमों ने स्वर्ण पदक जीता है।

जापान की संस्कृति की शानदार झलक देखने मिली

चमकदार रोशनी और संगीतमय शो से हुआ आइची-नागोया एशियाई खेलों का समापन

एजेंसी ▶▶| नागोया

जापान की संस्कृति और मेहमाननवाजी की शानदार झलक के साथ संगीत और रोशनी से सजे भव्य कार्यक्रम के बीच रविवार को आइची-नागोया एशियाई खेलों का समापन हो गया। दो सप्ताह से अधिक समय तक चली कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद एशिया के 45 देशों के खिलाड़ी मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में खेलों के समापन समारोह में शामिल हुए। इन खेलों के दौरान 350 से अधिक रिकॉर्ड बने जिनमें कम से कम 50 विश्व रिकॉर्ड शामिल हैं। हालांकि खेल आयोजन से पहले लॉजिस्टिक समस्याओं और कुप्रबंधन से प्रभावित रहे। समापन समारोह करीब 90 मिनट तक चला।

■ दो सप्ताह से अधिक समय तक चली कड़ी प्रतिस्पर्धा



भारत 85 पदकों के साथ चौथे स्थान पर, चीन रहा शीर्ष पर

भारत 85 पदकों (21 स्वर्ण, 27 रजत, 37 कांस्य) के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा जो चीन के हांग्झोउ में हुए पिछले चरण से 21 कम है। चीन लगातार 12वें चरण में तालिका में शीर्ष पर रहा उसने 169 स्वर्ण, 89 रजत और 83 कांस्य सहित कुल 341 पदक जीते जो विदेश में आयोजित एशियाई खेलों में उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

मेजबान जापान दूसरे स्थान पर रहा

मेजबान जापान 269 पदकों (83 स्वर्ण, 95 रजत और 91 कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर रहा। उसके बाद दक्षिण कोरिया के 39 स्वर्ण, 43 रजत और 68 कांस्य पदक थे। एशिया ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष शेख जुआन बिन हमद अल थानी ने खेलों के समापन की घोषणा की। बाद में ओसीए ध्वज 2030 एशियाई खेलों के आयोजन समिति के एक प्रतिनिधि को सौंपा गया।

चार साल बाद 2030 में दोहा में मिलने का वादा



अल थानी ने कहा, ''पहली प्रतियोगिता से लेकर आखिरी तक, एशिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से हमें मंत्रमुग्ध किया। 350 से अधिक रिकॉर्ड टूटे हैं जिनमें 50 से अधिक विश्व रिकॉर्ड शामिल हैं। यह हमारे एशियाई खेलों के लिए एक रिकॉर्ड है।'' परंपरा के अनुसार ओसीए प्रमुख ने एशिया के युवाओं से इस भावना को आगे बढ़ाने और चार साल बाद 2030 में दोहा में होने वाले 21वें एशियाई खेलों में फिर मिलने का आह्वान किया।

निशानेबाज ढांडा के नेतृत्व में भारतीय टीम ने भाग लिया

ओसीए ध्वज को दोहा को सौंपने से संबंधित खंड में कतर के ओलंपिक और विश्व चैंपियन मुताज बाशिम शामिल थे। ट्रैप निशानेबाज नीरू ढांडा (दो स्वर्ण और एक रजत पदक विजेता) के नेतृत्व में भारतीयों ने भी उत्सवी माहौल में हिस्सा लिया। सफेद और नीले रंग की पोशाक पहने लगभग 30 भारतीय खिलाड़ियों और अधिकारियों ने एथलीट परेड में हिस्सा लिया और तिरंगा लहराया। 'वन एशिया' की समापन समारोह की अवधारणा को व्यक्त करने के लिए स्टेडियम के केंद्र में एक षट्भुजाकार मंच बनाया गया था और यह शो का मुख्य आकर्षण था। भव्य समापन के दौरान इसे लालटेन से सजाया गया था जो जापानी गर्मियों का एक विशिष्ट प्रतीक है। ओसीए अध्यक्ष शेख जुआन बिन हमद अल थानी ने कहा कि आइची-नागोया एशियाई खेलों ने एशियाड के लिए मानक ऊंचा किया है।

भारतीय मुक्केबाजों का गर्मजोशी से स्वागत

फूल-माला, मिठाइयों और आईटीबीपी बैंड से स्वागत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रात के करीब तीन बजे थे लेकिन हवाई अड्डे पर रौनक बनी हुई थी और एशियाई खेलों में पदक जीतकर लौटे भारतीय मुक्केबाजों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उत्साहित परिजनों की मौजूदगी में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के बैंड, फूल-माला, मिठाइयों से खिलाड़ियों का स्वागत हुआ।



■ एशिया में नंबर एक बनना शानदार उपलब्धि है

भारतीय मुक्केबाजी दल के नागोया में यादगार अभियान के बाद स्वदेश वापसी पर उसका सफलता के अनुरूप स्वागत किया गया। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने खिलाड़ियों की अगवानी की। स्वर्ण पदक विजेता अंकुश पंघाल ने कहा, मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मेरे परिवार के सदस्य यहां आए हैं और अब हम और जश्न मनाएंगे। परवीन हुड्डा के लिए यह जश्न खास तौर पर भावुक करने वाला था। उन्होंने पिछली बार एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था लेकिन निलंबन के बाद वह पदक

उज्बेकिस्तान, चीन को पीछे छोड़ा

बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने भी भारत के प्रदर्शन पर खुशी जताई और कहा कि एशियाई खेलों की सफलता मजबूत प्रदर्शन की श्रृंखला में एक और उपलब्धि है। उन्होंने कहा, ''मुझे बेहद गर्व है। उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान और चीन जैसे प्रमुख मुक्केबाजी देशों को पीछे छोड़कर एशिया में नंबर एक बनना शानदार उपलब्धि है।''

लक्ष्य स्पष्ट था, स्वर्ण जीतना : हरमनप्रीत

एजेंसी ▶▶| काकामिगाहारा (जापान)

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उनकी टीम को भरोसा था कि वे विश्व कप की निराशा को पीछे छोड़कर एशियाई खेलों का खिताब जीतने के साथ 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकते है। हरमनप्रीत ने शनिवार को फाइनल में दो गोल किए जिससे भारत ने मलेशिया को 5-1 से हराकर लगातार दूसरी बार पुरुष हॉकी का स्वर्ण पदक जीता। हरमनप्रीत ने कहा, ''फाइनल हर खिलाड़ी के लिए बड़ा मौका था। कुछ खिलाड़ी पहली बार एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थे जबकि कुछ चौथी, तीसरी या दूसरी बार खेल रहे थे।'' कप्तान ने कहा, ''हमें पता था कि हम यहां स्वर्ण पदक जीतने और ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने आए हैं। लक्ष्य स्पष्ट था।'' एशियाई खेलों से पहले भारतीय टीम का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। टीम ने अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में हुए विश्व कप में निराशाजनक नौवां स्थान हासिल किया था।



विश्व कप हमारे लिए अच्छा नहीं रहा

हरमनप्रीत ने कहा, ''पूरा साल हमारे लिए बहुत कठिन रहा क्योंकि हमने कई टूर्नामेंट खेले। विश्व कप हमारे लिए अच्छा नहीं रहा लेकिन हमें पता है कि हम एशिया में हमेशा दबदबा रखते हैं। हम यहां अपने खिताब का बचाव करने आए थे।''हरमनप्रीत ने 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई और 57वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर टीम की ओर से पांचवां गोल किया।

फाइनल की हार से उबरने में समय लगा : अनाहत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनाहत सिंह जानती थीं कि एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना 'बहुत यथार्थवादी' लक्ष्य नहीं था लेकिन खिताब से सिर्फ एक जीत दूर रह जाना इस भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी के लिए निराशा के साथ-साथ प्रेरणा का भी कारण बना और अब उनकी नजरें 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने पर है। अनाहत एशियाई खेलों की व्यक्तिगत स्क्वाश स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं। हालांकि उन्हें दुनिया की पांचवें नंबर की मलेशियाई खिलाड़ी सिवसांगरी



सुब्रमण्यम के खिलाफ हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अगर अनाहत फाइनल जीत जातीं तो उन्हें 2028 ओलंपिक में सीधे जगह मिल जाती लेकिन यह 18 वर्षीय खिलाड़ी अब पीएसए रैंकिंग में ऊपर चढ़कर लॉस एंजिलिस ओलंपिक में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश करेगी।

हम इस जीत के हकदार थे : महिला हॉकी कप्तान

सलीमा ने कहा, एशियाई खेलों में ध्यान जीत पर रहा



एजेंसी ▶▶| रांची

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने रविवार को कहा कि मजबूत चीन के खिलाफ खेलने के बावजूद उनकी टीम को एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने का पूरा भरोसा था। भारत ने जापान में फाइनल में गत चैंपियन चीन को 1-0 से हराकर 44 साल बाद एशियाई खेलों में महिला हॉकी का स्वर्ण पदक जीता। इस जीत के साथ भारत ने 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। टेटे ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''हम इस जीत के हकदार थे। इस बार हमें अपनी टीम और खिलाड़ियों पर पूरा भरोसा था कि हम निश्चित रूप से स्वर्ण जीतेंगे, हालांकि चीन की टीम बहुत अच्छी थी। उस एक गोल की बढ़त को बचाकर अपने देश के लिए स्वर्ण जीतना हमारे लिए गर्व का क्षण है।''

■ मजबूत चीन के खिलाफ जीत का पूरा भरोसा था

टीम में चार खिलाड़ी झारखंड की

स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम की चार खिलाड़ी झारखंड से हैं। टेटे, ब्यूटी डुंगडुंग और दीपिका सोरेंग सिमडेगा जिले से हैं जबकि निक्की प्रधान खूंटी की रहने वाली हैं। राज्य लौटने पर रांची हवाई अड्डे पर उनका भव्य स्वागत किया गया। दीपिका ने कहा कि टीम स्वर्ण जीतने के साथ ओलंपिक में जगह पक्की करने से वह बेहद खुश है।

स्वर्ण जीतने बहुत कड़ी मेहनत की

दीपिका ने कहा, ''हमने एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने के लिए बहुत कड़ी मेहनत की। इस शानदार जीत के लिए हम लंबे समय से तैयारी कर रहे थे। हमें बहुत गर्व महसूस हो रहा है। चीन जैसी टीम के खिलाफ एक गोल की बढ़त बचाना आसान नहीं था लेकिन हमने ऐसा कर दिखाया।''

खिलाड़ियों का देश में स्वागत

प्रधान ने कहा कि टीम को टोक्यो ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किए गए मजबूत रक्षात्मक प्रदर्शन से आत्मविश्वास मिला और अब उसका ध्यान अगले ओलंपिक की तैयारी पर है। राज्य लौटने पर खिलाड़ियों का हवाई अड्डे पर समर्थकों ने स्वागत किया। कोच और युवा हॉकी खिलाड़ियों ने पारंपरिक मांदर की थाप पर नृत्य कर टीम का स्वागत किया।

'ए' टीम उतारने से फाइनल में मदद मिली, हमारे पास काफी अनुभवी टीम थी

स्वर्ण पदक हमें थाली में परोसा हुआ नहीं मिला : सैमसन

एजेंसी ▶▶| नागोया

विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि भारत को एशियाई खेलों में पुरुष क्रिकेट का स्वर्ण पदक 'थाली में परोसा हुआ' नहीं मिला और अनुभवी खिलाड़ियों की 'ए' टीम को उतारने से पाकिस्तान के खिलाफ रोमांचक फाइनल में दबाव से निपटने में मदद मिली।

भारत ने शनिवार को यहां चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 19 रन से हराकर महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पुरुष क्रिकेट का स्वर्ण पदक बरकरार रखा। सैमसन ने मैच के बाद कहा, ''हमारे पास काफी अनुभवी टीम थी। यहीं अनुभवी खिलाड़ियों का अनुभव काम आता है। हमें पता था कि अपनी ऊर्जा को कैसे संभालना है, खुद को कैसे प्रेरित और एकाग्र रखना है, भले ही अभ्यास या मैच नहीं हो रहे हों।''

सभी को एक अच्छा फाइनल देखने मिला

सैमसन ने कहा, ''आखिरकार हमें एक अच्छा मैच खेलने को मिला। पहली पारी में हमने 200 रन बनाए और लगा कि दूसरी पारी पाकिस्तान के लिए मुश्किल हो सकती है लेकिन विकेट अच्छा था और उन्होंने भी अच्छी बल्लेबाजी की। सभी को एक अच्छा फाइनल देखने को मिला।'' उन्होंने कहा, ''हमें स्वर्ण पदक थाली में परोसा हुआ नहीं मिला। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। इससे यह जीत और भी संतोषजनक हो जाती है और हम सभी खुश हैं।''



टीम 'ए' को लाना काफी मददगार रहा

भारत को नियमित टी20 खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने के फैसले से इस बड़े मुकाबले में दमखम और संयम के साथ खेलने में मदद मिली। सैमसन ने कहा, ''ए' टीम को लाना वास्तव में काफी मददगार रहा और पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में भी यही देखने को मिला। मुझे लगता है कि यह सभी के लिए एक उचित मुकाबला था।''

भारत ने मजबूत स्कोर खड़ा किया था

भारत ने अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा के अर्धशतकों की मदद से छह विकेट पर 211 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में पाकिस्तान की टीम रोमांचक फाइनल में छह विकेट पर 192 रन ही बना सकी। हालांकि, फाइनल एकतरफा मुकाबला नहीं रहा। बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर पाकिस्तान के आक्रामक जवाब ने आखिरी चरण तक मुकाबले में रोमांच बनाए रखा।



गांधी प्रतिमा से शुरू होकर मालवीय चौक पहुंचेगा मार्च, विपक्षी दलों की संयुक्त बैठक में बनी रणनीति

7 अक्टूबर को निकलेगा 'वोट बचाओ–देश बचाओ' मार्च

हरिभूमि जबलपुर।

लोकतांत्रिक संस्थाओं, मताधिकार और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता के मुद्दे को लेकर INDIA गठबंधन एवं विपक्षी दलों द्वारा 7 अक्टूबर को जबलपुर में 'वोट बचाओ–देश बचाओ' मार्च निकाला जाएगा। मार्च का शुभारंभ टाउन हॉल स्थित गांधी प्रतिमा से होगा। विभिन्न मार्गों से होते हुए मार्च मालवीय चौक पहुंचेगा, जहां सभा का आयोजन किया जाएगा। मार्च की तैयारियों को लेकर रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) कार्यालय, रसल चौक में विपक्षी दलों एवं विभिन्न संगठनों की संयुक्त बैठक हुई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए सभी लोकतांत्रिक ताकतों को एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि वोट जनता की आवाज है और उसकी स्वतंत्रता, निष्पक्षता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना लोकतांत्रिक व्यवस्था की प्राथमिक जिम्मेदारी है।



चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठाए सवाल

बैठक में कांग्रेस नेताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने, उनके विरुद्ध मुकदमा चलाने एवं गिरफ्तारी की मांग को लेकर देशभर में चलाए जा रहे आंदोलन का उल्लेख किया। सौरभ नाटी शर्मा ने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की निष्पक्षता और विश्वसनीयता लोकतंत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। चुनाव प्रक्रिया को लेकर जनता के मन में किसी भी प्रकार का संदेह पैदा होना गंभीर विषय है। विपक्षी दल मताधिकार और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेंगे।

मालवीय चौक पर होगी सभा

बैठक में तय कार्यक्रम के अनुसार 7 अक्टूबर को गांधी प्रतिमा, टाउन हॉल से मार्च शुरू होगा। मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मालवीय चौक पहुंचेगा। यहां विभिन्न राजनीतिक दलों एवं संगठनों के प्रतिनिधि सभा को संबोधित करेंगे। बैठक में मार्च में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय जनता दल, माकपा, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय समानता दल, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, संयुक्त संघर्ष समिति सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान लोकतंत्र, संविधान, मताधिकार और चुनावी पारदर्शिता के मुद्दे पर संयुक्त रूप से आवाज उठाने का आह्वान किया गया। बैठक में सौरभ नाटी शर्मा, दिनेश यादव, अमरीश मिश्रा, रामरतन यादव, राजेन्द्र गुप्ता, रोहित यादव, नौखे लाल प्रजापति, गंगा प्रसाद कुशवाहा, रजनीश दुबे, अंजना कुररिया, शिवकुमार चौधरी, शाहिद अहमद सहित विभिन्न दलों एवं संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

साइबर ठगी के बाद अब खातों पर होल्ड का दर्द

जबलपुर। साइबर ठगी का शिकार होने के बाद लोगों की मुश्किलें खत्म नहीं हो रहीं, बल्कि कई मामलों में परेशानी का दूसरा दौर शुरू हो रहा है। ठगी की रकम के लेन-देन की जांच के दौरान बैंक खातों पर होल्ड लगाए जाने से खाताधारक अपनी ही जमा पूंजी का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। किसी के बच्चे की स्कूल फीस अटक गई है तो किसी के घर का किराया, बिजली का बिल और इलाज का खर्च खाते में पैसा होने के बावजूद नहीं निकल पा रहा। जबलपुर साइबर सेल में ऐसे मामलों को लेकर लगातार शिकायतें पहुंच रही हैं। इनमें कई लोग ऐसे भी हैं, जिनका दावा है कि साइबर ठगी से उनका कोई संबंध नहीं है। इसके बावजूद उनके खाते में संदिग्ध लेन-देन आने के बाद पूरा खाता होल्ड कर दिया गया। बैंक से समाधान नहीं मिलने पर अब वे साइबर सेल के चक्कर काट रहे हैं। नतीजा यह है कि ठगी करने वाला भले ही दूर बैठा हो, लेकिन उसके एक संदिग्ध ट्रांजेक्शन का खामियाजा किसी दूसरे खाताधारक को अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भुगतना पड़ रहा है।

याचिकाकर्ता पर 50 हजार रुपये जुर्माना

जबलपुर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर पीठ की न्यायमूर्ति विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की खंडपीठ ने शहडोल और सिंगरौली में रेत खनन का ठेका संचालित करने वाली सहकार ग्लोबल लिमिटेड के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी। न्यायालय ने याचिकाकर्ता पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। खंडपीठ ने पाया कि निजी व्यावसायिक विवाद को लेकर न्यायालय की प्रक्रिया का इस्तेमाल किया गया। वहीं प्रतिवादी कंपनी के अधिवक्ता के खिलाफ लगाए गए आरोप भी जांच में सही नहीं पाए गए। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता को भविष्य में दूसरे पक्ष के खिलाफ ऐसे आरोप लगाने से बचने की चेतावनी दी, जिनका उद्देश्य न्यायालय की धारणा को प्रभावित करना हो।

रेत खनन ठेका निरस्त कराने की याचिका खारिज

17 फर्जी ई-ट्रांजिट पास जारी करने का आरोप

सीधी निवासी व्यवसायी मनीष सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सहकार ग्लोबल लिमिटेड के खिलाफ जांच कराने और उसका खनन अनुबंध निरस्त करने की मांग की थी। कंपनी को शहडोल और सिंगरौली जिलों में रेत के खनन, भंडारण, परिवहन और बिक्री के लिए माइन डेवलपर-कम-ऑपरेटर नियुक्त किया गया था। याचिकाकर्ता का आरोप था कि कंपनी ने उसके ट्रक के नाम पर 17 कथित फर्जी ई-ट्रांजिट पास (ईटीपी) जारी किए। याचिकाकर्ता के अनुसार संबंधित वाहन तकनीकी खराबी के कारण करीब एक महीने से बंद था। इसी आधार पर कंपनी के खिलाफ कार्रवाई और उसका अनुबंध निरस्त करने की मांग की गई थी।

कंपनी के अधिवक्ता पर लगाए थे गंभीर आरोप

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से प्रतिवादी कंपनी के अधिवक्ता शोएब हसन खान पर आरोप लगाया गया कि वे बार-बार मामले का उल्लेख कर सुनवाई टलवा रहे हैं। आरोप था कि ऐसा सिंगरौली क्षेत्र में पड़ी रेत को हटाने का अवसर देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। मामले में हाईकोर्ट ने 18 अगस्त 2026 को जांच प्रधान रजिस्ट्रार (न्यायिक) को सौंपते हुए यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था।

जांच में आरोप सही नहीं पाए गए

प्रधान रजिस्ट्रार (न्यायिक) की 22 अगस्त 2026 की जांच रिपोर्ट में प्रतिवादी के अधिवक्ता शोएब हसन खान के खिलाफ लगाए गए आरोप सही नहीं पाए गए। इसके बाद हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ की गई प्रतिकूल टिप्पणियां वापस लेते हुए जांच की कार्यवाही समाप्त कर दी। खंडपीठ ने मामले की परिस्थितियों को देखते हुए याचिका को स्वीकार करने का आधार नहीं पाया और इसे खारिज करते हुए याचिकाकर्ता पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

कॉम्बिंग गश्त में 224 वारंट तामील, 24 अवैध शराब कारोबारी गिरफ्तार

जबलपुर। अपराधों की रोकथाम और कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर पुलिस ने शनिवार रात जिलेभर में व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। रात 9 बजे से रविवार तड़के 2 बजे तक चली कार्रवाई में पुलिस टीमों ने लंबे समय से फरार आरोपियों और वारंटियों की धरपकड़ के साथ अवैध शराब तथा हथियारों के खिलाफ भी कार्रवाई की। कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने 112 गैर-जमानती वारंट, 83 गिरफ्तारी वारंट और 29 जमानती वारंट, कुल 224 वारंट तामील किए। इनमें कई आरोपी लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बच रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 24 आरोपियों को



गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 7 बोतल, 96 पाव देशी-विदेशी शराब तथा 47 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। इसी दौरान चाकू लेकर घूम रहे 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 चाकू भी जब्त किए गए। पुलिस टीमों ने कॉम्बिंग गश्त के दौरान सक्रिय गुंडे-बदमाशों की भी जांच की। देर रात आने-जाने वाले लोगों से पूछताछ की गई तथा रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और मुसाफिरखाना सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की गई।अभियान के लिए शहर और देहात के थानों में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अलग-अलग टीमें गठित की गई थीं। प्रत्येक टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी, उप निरीक्षक या सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारियों ने किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

कल्याणपुर हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर। कुंडम थाना क्षेत्र की बघराजी चौकी अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से हत्या में इस्तेमाल की गई खून से सनी कुल्हाड़ी भी बरामद की गई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, फरियादी सुखसेन सिंह मरावी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका साला जगदीश सिंह मरावी उम्र 49 वर्ष, निवासी ग्राम कल्याणपुर, पानी की टंकी के पास स्थित अपनी मड़ईया में रहता था। 30 सितंबर 2026 की रात करीब 11 से 12 बजे के बीच आरोपी परीवा बैगा/सिंह उम्र 53 वर्ष और अग्नेयू उर्फ अघनू विश्वकर्मा उम्र 54 वर्ष कथित तौर पर पुरानी रंजिश और विवाद के चलते जगदीश की मड़ईया में घुस गए। आरोप है कि दोनों ने जगदीश सिंह पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में उसके गले और सीने पर कई गंभीर वार किए गए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही बघराजी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक मुनेश लाल कोल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने देहाती नालसी के आधार पर धारा 103(1), 3(5) बीएनएस एवं 3(2-**v**) एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों नामजद आरोपियों परीवा बैगा और अग्नेयू उर्फ अघनू विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई खून से सनी कुल्हाड़ी भी जब्त की गई है।



Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: JABALPUR: Sahil Honda - 7771003865; Sahil Honda (Madan Mahal) - 7771003899; Sai Honda (Gadasarai) - 9926360842; SKR Honda (Sihora) - 9977448009; Sonico Honda (Dindori) - 9424508485; MP Sahu Honda (Shahpura Dindori) - 9753156094; Balaji Honda (Barela) - 8602391415; J P Honda (Bargi) - 9399374447; Sai Honda (Dhanpuri) - 8319138424; Shri Honda (Gosalpur) - 9732235782; Aanmol Honda - 7566858687; **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446; Manish Honda (Sausar) - 9244569009; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **CHHATARPUR:** Namostu Honda - 9407184511; Krishna Honda - 8819966966; Namostu Honda (Badamalera) - 8839039161; KGN Automobiles (Luv Kush Nagar) - 7582807444; Sanvi Honda (Maharajpur) - 9907605858; **MANDLA:** Rajul Honda - 9644544611; **NARSINGHPUR:** Amisha Honda - 9425815655; Amisha Honda (Gadarwara) - 9425815655; Sudeep Honda (Kareli) - 8989252525; Amisha Honda (Rajmarg) - 9425815655; Amisha Honda (Kareli) - 9425815655; **SHAHDOL:** Utsav Honda - 8349283655; G L Honda (Umariya) - 9329523156; Virasini Honda (Anuppur) - 8770423634; Jay Ambe Honda (Kotma) - 9300416285; Keshav Honda (Beohari) - 9425887009; Gautam Honda (Burhar) - 9425182213; Hindustan Honda (Pali) - 9302180568; **KATNI:** Shri Sahil Honda - 9425156978; Jaishree Honda (Barhi) - 9009705200; Shri Shambhu Automobiles (Vijayraghavgarh) - 7987061672; JCM Aman Motors (Bilahri) - 7566056605; SK Motors (Bahoriband) - 7974267080; Murli Motors (Sleemnabad) - 7999077781; Quadri Honda (Umaria Pan) - 9074210324; **SATNA:** Krishna Honda - 9109078717; Eagle Honda - 7583808564; Krishna Honda (Chitrakoot) - 9907004730; Krishna Honda (Nagod) - 9179700769; Eagle Honda (Kotar) - 7583808564; Deepak Honda (Ramnagar) - 9098804444; Maa Durga Honda (Rampur Baghelan) - 9425887633; Abhishek Honda (Amarpatan) - 9993676313; **SIDHI:** Laxmipati Honda - 9826540577; Laxmipati Honda (Rampur Naikan) - 8349790577; Laxmipati Honda (Madwas) - 7049822719; Shubham Honda (Bahari) - 7415825564; **REWA:** Rewa Maa Honda - 7400980721; Baikunthpur Honda (Baikunthpur) - 9340729825; N.K. Honda (Hanumana) - 8871924845, N.K. Honda (Khatikhari) - 8305168016, N.K. Honda (Gurh Road) - 7694018005, N.K. Honda (Mauganj) - 7694018005; Rewa Maa Honda (university Road) -7400980721; Rewa Maa Honda (Lalgaon) - 8982388380; Dev Wheels Honda (Mauganj) - 9685226689; M.R. Honda (Mangawan) - 9977095984; Prince Honda (Semariya) - 993885882; Pushpendra Honda (Garh) - 9419566621; **PANNA:** Selection Honda (Panna) - 6260262091; Selection Honda (Amanganj) - 9131955892; Selection Honda (Pawai) - 6260262091; **WAIDHAN:** Agrasen Honda - 7049925591; Agrasen Honda (Mada) - 6261605785; Agrasen Honda (Dudmania) - 9425161696; **BHOPAL:** Surana Honda (Koh-E-Fiza) - 9713066121; Sai Samarth Honda - 9109103832; BGS Honda - 7440654321; Om Auto Honda - 9826331339; Power Honda - 9202244444; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504; BGS Honda (Karondh) - 8319133403; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834; Power Honda (Gulmohar) - 07554256062; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 990740405; **TIKAMGARH:** Arjav Honda - 9806223193; Dhanushdhari Honda (Khargapur) - 9826264954; Ram Ji Honda (Palera) - 9560855084; Jainam Honda (Prithvipur) - 9713029419; Shanti Traders (Jatara) - 8871205164; **MORENA:** The Roshan Honda - 7532466097; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No. : MPHIN/2008/24240